RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 331
लखनऊ, रविवार, 24 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



दानिश अली के अशोभनीय आचरण की भी जांच होः दुबे
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# जो खेलेगा वही खिलेगाः प्रधानमंत्री

## ● नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




वाराणसी में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी तथा पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी और कहा कि देश का मिजाज ऐसा बना है कि जो खेलेगा वही खिलेगा।

हर हर महादेव के नारों के साथ प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत की और कहा, आज फिर से बनारस आवे क मौका मिलल ह, जौन आनन्द बनारस में मिलल ओकर व्याख्या असंभव है। (आज फिर से बनारस आने का मौका मिला है। जो आनंद बनासर में मिला उसकी व्याख्या असंभव है।) उन्होंने कहा, आज मैं एक ऐसे दिन काशी आया हूं, जब चंद्रमा के शिवशक्ति प्वाइंट पर पहुंचने का भारत का एक महीना पूरा हो रहा है। शिवशक्ति यानि वह स्थान जहां बीते माह की 23 तारीख को हमारा चंद्रयान लैंड हुआ था। एक शिवशक्ति का स्थान चंद्रमा पर है और दूसरा शिवशक्ति का स्थान ए मेरी काशी में हैउ। मोदी ने कहा, आज शिवशक्ति के स्थान से शिवशक्ति के उस स्थान पर भारत की विजय की मैं फिर से बधाई देता हूं। उमड़ी भीड़ को बार-बार मेरे परिवारजनों के संबोधन से संबोधित करते हुए कहा, जिस स्थान पर हम सब एकत्र हुए हैं, वह एक पावन स्थल जैसा है। यह स्थान माता विंध्यधाम और काशी नगरी को जोड़ने वाले रास्ते का एक पड़ाव है। यहां से कुछ दूर पर भारतीय लोकतंत्र के प्रखर पुरुष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजनारायण जी का गांव है। भावनात्मक रूप से समाजवादी नेता को याद करते हुए मोदी ने कहा, मैं इस धरती से आदरणीय राजनारायण जी (1977 में जिन्होंने रायबरेली में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को पराजित किया था) और उनकी जन्म भूमि को सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं। मोदी ने कहा, काशी में आज एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गई है। यह न केवल वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए एक वरदान जैसा होगा। यह स्टेडियम जब बनकर तैयार हो जाएगा तो इसमें एक साथ 30 हजार से ज्यादा लोग बैठकर मैच देख पाएंगे। उन्होंने कहा, यह स्टेडियम सिर्फ क्रंकीट का भवन नहीं होगा, भविष्य के भारत का एक भव्य प्रतीक बनेगा।

मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि हर विकास कार्य के लिए मेरी काशी अपना आशीर्वाद लिए मेरे साथ खड़ी रहती है। आप लोगों के बिना कोई कार्य सिद्ध नहीं हो सकता। हम काशी के कायाकल्प के लिए इसी तरह विकास के नए अध्याय लिखते रहेंगे। उन्होंने संभावना जताई कि इतने बड़े स्टेडियम की वजह से स्पोर्ट्स कोचिंग खुलने, मैनेजमेंट के नए अवसर बनते हैं, फिजियोथेरेपी समेत खेल से जुड़ी पढ़ाई शुरू होगी और एक बहुत बड़ा खेल उद्योग भी वाराणसी में आएगा। उन्होंने कहा मैं जानता हूं जब से स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आई हैं, हर काशीवासी गदगद हो गया है। महादेव की नगरी में स्टेडियम उसकी डिजाइन स्वयं महादेव को ही समर्पित है। इसमें क्रिकेट से बढ़कर एक से एक मैच होंगे। इसमें स्थानीय युवा खिलाड़ियों को अर्न्तार्ष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में प्रशिक्षण का मौका मिलेगा। इसका बहुत बड़ा लाभ मेरी काशी को मिलेगा। प्रधानमंत्री ने क्रिकेट के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, आज क्रिकेट के जरिए दुनिया भारत से जुड़ रही है। अलग अलग देश क्रिकेट खेलने के लिए भारत आ रहे हैं। क्रिकेट मैचों की संख्या भी बढ़ने जा रही है जब क्रिकेट मैच बढ़ेंगे तो नए नए स्टेडियम की जरूरत पड़ने वाली है।

## पीएम हम सभी के प्रेरणास्रोतः योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जन योजनाएं कैसे बनाई जाती हैं और फिर उन्हें कैसे क्रियान्वित किया जाता है, ये हम सभी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जागरूक जनप्रतिनिधि बनने के लिए प्रधानमंत्री मोदी हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर हर भारतवासी गर्व की अनुभूति करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रुद्राक्ष सम्मेलन केंद्र में आयोजित अटल आवासीय विद्यालयों के उद्घाटन एवं सांसद सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन समारोह के दौरान ए बातें कही। इससे पहले प्रधानमंत्री की मौजूदगी में मुख्यमंत्री अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों से संवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी काशी आते हैं तो देश और दुनिया को कुछ बड़ा देकर आते हैं। इस बार चंद्रयान की अभूतपूर्व सफलता, जी-20 सम्मेलन के जरिए वैश्विक मंच पर भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रदर्शन, आदित्य एल-वन का सफल प्रक्षेपण और संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा, समाज के हर तबके के विकास के लिए कार्य योजना बनाना और उसे प्रभावी ढंग लागू करना है, यह आपके नेतृत्व क्षमता से हम सब सीखते हैं।

# पाक ने कश्मीर राग अलापा भारत ने दिया करारा जवाब

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र

## ● कहा- आतंकवादी संस्थाओं के संरक्षक पाकिस्तान को कुतर्क के बजाये 26/11 मुंबई आतंकी हमले के अपराधियों पर कार्रवाई करना चाहिए

**पाकिस्तान** के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने के बाद भारत ने करारा जवाब देते हुए कहा कि दुनिया में सर्वाधिक संख्या में प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाओं को पनाह और संरक्षण मुहैया कराने वाले देश को तकनीकी कुतर्क करने के बजाय 26/11 मुंबई हमले के अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए।

काकड़ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र की आम बहस के दौरान कश्मीर का मामला उठाया था। इसके बाद, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने यूएनजीए में भारत के जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा, पाकिस्तान ने दुनिया में सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाओं एवं आतंकवादियों को पनाह और संरक्षण मुहैया कराया है। हम पाकिस्तान से मांग करते हैं कि वह तकनीकी कुतर्क में शामिल होने के बजाय मुंबई में हुए उन आतंकवादी हमलों के अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करे, जिनके पीड़ित 15 साल बाद भी न्याय मिलने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में शांति स्थापित करने के लिए पाकिस्तान को तीन स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। गहलोत ने कहा कि सबसे पहले, सीमा पार आतंकवाद पर रोक लगाएं और आतंकवाद के इस बुनियादी ढांचे को तत्काल बंद करें।

दूसरी बात, अवैध और जबरन कब्जे वाले भारतीय क्षेत्रों को खाली करें और तीसरी बात, पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का लगातार हो रहा गंभीर उल्लंघन बंद करें। काकड़ ने कहा था कि पाकिस्तान, भारत सहित अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण और उपयोगी संबंध चाहता है। उन्होंने कहा था, पाकिस्तान और भारत के बीच शांति के लिए कश्मीर अहम है। गहलोत ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग हैं।

# एनआईए ने आतंकी पन्नू पर कसा शिकंजा

## ● चंडीगढ़ और अमृतसर में संपत्तियां कुर्क कीं, पन्नू ने कनाडा में मौजूद हिंदुओं से देश छोड़कर भारत जाने को कहा है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



चंडीगढ़ स्थित खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का घर, जिसे एनआईए ने जब्त कर लिया है।

**कनाडा** स्थित 'नामित व्यक्तिगत आतंकवादी' गुरपतवंत सिंह पन्नू पर अपना शिकंजा कसते हुए, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को अमृतसर और चंडीगढ़ में प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के स्वयंभू जनरल काउंसल के घर और जमीन को जब्त कर लिया। पन्नू ने कथित तौर पर कनाडा में मौजूद हिंदुओं से देश छोड़कर भारत जाने को कहा है।

पन्नू को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवादी घोषित किया था। यह पहली बार है कि एनआईए के किसी फरार आरोपी की संपत्तियों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धारा के तहत जब्त किया गया है। यह कार्रवाई, जो कनाडा सहित विभिन्न देशों से संचालित होने वाले तथाकथित खालिस्तानी 'आतंकवादी और अलगाववादी नेटवर्क' पर देश की कार्रवाई को एक बड़ा बढ़ावा देने वाली है, एनआईए विशेष अदालत, एसएएस नगर, मोहाली द्वारा पारित जब्ती आदेशों के बाद हुई। पन्नू 2019 से एनआईए के रडार पर है, जब आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने आतंकवादी के खिलाफ अपना पहला मामला दर्ज किया था, जो आतंकवादी कृत्यों और गतिविधियों को बढ़ावा देने और संचालित करने और पंजाब और अन्य जगहों पर भय और आतंक फैलाने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

3 फरवरी, 2021 को एनआईए विशेष अदालत द्वारा पन्नू के खिलाफ गिरफ्तारी के गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे और उसे पिछले साल 29 नवंबर को 'घोषित अपराधी (पीओ)' घोषित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि संपत्ति जब्त करने संबंधी नोटिस खालिस्तान समर्थक पन्नू के चंडीगढ़ स्थित आवास के बाहर और अमृतसर में एक कृषि भूमि के समीप लगाया गया है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत की गई है। चंडीगढ़ में लगाए गए नोटिस में कहा गया है, चंडीगढ़ के सेक्टर 15-सी के मकान नंबर 2033 का एक चौथाई हिस्सा, एनआईए के मामले में घोषित अपराधी गुरपतवंत सिंह पन्नू के स्वामित्व वाला है, जिसे मोहाली स्थित एनआईए की विशेष अदालत के आदेशों पर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम, 1967 की धारा 33 (5) के तहत जब्त किया जाता है। यह सूचना आम जनता के लिए है।

अमृतसर में लगाए गए नोटिस में लिखा गया है कि (अमृतसर) जिले के खानकोट गांव में गुरपतवंत सिंह पन्नू के स्वामित्व वाली कृषि भूमि जब्त की जाती है। नोटिस में उक्त जमीन का विवरण भी दिया गया है। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के बीच एनआईए ने यह कार्रवाई की है। पन्नू ने कथित तौर पर कनाडा में मौजूद हिंदुओं से देश छोड़कर भारत जाने को कहा है। पन्नू को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवादी घोषित किया था।

## मणिपुर में चार माह बाद मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल

**भाषा।** इंफाल

**मणिपुर** में मई की शुरुआत में जातीय हिंसा भड़कने के बाद निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवाएं चार महीने से अधिक समय के बाद शनिवार से बहाल कर दी गईं। एक अधिकारी ने कहा कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अपराह्न तीन बजे बहाल कर दी गईं। इससे कुछ घंटे पहले मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने पूर्वोत्तर राज्य में निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवाएं आज से बहाल किए जाने की घोषणा की थी। सिंह ने मुक्त आवाजाही व्यवस्था को रद्द करने का भी आह्वान किया, जिसके तहत भारत-म्यांमा सीमा के पास दोनों ओर रह रहे लोगों को बिना किसी दस्तावेज के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक भीतर जाने की अनुमति है। सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सरकार ने फर्जी समाचार, दुष्प्रचार और नफरत फैलाने वाली सामग्री का प्रसार रोकने के लिए तीन मई को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी थीं।

# डूसू चुनावः एबीवीपी ने जीतीं तीन सीटें, एक एनएसयूआई के खाते में

## ● तुषार डेढ़ा अध्यक्ष, एनएसयूआई के अभी दहिया उपाध्यक्ष, एबीवीपी की अपराजिता सचिव और सचिन बैसला संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में डूसू चुनाव में विजेता एबीवीपी के तुषार डेढ़ा (अध्यक्ष), अपराजिता (सचिव), सचिन बैसला (संयुक्त सचिव) तथा अन्य।

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की चार सीट में से तीन पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट कांग्रेस से संबद्ध एनएसयूआई के खाते में गई। अधिकारियों ने बताया कि एबीवीपी के तुषार डेढ़ा डूसू के अध्यक्ष चुने गए जिन्होंने नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के हितेश गुलिया को हराया। कांग्रेस की छात्र इकाई के अभी दहिया ने डूसू के उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। एबीवीपी की अपराजिता और सचिन बैसला क्रमशः सचिव और संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ था और शनिवार को मतों की गिनती कराई गई। डूसू चुनावों में हमेशा की तरह एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच सीधी टक्कर देखने को मिली है। इससे पहले डूसू चुनाव 2019 में हुए थे। कोविड-19 महामारी के कारण 2020 और 2021 में चुनाव नहीं कराए जा सके थे, जबकि शैक्षणिक कैलेंडर में संभावित व्यवधान के कारण 2022 में भी चुनाव नहीं हुआ था।

## क्विक न्यूज

### सीआईडी ने चंद्रबाबू नायडू से जेल में पूछताछ की

**राजामहेंद्रवरम।** आंध्र प्रदेश पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने कौशल विकास निगम घोटाले के संबंध में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू से शनिवार को पूछताछ की। पुलिस महानिदेशक डीआइजी (जेल) एम आर रवि किरण ने बताया कि नायडू से पहला दिन की पूछताछ पूरी हो गई है। नायडू को आज सीआईडी अधिकारियों द्वारा अदालत में पेश नही किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नायडू को रविवार को पूछताछ पूरी होने के बाद अदालत में पेश किया जा सकता है। डीआइजी ने कहा कि विशेष भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अदालत के निर्देशानुसार नायडू को पूछताछ के दौरान ब्रेक लेने और एक वकील से मिलने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने शुक्रवार को अधिक पूछताछ के लिए नायडू (73) को दो दिन की सीआईडी की हिरासत में भेज दिया था। नायडू से दो दिन (23 और 24 सितंबर) सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक पूछताछ की अनुमति दी गई है। अदालत ने पूछताछ में सीआईडी की आर्थिक अपराध शाखा के तीन पुलिस उपाधीक्षक के साथ छह कनिष्ठ पुलिस अधिकारियों, एक पेशेवर वीडियोग्राफर और दो आधिकारिक मध्यस्थों को भाग लेने की अनुमति दी है।

# टिशु कल्चर से मोती बनता देख रहे मेहमान

**अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला**

**भाषा।** नोएडा



वैज्ञानिक अजय सोनकर का फाइल चित्र


**उत्तर** प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी में आने वाले मेहमानों के लिए एक्काकल्चर वैज्ञानिक अजय कुमार सोनकर के स्टॉल पर जैविक रत्न माने जाने वाले मोती को बनाने की प्रक्रिया को देखना एक रोचक अनुभव बन रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में आगंतुकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस व्यापार प्रदर्शनी में पद्म पुरस्कार से सम्मानित विशेष हस्तियों को राज अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

उनके लिए एक विशेष पंडाल लगाया गया है। यहां सोनकर टिशू कल्चर के जरिए प्रयोगशाला के फ्लास्क में समुद्री सीप से बेहद कीमती मोती बनाने की आधुनिकतम तकनीक का जीवंत प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनी में आने वाले इस स्टॉल पर लगे आधुनिक माइक्रोस्कोप के जरिए फ्लास्क के अंदर सीप के उत्तक (टिशु) द्वारा मोती बनने का साक्षात अनुभव कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के निवासी और वर्ष 2022 में पद्म श्री से सम्मानित सोनकर ने पीटीआई-भाषा को बताया, मोती के रूप रंग और उसकी गुणवत्ता का निर्धारण सीप की प्रजातियों पर निर्भर करता है। इस वजह से मुझे उत्तर प्रदेश से समुद्री तट वाली शांत जगह अंडमान निकोबार का रुख करना पड़ा, जहां पिंक टाडा मार्गेरेटिफेरा, पिंक टाडा मैक्सिमा जैसी समुद्री सीपों की प्रजातियां उपलब्ध थीं। उन्होंने आगे बताया, कोरोना महामारी के दौरान मुझे इलाहाबाद लौटना पड़ा और मैं टिशु कल्चर तकनीक के जरिए इसी समुद्री सीप के अंग-विशेष का उपयोग कर फ्लास्क के अंदर मोती विकसित करने पर काम करने लगा। यह प्रयोग सफल रहा।

# चार महिला सिपाही बनना चाहती हैं पुरुष

## ● डीजीपी मुख्यालय से मांगी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



प्रतीकात्क चित्र

**उत्तर** प्रदेश पुलिस की चार महिला सिपाही अपना जेंडर चेंज करवाकर पुरुष बनना चाहती हैं। इसके लिए इन सभी ने डीजीपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर लिंग परिवर्तन की अनुमति मांगी है। इस घटनाक्रम से पुलिस अधिकारी भी अचरज में हैं। ये सभी महिला सिपाही जिन जिलों में तैनात हैं वहां के पुलिस अधीक्षकों को डीजीपी कार्यालय ने पत्र भेजकर इनकी काउंसलिंग कराने को कहा है।

गोरखपुर, गोंडा, सीतापुर और अयोध्या में तैनात महिला सिपाहियों ने पुरुष बनने की इच्छा जताई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गोरखपुर जिले की एलआईयू में तैनात एक महिला सिपाही ने बताया कि डीजीपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया है। मुझे बुलाकर पूछा भी गया है कि मेरा जेंडर डिस्फोरिया है। इसका सर्टिफिकेट भी आवेदन में लगाया है। महिला सिपाही ने बताया कि अभी लखनऊ मुख्यालय से कोई फैसला नहीं आया है। महिला सिपाही ने बताया कि अगर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलता है, वह जेंडर चेंज कराने के लिए हाईकोर्ट जाएंगी। अयोध्या की रहने वाली एक महिला सिपाही ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि उनका यूपी पुलिस में 2019 में सेलेक्शन हुआ था। उनकी पहली तैनाती गोरखपुर थी। लिंग में परिवर्तन के लिए वह फरवरी से दौड़ रही हैं। महिला सिपाही ने बताया के गोरखपुर में वह एसएसपीए एडीजी फिर डीजीपी मुख्यालय तक जा चुकी हैं। पुरुष बनने के सवाल पर महिला सिपाही ने बताया कि पढ़ाई के दौरान ही उनका हार्मोंस चेंज होने लगा था। इसके बाद से ही उनका जेंडर बदलवाने की इच्छा होने लगी। उसने बताया कि सबसे पहले उन्होंने दिल्ली में एक बड़े डॉक्टर से कई चरणों में काउंसिलिंग करवाई थी। डॉक्टर ने जांच पड़ताल के बाद उनका जेंडर डिस्फोरिया बताया है। डॉक्टर की रिपोर्ट के आधार पर ही उन्होंने लिंग बदलवाने के की अनुमति मांगी है। अयोध्या की रहने वाली महिला सिपाही ने बताया कि उनका स्टाइल पुरुष जैसा है। वह बाल और पहनावे को भी पुरुषों की तरह ही रखती हैं। बाइक से चलती हैं। पैंट-शर्ट पहनकर ऑफिस जाती हैं। वह बताती हैं कि जब स्कूल जाती थीं तो उन्हें लड़कियों की तरह काम करना अटपटा लगता था। स्कूल में उनकी चाल-ढाल की वजह से कई लोग उन्हें लड़का कह थे जो उन्हें खूब अच्छा लगता था। अयोध्या की महिला सिपाही की तरह सीतापुर, गोंडा और गोरखपुर की महिला सिपाही भी अपना जेंडर बदलवाना चाहती हैं। तीनों महिला सिपाहियों ने बताया कि वह भी लिंग परिवर्तन करवाने के लिए हाईकोर्ट का रुख करेंगी। दरअसल अयोध्या की महिला सिपाही ने हाईकोर्ट में लिंग परिवर्तन के लिए अर्जी दी थी, जिस पर हाईकोर्ट ने महिला सिपाही के पक्ष में ही फैसला सुनाया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि लिंग परिवर्तन कराना संवैधानिक अधिकार है। अगर आधुनिक समाज में किसी व्यक्ति को अपनी पहचान बदलने के लिए अधिकार से वंचित करते हैं या स्वीकार नहीं करते हैं तो हम सिर्फ लिंग पहचान विकार सिंड्रोम को प्रोत्साहित करेंगे। हाईकोर्ट ने यूपी के डीजीपी को महिला कांस्टेबल के आवेदन को निस्तारित करने का निर्देश भी दिया है।


## मठाधीशों की उड़ी नींद

खाकी वाले महकमे में शासन के एक निर्णय से हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल महकमे में काफी संख्या में ऐसे मठाधीश हैं जो सत्ता के गलियारे में मजबूत पैठ रखते हैं। अपने इन्हीं संबंधों का लाभ उठाते हुए लंबे समय से एक ही जिले में अहम पदों पर तैनात रहकर मलाई काट रहे हैं। इनमें अधिकतम संख्या तीन स्टार वालों की है। मगर पिछले दिनों शासन ने एक फरमान जारी करते लंबे समय से टिके हुए पुलिसजनों का तबादला करने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी गठित कर दी है। कमेटी पुलिस इंस्पेक्टर से लेकर सीओ और एडीशनल तक इस बात की स्क्रनींग करेगी कौन कितने समय से कहां तैनात है। इसके बाद अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। जिसके आधार पर पुलिसजनों का तबादला किया जाएगा। इस निर्णय के बाद से मठाधीशों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। खबर है कि पुलिसजनों ने खुद के तबादले की कार्रवाई से बचाने के लिए आकाओं की चौखट के चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं। मगर कहा जा रहा है कि इस बार उनकी दाल गलने वाली नहीं है क्योंकि स्क्रीनिंग कमेटी के गठन का निर्देश भगवा सरकार के मुखिया की ओर से दिया गया है।



## फिर जगी उम्मीद

ठाकुर साहब की मंत्री बनने की आस फिर से जाग गई है। इसी लिए इधर कुछ दिनों से वह बड़े महाराज के आस पास ज्यादा देखे जा रहे हैं। उनकी प्रबल इच्छा है कि काश एक बार फिर से वे मंत्री बन जाते, तो बाकि ख्वाइश भी पूरी हो जाती। ठाकुर साहब ने हाईकमान स्तर पर अपनी पैरवी मजबूत कर ली है। बस बड़े महाराज का आशीर्वाद मिल जाए तो उनका मंत्री बनना तय है। पिछली भगवा सरकार में मंत्री पद तो था ही, जल की शक्ति जैसा विभाग था, पूरा जलवा था। आरोप प्रत्यारोप के चालते दोबारा बनी भगवा सरकार में मंत्री नही बन सके। बीते डेढ़ वर्षों से सारा जलवा खत्म है, जो कभी सलाम ठोका करते थे, आज वे सभी दूरी बनाए हुए हैं लेकिन इधर कुछ दिनों से ठाकुर साहब उम्मीदों से लबरेज हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि इस बार जरूर बड़े महाराज की टीम में फिर से स्थान मिलेगा और वह मंत्री जरूर बनेंगे।




## नहीं गली दाल

प्रशासन के सहयोग से नेता बने एक शिक्षक एडमिनिस्ट्रेशन में तो हैं लेकिन उनकी मुराद को पूरी करने से संस्थान के मुखिया ने मना कर दिया है। इन दिनों एडमिशन का काम देख रहे नेताजी ने अभी पीएचडी नहीं की है लेकिन रूल्स और रेगुलेशन के हिसाब से गुरुजी जरूर बन गए हैं। दरअसल, मामला नेताजी की पीएचडी को लेकर है। नेताजी चाहते थे कि एडमिशन की आड़ में कोर्स वर्क से निजात पा लें। इसके लिए उन्होंने मुखिया के समक्ष अपना आवेदन भी कर दिया। पर, बताया जा रहा है कि मुखिया जी ने यह कह कर आवेदन कूड़े के ढेर में डाल दिया क्योंकि नए रेगुलेशन के हिसाब से यह मुमकिन नहीं था। अगर पुराना रेगुलेशन होता तब तो नेताजी की चांदी थी, पर अब नए रेगुलेशन में ऐसा कुछ है नहीं। ऐसे में नेताजी के आवेदन को खारिज कर मुखिया जी ने जता दिया है कि यह सनद रहे कि नेता उनकी मर्जी से बने हैं।



## बदला छोटे साहब का नजरिया

दूध का जला, छाछ भी फूंक-फूक कर पीता है, वाली कहावत नगर निगम के छोटे साहब पर सटीक बैठती है। सरकारी ठेके में अभी तक गोलमाल नगर निगम में होता था, जिस पर कोई खास हैरान नहीं होती थी छोटे साहब को। लेकिन नगर निगम के नटवरलाल बाबुओं ने अपने ही कर्मचारियों के फंड में ही सेंध लगा डाला। पीएफ घोटाले की खबर सुनते ही कर्मियों के साथ छोटे साहब भी हैरान रहे गए, साहब की रातों नींद उड़ गयी है। साहब अपने कुछ विश्वास पात्रों से कहते पाए गए कि यहां यह भी होता हैं, अब तो यहां फूंक फूंक के कदम रखना पड़ेगा। बेचारे साहब! को पहले नयी तैनाती के दौरान विभाग बहुत सही लग रहा था। दूसरे जिले से आने के बाद कुद दिन में ही साहब का मन लक्ष्मणनगरी में लगने लगा था, लेकिन कर्मियों की कारगुजारी ने छोटे साहब को जोर का झटका धीरे से लगा। अब साहब को फाइलों को देखने का नजरिया बदल गया। कुछ कर्मचारी नेताओं ने चुटकी लेते हुए कहा कि अब छोटे साहब फाइलों को करने से पहले कर्मचारी और उसकी फाइल को कई काफी देर तक जांचने-परखने के बाद भी निर्णय लेते हैं। बेचारे साहब, विभाग के काम का प्रेशर तो ठीक था लेकिन कालर पर दाग लगने का प्रेशर नहीं झेल पाने की स्थित में हैं।

# निवेश संबंधी रिपोर्ट कार्ड में गड़बड़ी मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

## ग्राउंड ब्रेकिग सेरेमनी की तैयारियां तेज, सीएम ने सभी जिलाधिकारियों से तलब की रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद अब ग्रांउड ब्रेकिंग सेरेमनी (जेबीसी) की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से एक माह के अंदर निवेश संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारी और मंडलायुक्त को निवेश संबंधी समीक्षा बैठक कर हर स्तर पर जवाबदेही तय करने के निर्देश भी दिए हैं ताकि जेबीसी के जरिए ज्यादा से ज्यादा निवेश प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा जा सके।

मालूम हो कि जीआईएस-23 में प्रदेश को 36 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इस दौरान प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेशकों ने इन्वेस्टमेंट के लिए रुचि दिखाई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निवेशकों को



निवेश के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए लैंड बैंक पर फोकस करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जीआईएस-23 की तरह जेबीसी को भव्य रूप देने के लिए सभी पारदर्शिता से काम करें और पैंडेंसी को जल्द से जल्द खत्म करें। सीएम ने कहा कि वर्तमान में निवेश के लिए प्रदेश में सबसे बढ़िया माहौल है। प्रदेश के छोटे से छोटे जिलों मीरजापुर, कासगंज, महराजगंज, संत रविदास नगर, बलरामपुर, हाथरस, अयोध्या, गोंडा, बाराबंकी और सुल्तानपुर को भी बड़े निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री ने तहसील स्तर पर छोटे-बड़े सभी निवेशकों से संवाद बनाते हुए उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा है क्योंकि यह रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वह सभी निवेशकों से वन टू वन बैठक करने और उनकी समस्या के साथ निवेश बैरियर को हटाने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को एक माह के अंदर निवेश संबंधी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने कहा कि वह खुद रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे। इस दौरान लापरवाही मिलने पर सख्त एक्शन लेने की बात भी सीएम ने कही है।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर कृषिक भूमि में परिवर्तन) की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें बताया गया कि जीआईएस-23 के बाद प्रदेश में कृषिक भूमि को गैर कृषिक भूमि में परिवर्तित करने के आवेदनों में तेजी आयी है। अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों से 42706 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 36327 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 85 प्रतिशत है। वहीं अभी तक कुल 6388 आवेदन लंबित हैं। इनमें से लंबित 1224 आवेदन तय समय सीमा 45 दिन के अंदर के हैं जबकि लंबित 5121 आवेदन तय समय सीमा के बाद के हैं। मालूम हो कि कृषि भूमि का गैर कृषिक भूमि में परिवर्तन के लिए 45 दिन की समय सीमा निर्धारित की गयी है और इसका निस्तारण उपजिलाधिकारी स्तर पर किया जाता है। इसी तरह निवेशकों ने निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से 1017 आवेदन पत्र दिए। इनमें से 904 आवेदनों को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 89 प्रतिशत है। वहीं 113 आवेदन लंबित हैं। इनमें से लंबित 104 आवेदन तय समय सीमा के अंदर के हैं जबकि 9 लंबित आवेदन तय समय सीमा के बाद के हैं। इनमें कुशीनगर में 2, बहराइच, बाराबंकी, बुलंदशहर, लखनऊ, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और सीतापुर में एक-एक आवेदन लंबित हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार से जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

### यूपी ने रचा इतिहास

# एक दिन में बने 2 लाख 67 हजार से भी अधिक आयुष्मान कार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश ने एक दिन में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने का रिकॉर्ड स्थापित किया है। आयुष्मान भव के अंतर्गत 17 सितंबर 2023 से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 22 सितंबर को पूरे उत्तर प्रदेश में 2 लाख 75 हजार से भी अधिक कार्ड बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। 22 सितंबर को बनाए गए कार्डों की संख्या आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अब तक उत्तर प्रदेश में एक दिन में बनाए गए कार्डों की सर्वाधिक संख्या है। आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से अब तक उत्तर प्रदेश में 6 लाख 70 हजार से अधिक कार्ड बनाए गए हैं जो की पूरे देश में सर्वाधिक है। 22 सितंबर को बनाए गए कुल में से 28 हजार से भी अधिक कार्ड बनाकर सहारनपुर प्रथम स्थान पर रहा। जनपद मेरठ में लगभग 26 हजार कार्ड बनाए गए और वह दूसरे स्थान पर रहा। 23 सितंबर को भी कार्ड बनाने के मामले में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा दोपहर 2 बजे तक प्रदेश में 1 लाख 12 हजार से भी अधिक कार्ड बनाए जा चुके थे। इस योजना के अंतर्गत अब तक पूरे प्रदेश में अब तक पूरे प्रदेश में 3 करोड़ 9 लाख से भी अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं। केंद्र व राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अब तक 25 लाख से भी अधिक मरीजों का उपचार हुआ है। गौरतलब है कि है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान ऐप के माध्यम से कोई भी पात्र व्यक्ति स्वयं अपना कार्ड बना सकता है। इसके लिए उसे गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप डाउनलोड करना होगा और मोबाइल पर इसे इंस्टॉल करने के बाद बड़ी आसानी से अपना आयुष्मान कार्ड बना सकता है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सरकार द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं राज्य सरकार के फील्ड स्तरीय कार्मिकों के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनाने की अपील की गई है। कई जनपदों में इसके सुखद परिणाम भी आए हैं जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने में बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थी आवश्यकता अनुसार ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सहायक, आशा वर्कर अथवा नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल में तैनात आरोग्य मित्र के माध्यम से भी अपना कार्ड निशुल्क बनवा सकते हैं।

योजना के अंतर्गत पात्र परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। प्रदेश में योजना के लाभार्थियों के उपचार के लिए 3500 से भी अधिक निजी एवं सरकारी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। इन अस्पतालों में सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी उपचार संभव है।

# घोसी उपचुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने वालों को सपा मुखिया ने किया सम्मानित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाओं तथा पदाधिकारियों का सार्वजनिक अभिनंदन कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

अखिलेश यादव ने सुधाकर सिंह नवनिर्वाचित विधायक, रंजना अहिरवार जिला पंचायत सदस्य, दूधनाथ यादव जिलाध्यक्ष, आशा यादव, सुमित्रा यादव, अनीता यादव, मीरा यादव गुलाबी गैंग, कालिंदी राजभर, अमरेन्द्र बहादुर यादव नवरत्न, बबिता चौहान, सितारा यादव जिलाध्यक्ष महिला सभा, लालचंद्र विधानसभा अध्यक्ष तथा महातम यादव किसान को सम्मानित किया। अखिलेश यादव ने आज बसपा छोड़कर आए शिवचंद राम तथा सुभासपा छोड़कर आई सीमा राजभर को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके आने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर अखिलेश यादव ने अवधेश प्रसाद पूर्वमंत्री एवं मनोज पासवान द्वारा सम्पादित सामाजिक न्याय संवाद पुस्तक का विमोचन किया। इसका प्रकाशन वीरांगना ऊदा देवी पासी गौरव मंच द्वारा किया गया है।

# लोकतंत्र को बचाना किसी क्रांति से कम नहीं: अखिलेश

- सपा मुखिया ने कहा, यूपी को सुनिश्चित करनी है केंद्र से भाजपा सरकार की विदाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2024 के लोकसभा चुनावों में संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई ऐतिहासिक होगी। लोकतंत्र को बचाना क्रांति से कम नहीं है। यह अवसर भविष्य की बड़ी जिम्मेदारी का भी है। केन्द्र से भाजपा सरकार की विदाई यूपी को सुनिश्चित करना है। इसलिए पूरी दमदारी से एकजुट होकर समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में मतदान का 60 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल करेगी। अखिलेश यादव ने यह बात शनिवार को सपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर अखिलेश ने कहा कि घोसी उपचुनाव में कार्यकर्ताओं, नेताओं ने बड़ी जिम्मेदारी और पूरी ईमानदारी से भाजपा से ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर चुनाव जीता है। आगामी लोकसभा चुनाव पीडीए. पिछड़ा, दलित, मुस्लिम अल्पसंख्यक सभी मिलकर जीत दिलाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि अम्बेडकरवादी और समाजवादी मिलकर बाबा साहब और डॉ. राममनोहर लोहिया और मुलायम सिंह यादव के सपनों को पूरा करेंगे।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में अन्याय की पराकाष्ठा है। भाजपा सत्ता का दुरूपयोग कर रही है। वह भ्रष्टाचार में सराबोर है। अस्पताल में इलाज नहीं है। डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। भाजपा ने एक भी जिला अस्पताल नहीं बनाया। भाजपा ने खुद तो कुछ किया नहीं समाजवादी सरकार के समय हुए विकास कार्यो को अपना बताने का काम कर रही है। भाजपा समाजवादी सरकार में बनी सभी जनहित की योजनाओं का बर्बाद कर रही है। किसानों के साथ न्याय नहीं हो रहा है। उनको फसल का लागत मूल्य नहीं मिल रहा है। छात्र.नौजवानों के सपनों को भाजपा सरकार ने तोड़ा है। सभागार में शिवपाल सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव, रामअचल राजभर विधायक, राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, हाजी इरफान सोलंकी, राजेन्द्र कुमार विधायक, दयाराम पाल, राजीव राय, उदयवीर सिंह एवं डॉ. राजपाल कश्यप, रामजतन राजभर, अल्ताफ अंसारी आदि प्रमुख नेता उपस्थित रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने घोसी में प्रशासन ने बहुत दबाव बनाया था। नेताओं को रेड कार्ड दिए, मुस्लिम को मतदान से रोकने को तमाम तरह से दबाव बनाया, उसके बाद भी घोसी की जनता ने समाजवादी पार्टी को ऐतिहासिक मतों से जिताया। उन्होंने कहा कि घोसी विधानसभा उपचुनाव की जीत की घोषणा का संदेश बहुत बड़ा है। घोसी की जीत ने नया रास्ता दिखाया है। कार्यकर्ता और नेता अपना चुनाव समझकर आंदोलनकारी बनाकर सरकार के खिलाफएक हो जाए तो जीत भी मिलेगी और संदेश भी बड़ा जाएगा।

इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अखिलेश यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि समाजवादी पार्टी गठबंधन में सीट मांग नहीं रही है, सीट दे रही है। गठबंधन के सभी सहयोगी दलों से मिलकर सीटों पर बात हो जाएगी। हमने पहले भी गठबंधन किए थे और समाजवादी पार्टी ने त्याग किया थाए इस बार लड़ाई बड़ी है। समाजवादी पार्टी सबको साथ लेकर चलेगी।

# सहकारिता क्षेत्र में चल रहे भ्रष्टाचार को उजागर करेगी कांग्रेस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय पर सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक में प्रदेश भर में सहकारिता के क्षेत्र में चल रहे भ्रष्टाचार को उजागर कर उसे जनता के समक्ष लाने तथा उप्र में कांग्रेस पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक एवं अनुशासन समिति के सदस्य श्याम किशोर शुक्ला मौजूद रहे। बैठक में विमलेश तिवारी, पूर्व अध्यक्ष पोस्टल कोआपरेटिव बैंक ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में सहाकारिता प्रकोष्ठ के तीन वर्षो के कार्यकलापों की समीक्षा हुई। साथ ही सहकारिता आन्दोलन को मजबूत करके कांग्रेस की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के सम्बन्ध में चर्चा की। जिसमें मुख्य रुप से बृजभूषण सिंह, हरिशंकर वर्मा, शमशाद आलम, सुनील कुमार सिंह, विनय कुमार मिश्र, प्रमोद श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सिंह व विनोद कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

पायनियर वर्गीकृत

शैक्षिक सूचना

**UNITY DEGREE COLLEGE**
Justice Murtaza Husain Road, Sector-B, IIM Bypass Road, Basantkunj, Lucknow- 226101

डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण -2023 अल्पसंख्यक संस्थान यूनिटी डिग्री कालेज, लखनऊ में संस्थान की वेबसाइट http://unitypgcollege.com/admission/ पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा घोषित अन्तिम तिथि 31 अगस्त, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेखीय जाँच / प्रवेश हेतु निर्गत समय-सारिणी निम्नवत् है:-

| संस्थान में शैक्षिक अभिलेखीय जाँच/प्रवेश प्रकिया पूर्ण करने की तिथि |
|---|
| 7 अक्टूबर, 2023 से 10 अक्टूबर, 2023 |
| 13 अक्टूबर, 2023 से 15 अक्टूबर, 2023 |

नोटः- प्रवेश हेतु संस्थान की वेबसाइट http://unitypgcollege.com/admission/ पर जाकर शैक्षिक अभिलेखीय की चेकलिस्ट देखें एवं उक्त तिथि में आकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करें।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

# इनोवेशन, स्टार्टअप, एंटरप्रेन्योरशिप व टाइम मैनेजमेंट के नाम रहा तीसरा दिन

- विभिन्न सेशंस में अलग अलग सेक्टर्स के एक्सपर्ट्स ने दिए निवेशकों को सफलता के मंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW

**उत्तर** प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक मंच दिलाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन विभिन्न सेशंस का आयोजन हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने में इनोवेशन का महत्व, स्टार्टअप की संभावनाओं, युवाओं को एंटरप्रेन्योरशिप के मंत्र और इंडस्ट्री में टाइम मैनेजमेंट की जरूरत पर बल दिया गया। विभिन्न सेक्टर्स से आए एक्सपर्ट्स ने जहां एक ओर निवेशकों को सफलता के मंत्र दिए तो वहीं योगी सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों की भी जानकारी दी गई। वहीं, मुंबई डब्बावाला के एमडी ने व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट को सबसे आवश्यक बताया।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से न सिर्फ लोकल एग्जिबिटर्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही है, बल्कि ग्लोबल बायर्स को भी उत्तर प्रदेश से जुड़ने का अवसर दे रही है। इंटरनेशनल ट्रेड शो में तीसरे दिन पहला सेशन इनोवेशंस पर आधारित था। सुबह 11.30 से 12.30 तक आयोजित इस सेशन में उत्तर प्रदेश में बिल्डिंग इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम का माहौल कैसे तैयार किया जाए, इस पर चर्चा की गई। सेशन में अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट्स उपस्थित रहे, जिनमें इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, इनोवेशन हब के प्रबंधक रितेश सक्सेना व वंदना शर्मा ने उत्तर प्रदेश में किस तरह से इनोवेशन के साथ उद्योगों के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा की। इसमें मुख्य विषयों में इनोवेशन हब के बारे में, उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप पॉलिसी-2020 और फंडिंग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। बिल्डिंग इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम पर एकेटीयू के इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़े इंडस्ट्री हब के रूप में नए आयाम गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस अनोखे ट्रेड फेयर में जिस तरह निवेशक रुचि ले रहे हैं इसके पीछे यही मुख्य कारण है कि प्रदेश में इंडस्ट्री में इनोवेशन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेश को बढ़ाने के लिए इनोवेशन पर काम करना जरूरी है, जिसके लिए प्रदेश में पूरा माहौल बन रहा है। दूसरा सेशन 12. 30 से 1.30 बजे तक रहा, जिसमें एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप पर चर्चा हुई। इसमें पहला विषय यूथ-एंटरप्रेन्योरशिप और इंडस्ट्री कनेक्ट- नीड ऑफद आवर रहा। दूसरा विषय एकेडमिया कोलैबोरेशन- स्ट्रेथिंग इनवेशन इकोसिस्टम और तीसरा विषय एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप- अमृतकाल का महत्व रहा। इस सेशन में गौतमबुद्ध नगर स्थित शारदा, शिव नादर और एमिटी यूनिवर्सिटी के एक्सपर्ट्स ने परिचर्चा में भाग लिया। इस दौरान प्रदेश में उच्च शिक्षा के महत्व और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप विषय पर बोलते हुए शारदा यूनिवर्सिटी के डॉ. अमित सहगल ने कहा कि आज के दौर में एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि एकेडमिया और इंडस्ट्री का नेचर अलग-अलग है, अगर एकेडमिया इंडस्ट्री पार्नरशिप की प्रवृति बढ़ेगी तो कॉलेज, यूनिवर्सिटी से निकलने के बाद छात्रों को इंडस्ट्री के नेचर को समझने में दिक्कत नहीं होती है।

तीसरा सेशन 2.30 से 4 बजे तक चला, जिसमें लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट को लेकर मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुंबई डब्बावाला के एमडी डॉ. पवन अग्रवाल ने अपने सफर के बारे में विस्तार से बताते हुए व्यवसाय में लॉजिस्टिक, सप्लाई चेन एंड टाइम मैनेजमेंट कैसे किया जाता है, इस संबंध में जानकारी दी।

**कार्यालय नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ**

पत्रांक- 427/न0पं0म0/नि0सू0/2023-24 **निविदा सूचना** दिनांक 23 सितम्बर 2023

नगर पंचायत महोना लखनऊ में राज्यवित्त आयोग की धनराशि से पाइप लाइन विस्तार कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के फर्म/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इस हेतु निविदा प्रपत्र लिपिक द्वारा कार्यालय नगर पंचायत महोना में दिनांक 25.09.2023 से 05.10.2023 तक 100/- के जनरल स्टाम्प पेपर के साथ आवेदन करने पर विक्रय किया जायेगा।

निविदायें दिनांक 05.10.2023 को अपराह्न 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत महोना में रखे निविदा बाक्स हैं डाली जायेगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपराह्न 12:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा के साथ दो प्रतिशत जमानत धरोहर धनराशि नगद, नेफ्ट/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर निधि नगर पंचायत महोना के खाता संख्या 251201000006000 IFSC IOBA 0002512 बैंक का नाम- इण्डियन ओवरसीज बैंक शाखा महोना लखनऊ में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का आगणन नियम व शर्ते कार्यालय नगर पंचायत महोना लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। धनराशि की उपलब्धता पर ही भुगतान किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | मूल्य निविदा प्रपत्र 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत महोना के वार्ड नं0-05 में दीवाने के घर से शैलेश के घर तक पाइप लाइन विस्तार का कार्य। | 1,90,047.00 | 3801.00 | 200+36=236.00 | 15 दिवस |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत महोना, लखनऊ
अध्यक्ष, नगर पंचायत महोना, लखनऊ

# बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं करें अपनी रुचि का चयनः आनंदीबेन



- राज्यपाल की अध्यक्षता में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का 10 वां दीक्षांत समारोह संपन्न
- 1622 छात्र-छात्राओं को उपाधि से अलंकृत किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** व कुलाध्यक्ष आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का 10 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह का शुभारम्भ जल भरो कार्यक्रम द्वारा कलश में जलधारा अर्पण करके जल संरक्षण के संदेश के साथ किया। इस अवसर राज्यपाल ने सभी उपाधि एवं पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों में अपार क्षमताएं और कौशल होता है। ये बच्चे प्रतिभाशाली होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी रूचि के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। बच्चे शिक्षा क्षेत्र में अपनी रूचि का चयन स्वयं से करें। अभिभावकों को अपने बच्चों की रूचि व कौशल क्षमता का आकलन कर उचित मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए।

राज्यपाल ने शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यह सामान्य विश्वविद्यालयों से अलग है। दिव्यांग विद्यार्थियों में कौशल क्षमता विकसित करना, उनके जीवन में उजाला लाना और उन्हें एक अच्छा भविष्य देना सराहनीय कार्य है। इसी क्रम में राज्यपाल जी ने गुजरात के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए किए गए कार्यों की भी चर्चा की। उन्होंने दिव्यांगजनों की भलाई हेतु कार्यरत पद्मश्री श्री कनुभाई हसमुख भाई टेलर के द्वारा सूरत में डिसेबल वेलफयेर ट्रस्ट ऑफइण्डिया व दिव्यांगजनों हेतु विद्यालय की स्थापना को एक सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि समाज में कई ऐसे लोग होते है जो विविध प्रकार के सामाजिक कार्यों से जुड़े होते हैं। दिव्यांगजनों के विकास के लिए कार्य किया जाना प्रशंसनीय है। पदक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए राज्यपाल ने उन विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन भी किया जो पदक प्राप्त कर सके हैं। उन्होंने कुछ अंकों से पदक प्राप्त करने में चूक गए विद्यार्थियों से कहा कि सभी को पदक प्राप्त नहीं होता है लेकिन इससे निराश न हों। भविष्य में लगनए परिश्रम और लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने उपाधि प्राप्त सभी विद्यार्थियों को प्रगतिशील रहकर सफ्लता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि डिसेबल वेलफेयर ट्रस्ट ऑफइण्डिया के संस्थापक पद्मश्री डॉ. कनुभाई हसमुख भाई टेलर ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए शिक्षण और तालीम की व्यवस्था होना बहुत जरूरी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की भूमि को एक पवित्र भूमि बताते हुए कहा कि यहां दिव्यांगों की शिक्षा के लिए डॉण् शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय होना एक बहुत बड़ी व्यवस्था है, जो कि विश्व की अन्यतम व्यवस्था है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने कुलाध्यक्ष के समक्ष विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। मंत्री ;पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेन्द्र कश्यप ने पदक, उपाधि प्राप्ति पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय एशिया महाद्वीप में अपना प्रमुख स्थान बनाने में सक्षम हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में लखनऊ एवं चित्रकूट में दिव्यांगजन हेतु विश्वविद्यालय का होना गर्व की बात है। इस दिशा में राज्यपाल के मार्गदर्शन की भी उन्होंने सराहना की। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कुल 1622 छात्र-छात्राओं को उपाधि वितरण की। उपाधि प्राप्तकर्ताओं में 832 छात्राएं एवं 790 छात्र शामिल रहे। 50 शोधार्थियों को भी समारोह में पीएचडी की उपाधि से विभूषित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को 52 स्वर्ण पदकए 45 रजत तथा 45 कांस्य पदक प्रदान किए गए। समारोह में कुल 112 मेधावी विद्यार्थियों को 142 पदक प्रदान किए गएए जिसमें छात्रों ने 53 तथा छात्राओं ने 89 पदक हासिल किए। 8 दिव्यांग विद्यार्थियों ने 11 पदक हासिल किए। समारोह में राज्यपाल द्वारा राजकीय स्पर्श विद्यालय की 30 दृष्टिबाधित बालिकाओं को वस्त्रए फ्ल एवं मिष्ठान तथा 5 आंगनबाड़ी केन्द्रों को आंगनबाड़ी किट का वितरण किया गया। वितरित की गई प्रत्येक किट में बच्चों की पठन-पाठन सामग्री, खिलौने, बच्चों को केन्द्र पर बैठने एवं अन्य उपयोग हेतु सामग्री के साथ-साथ प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर दिव्यांग बच्चों के उपयोग के लिए ट्राई साइकिल भी प्रदान की गई। इस अवसर पर योग एवं पारंपरिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु एक बालक एवं एक बालिका को राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

# ऊर्जा मंत्री ने धन उगाही के आरोप में अवर अभियंता को किया निलंबित

- उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले व भ्रष्ट कर्मी बख्शे नहीं जाएंगेः एके शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर उपकेंद्र अमेठी, कृष्णानगर के अवर अभियंता अनुपम त्रिपाठी को उपभोक्ता से धन उगाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ऊर्जा मंत्री ने पीड़ित उपभोक्ता द्वारा विद्युत कनेक्शन देने के लिए अवर अभियंता द्वारा धन मांगने के दिए गए शिकायती पत्र और इस सम्बंध में वायरल ऑडियो का त्वरित संज्ञान लिया। उन्होंने एमडी मध्यांचल को अवर अभियंता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल चतुर्थ, सेस तृतीय, सिस गोमती, लेसा लखनऊ द्वारा उपकेंद्र अमेठी के अवर अभियंता अनुपम त्रिपाठी के संयोजन निर्गत करने के लिए उपभोकता से मांगे गए धन के आरोप पर प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भ्रष्टाचार में सम्मिलित ऐसे विद्युत कार्मिकों पर सख्त कारवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि खराब कार्य संस्कृति वाले विद्युत कार्मिक ऊर्जा विभाग की रडार पर हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के कार्यों में लापरवाही पाए जाने, उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने एवं उन्हें अकारण परेशान करने तथा भ्रष्टाचार की शिकायत पर ऐसे कार्मिक बक्शे नहीं जाएंगे। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप सभी विद्युत कार्मिक उपभोक्ताओं के हित में कार्य करें, उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी करें।

# अलीगंज में मानचित्र के विपरीत बनी बहुमंजिला इमारत सील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अलीगंज** में अवैध बहुमंजिला इमारत को एलडीए ने सील कर दिया। सीलिंग से पूर्व एलडीए विहित प्राधिकारी द्वारा वाद दर्ज कर सीलिंग के आदेश पारित किया था। आदेश पर एलडीए की प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस फोर्स के साथ बहुमंजिला इमारत को सील कर दिया गया।

शनिवार को एलडीए ने अलीगंज के सेक्टर-डी में अवैध रूप से बनायी जा रही एक बहुमंजिला इमारत को सील किया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि राकेश कुमार जायसवाल द्वारा अलीगंज के सेक्टर-डी में भूखण्ड संख्या-एल-37/20 पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके विरुद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किए गए थे। आदेश पर सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव व राकेश कुमार द्वारा स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से परिसर को सील कर दिया गया।

# एलडीए के विशेष शिविर में 39 आवंटियों ने करायी सम्पत्ति की रजिस्ट्री

- यह कैम्प 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** की विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए प्राधिकरण कार्यालय में लगाये गये विशेष शिविर में 39 आवंटियों ने अपने पक्ष में सम्पत्ति की रजिस्ट्री निष्पादित करवायी। यह कैम्प 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

शनिवार को एलडीए ने आवासीय एवं व्यवसायिक संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय.समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पायी है। इसके लिए आवंटियों को प्राधिकरण व निबंधन कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा विशेष निबंधन शिविर लगवाया गया है। जहां प्राधिकरण व निबंधन विभाग के परस्पर सहयोग से सम्पत्तियों के निबंधन की कार्यवाही सुनिश्चित करवायी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण के नवीन भवन के कक्ष संख्या.8 में लगे निबंधन कैम्प में 39 आवंटियों की रजिस्ट्री करवायी गयी। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना की 24, कानपुर रोड योजना की 6, ट्रांसपोर्ट नगर की 2 एवं अन्य योजनाओं की 07 सम्पत्तियां शामिल हैं। अपर सचिव ने बताया कि यह कैम्प .28 सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इसमें प्राधिकरण व निबंधन विभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी आवश्यक सुविधाओं के साथ उपस्थित रहेंगे। इससे सम्पत्तियों के निबंधन सम्बंधी दस्तावेज तैयार करने तथा उनके पंजीयन की कार्यवाही एक ही जगह हो सकेगी।

# सिंगल टेबल क्लीयरेंस-डे में 146 फाइलों का हुआ निस्तारण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** में सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में एलडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर जन सुनवाई की गयी। इसके तहत समस्त अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी फाइलों के साथ मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। कार्यवाही के दौरान विभिन्न प्रकरणों से सम्बंधित कुल 146 फ इलों का निस्तारण किया गया।

एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार प्राधिकरण में लंबित फ इलों के निस्तारण के लिए सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया जाता है। समस्त विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, प्रवर वर्ग सहायक व अभियंता गण अपने अनुभाग की लंबित फाइलों के साथ दोपहर 12 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। जहां उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार द्वारा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी तथा फइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्यवाही सम्पादित करायी गयी। सिंगल डे में 146 फाइलों का निस्तारण किया।

इसके अंतर्गत रिफंड की 13, रजिस्ट्री के 31 आवेदनों, अभियंत्रण की 49 प्लानिंग की 08, शमन मानचित्र की 1, नामांतरण की 11, गणना की 19 व अधिष्ठान की 14 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।

# महापौर ने विकास कार्यों में तेजी लाने व साफ-सफाई नियमित कराने के दिए निर्देश

- समीक्षा बैठक में पार्षदों से जानीं क्षेत्र की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**महापौर** द्वारा जन सुनवाई करने के लिए नगर निगम कार्यालय में बैठक की गयी। बैठक में कार्यालय में अभियन्त्रण विभाग, कर विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। पार्षदों से उनके वार्ड की समस्याओं पर गहन चर्चा कर महापौर द्वारा समस्याओ के निस्तारण, विकास कार्यों में तेज़ी लाने एवं साफ सफाई कार्यों को नियमित कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, किला मोहम्मदी ड्रेन के निर्माण के कार्य के लिए शासन से शीघ्र ही बजट प्राप्त होने पर कार्य सम्पादित कराये जाने के लिए कहा गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन 8 के अभियंत्रण कार्यालय में जोनवार बैठक की। बैठक में सभी पार्षदों को 50-50 स्ट्रीट लाईटें देने के लिए सम्बन्धित अवर अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया।

इसके अतिरिक्त कानपुर रोड और रायबरेली रोड के किनारे चारों तरफ सफाई व्यवस्था सुदृढ करने के लिए प्रभारी जोनल स्वास्थ्य अधिकारी, जोन-8 को निर्देशित करते हुए प्राइमरी कूड़ा कलेक्शन के लिये जोन में सम्बद्ध 36 गाड़िया में से आधी गाड़ीयां ब्रेक डाउन है, जिनको सम्बन्धित अधिकारी से सम्पर्क कर ब्रेक डाउन खत्म कराते हुए शत.प्रतिशत घरों से कूड़ा उठान के निर्देश दिए। साथ ही जोन में व्याप्त अतिक्रमण के सम्बंध में पार्षदों को अपने.अपने लेटरपैड पर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण के सम्बंध में जोनल अधिकारी को अवगत कराये जाने के लिए कहा गयाए जिससे कि अतिक्रमण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा सके। पार्षदों ने सीवर की समस्या महापौर के समक्ष उठायी। सीवर की समस्या के समाधान के लिए लगी प्राइवेट ऐजेंसी ने सही कार्य न किये जाने पर सम्बंधित एजेंसी के जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए।

# आगामी एक सप्ताह में एफएचएल की प्रक्रिया को पूरा किया जाएः जिला निर्वाचन अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आगामी** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मोहनलालगंज के ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईवीएम की फर्स्ट लेविल चेकिंग (एफएचएल) प्रक्रि या का निरीक्षण किया गया। निर्वाचन आयोग के इंजीनियरों के साथ एफएचएल की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी एक सप्ताह में मानकों का अनुपालन करते हुए एफएचएल की प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

शनिवार को ज़िला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने तहसील मोहनलालगंज स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम के सेट्स की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर निर्वाचन आयोग के इंजीनियरों के साथ एफएचएल प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समस्त ईवीएम के सेट्स की एफएचएल करके उनको स्टोर किया जा रहा है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन कितनी ईवीएम की एफएचएल की गई इसका दिवसवार चार्ट बना कर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि आगामी 7 दिनों के अंदर मानकों का अनुपालन कराते हुए समस्त ईवीएम की एफएचएल प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए।

# सड़क हादसों व रोजगार देने में अहम भूमिका निभा रहा मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- प्रदेश में पहली बार दिया जा रहा आवासीय प्रशिक्षण, दिसम्बर में पूरा होगा 23 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के हर हाथ को रोज़गार सपने को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट बखूबी निभा रहा है। दरअसल, इन्स्टीट्यूट द्वारा परिवहन निगम के ड्राइवर को साप्ताहिक प्रशिक्षण तो दिया ही जा रहा है। साथ में निगम प्रदेश भर के संविदा चालकों की भर्ती आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (कम्प्यूटराइज्ड ट्रैक) के ज़रिए कर रहा है। वहीं महिलाओं को भी एलएमवी एवं एचएमवी वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें से 17 महिला चालक परिवहन निगम के विभिन्न डिपों में अन्तिम स्टेज का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। संस्थान में बाहरी चालकों को भी दो, तीन और पांच दिवसीय कोर्स में प्रशिक्षण देने के साथ एचएमवी एवं एलएमवी वाहन सिखाने का कार्य किया जा रहा है। मालूम ही कि संस्थान की गिनती देश के सर्वोत्तम ड्राइविंग ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट में होती है। संस्थान द्वारा आज तक 128 लाख से अधिक विभिन्न संवर्ग के लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से भी सम्बद्ध है। ऐसे में सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत ओटोमेशन सेक्टर में फ़ोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन में अभ्यर्थियों के आवासीय प्रशिक्षण के लिए परिवहन निगम के विभिन्न क्षेत्रों से सूची उपलब्ध करायी गयी थी। सूची के अनुसार 23 अभ्यर्थियों को 1 सितम्बर से आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 23 में से 11 आगरा क्षेत्र, 3-3 बरेली व इटावा एवं 6 हरदोई क्षेत्र से हैं। आवासीय कोर्स उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में पहली बार संचालित किया जा रहा है। सभी 23 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान के हास्टल में रहने व मेस में खाने की निशुल्क सुविधा दी जा रही है। वहीं सभी अभ्यर्थियों को निशुल्क दो सेट युनीफार्म, स्टडी मैटेरियल एवं आईकार्ड भी दिया गया। अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 4 दिसम्बर को समाप्त होगा। प्रशिक्षण के बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल से एसेसमेन्ट (परीक्षा) कराया जाएगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परिवहन निगम के कार्यशालाओं में सुनिश्चित रोजगार योजना के तहत पीस मिल वर्क पर रखा जाएगा।

# सीवर लाइन डालने के बाद सड़क रिपेयर न करने वाले ठेकेदार पर 5 लाख का जुर्माना

- एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने किया गोमती नगर विस्तार क्षेत्र का निरीक्षण, कार्य में लापरवाही पर संस्था को दिया शो कॉज नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** उपाध्यक्ष द्वारा गोमती नगर विस्तार व सीजी सिटी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में पुलिय मुख्यालय के आसपास के क्षेत्र में सीवर लाइन डालने के बाद सड़क का नवीनीकरण न करने पर उपाध्यक्ष ने सिंह ट्रेडर्स के खिलाफ शो कॉज नोटिस जारी करते हुए 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों के सेंट्रल वर्ज एवं सीवर लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुये समस्त मार्गों का तत्काल नवीनीकरण कराया जाए। शनिवार को एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने गोमती नगर विस्तार व सीजी सिटी के निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने वालों पर चाबुक चलाया। गोमतीनगर विस्तार के सेक्टर 7 में पुलिस मुख्यालय पास सीवर लाइन डालने के बाद सड़क नयी न बनाने पर एलडीए उपाध्यक्ष ने मेसर्स सिंह ट्रेडर्स के खिलाफ शो काज नोटिस जारी करने के साथ 5 लाख का जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा सीजी सिटी में निर्माणाधीन वेट लैंड के सम्बंध में उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि झील के पानी को मेन्टेन रखने के लिए स्लूज वॉल आदि स्थापित कराया जाए। साथ ही झील के चारों तरफ बनाये जा रहे पाथ.वे पर सीसी स्टैम्पिंग कराते हुए किनारे ग्रीन बेल्ट की हेजिंग का कार्य कराया जाए। वहीं, वेट लैंड से सटे हुये भूखण्ड पर जलभराव को रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल का निर्माण कराने के निदेश दिये गये। गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के पास रेलवे ओवरब्रिज के नीचे प्लेस मेकिंग का कार्य कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए इस स्थान पर बैडमिंटन व वॉलीबॉल कोर्ट विकसित किया जाए, साथ ही आसपास के क्षेत्र में भी सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाए। इस मौके पर मुख्य अभियंता एके सिंह, सहायक अभियंता राहुल वर्मा व विशाल यादव समेत अन्य अभियंता उपस्थित रहे।

## अंडरपास पर कोबल स्टोन का कार्य कराने के निर्देश

**शहीद** पथ अंडरपास पर जलभराव की समस्या को देखते हुए उपाध्यक्ष ने कोबल स्टोन आदि का कार्य कराने के निर्देश दिये, जिससे कि बार-बार मार्ग क्षतिग्रस्त न हो। निरीक्षण में पाया गया कि सेक्टर-5 में शहीद पथ के पास प्राधिकरण द्वारा विकसित किये गये पार्क में कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण करके डेयरी का संचालन किया जा रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने अर्जन, अभियंत्रण और प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्क की बाउन्ड्रीवॉल एवं विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, जिससे कि आवंटी पार्क की सुविधा का लाभ उठा सकें।

## अवैध दुकानें देखकर नाराज हुए वीसी

**जनेश्वर** मिश्र पार्क के गेट नंबर-2 से 6 के बीच फुटपाथ व पार्किंग की जगह पर लगने वाली अनाधिकृत दुकानों के सम्बंध में उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द पार्किंग स्थल का टेंडर कराकर फर्म का चयन किया जाए। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने तक प्राधिकरण स्तर से वाहनों को पार्किंग में लगवाया जाए।

# पेंशनधारकों ने 11 सूत्रीय मांगें अधिकारियों के सामने रखीं

**लखनऊ।** आवास विकास परिषद के पेशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से 9वें पेंशन दिवस का आयोजन किया गया। इन्दिरा नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में पेंशनधारकों ने 11 सूत्रीय मांगें अधिकारियों के सामने रखीं। शनिवार को इंदिरानगर में आवास एवं विकास परिषद के पेशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने 9वें पेशन दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में पेंशनधारकों ने 11 सूत्रीय मांगें अधिकारियों के सामने रखीं। इनमें अंतिम पेंशन ले रहे पेंशनधारकों को अंतिम पेंशन के आधार पर पीपीओ जारी करने की मांग है। साथ ही ग्रेच्युटी का शत प्रतिशत भुगतान करने की मांग रखी गई है। पेंशनधारकों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेश चिकित्सा योजना लागू किए जाने की भी मांग की है। इसके अलावा पेंशन ट्रस्ट का शीघ्र गठन करने की बात मांगपत्र में कही गई है।

# रेलवे चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने ली स्वच्छता शपथ

- स्वच्छता पखवाड़ा-2023 मना रहा है रेलवे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**रेलवे** 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2023 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा-2023 मनाया रहा है। जिसके अन्तर्गत शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में मंडल के विभिन्न स्टेशनों लखनऊ जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मैलानी जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, मनकापुर जंक्शन, खलीलाबाद, बादशाहनगर तथा ऐशबाग जंक्शन पर 'स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ कालोनी एवं परिसर' दिवस मनाया गया।

जिसके अन्तर्गत मंडल के लोको कालोनी ऐशबाग, बादशाहनगर, खलीलाबाद, बस्ती तथा बन्दरियाबाग रेलवे कालोनियों में नामित अधिकारियों, स्टेशन अधीक्षकों एवं संबंधित सुपरवाइजरों की देखरेख में स्वच्छता के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा श्रमदान किया गया तथा रेलवे कालोनियों के आवासों में आवश्यकतानुसार रिपेयरिंग की गई। कोचिंग डिपो, लॉबी, आरओएच डिपो तथा रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मंडल में स्थित बादशाहनगर रेलवे चिकित्सालय, ऐशबाग पॉली क्लीनिक तथा उप मंडलीय चिकित्सालय, गोंडा में रेलवे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई तथा विशेष रूप से चिकित्सालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रेलवे चिकित्सकों द्वारा कालोनी वासियों को मानसून के दौरान होने वाली बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया गया तथा पानी निकासी, कूड़ा-निस्तारण की समस्याओं हेतु वार्ता कर सुझाव भी लिए गए, जिससे सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान विशेष रूप से 'मेरी सीट मेरा डिब्बा' थीम पर रेल यात्रियों को रेल यात्रा के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

सभी स्टेशनों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम द्वारा 'स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ कालोनी एवं परिसर' के अवसर पर जागरूकता सन्देशों की लगातार उद्घोषणा भी की जा रही है। रेलवे कर्मचारी एवं यात्रीगण, रेल परिसर को स्वच्छ रखने में रेलवे प्रशासन को अपना सहयोग प्रदान करें। 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अन्तर्गत 24 सितम्बर 2023 को 'स्वच्छ आहार' दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

# वीडियो कॉलिंग से चेक होगा एसओ जन शिकायतों की सुनवाई कर रहे कि नहीं

● **डीजीपी ने जन शिकायतों की समीक्षा के लिए मुख्यालय स्तर पर लोक शिकायत पोर्टल विकसित करने के दिए निर्देश**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**डीजीपी** विजय कुमार ने जन शिकायतों की समीक्षा के लिए पुलिस मुख्यालय स्तर पर लोक शिकायत पोर्टल विकसित करने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी शनिवार को पुलिस मुख्यालय में सभी जोनल एडीजी, पुलिस आयुक्त, रेंज के आईजी, डीआईजी और पुलिस कप्तानों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जन शिकायतों, आपरेशन कन्विक्शन, आपरेशन त्रिनेत्र के सबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के सघन पर्यवेक्षण, अनुश्रवण, समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए एक नई व्यवस्था प्रारम्भ करते हुए प्रत्येक जनपद में थानावार एवं अन्य अधिकारी स्तर पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों का संकलन पुलिस मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा शीघ्र ही विकसित किए जा रहे लोक शिकायत पोर्टल पर किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच एक सप्ताह में पूर्ण हो जाए, जिसकी समीक्षा लोक शिकायत शाखा, पुलिस मुख्यालय द्वारा पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। थाना प्रभारी के थाने पर समय से जन शिकायतों की सुनवाई व निस्तारण के लिए बैठने का आकस्मिक रूप से वीडियो कालिंग के माध्यम से चेकिंग की जाएगी।

आपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में प्रत्येक जनपद, कमिश्नरेट द्वारा 20-20 अभियोग चिन्हित कर फॉस्ट ट्रैक कार्ट में ट्रायल कराते हुए अभियुक्तों को सजा दिलाए जाने की कार्यवाही की जाए। त्वरित गति से गवाहों की गवाही कराने जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक कैमरे बढ़ाये जाए। ग्राम प्रधान के सहयोग से सम्पर्क मार्गो इत्यादि पर कैमरे लगवाए जाए। गांव के महत्वपूर्ण स्थानों, थाना क्षेत्र के सार्वजनिक-- औद्योगिक प्रतिष्ठानों, स्कूल, निर्जन स्थानों तथा महिला सुरक्षा आदि से सम्बन्धित महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर अच्छी गुणवत्ता के कैमरे लगवाए जाएं। आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत अब तक लगभग 5 लाख कैमरे लगाये जा चुके है।

इस अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था, अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक के जीएसओ/ अपर पुलिस महानिदेशक एटीएस/ पुलिस उपमहानिरीक्षक कानून/ व्यवस्था सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# राजभवन की महिला कर्मियों ने नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने पर दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजभवन** में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल से भेंट कर उन्हें नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने पर बधाई दी और इसके लिए राज्यपाल के समक्ष प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी महिलाओं से इस बिल के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में उनको इस विधेयक से होने वाले लाभों के बारे में भी पूछा।

उन्होंने महिलाओं से कहा कि नेतृत्व के स्थान पर आकर सामाजिक अपेक्षाओं को प्राथमिकता से पूरा करना अवश्य सीखे। उन्होंने कहा कि सदियों से हमारा समाज पुरुष प्रधान समाज है, इसलिए कार्यक्षेत्र में आकर महिलाएं दोहरी जिम्मेदारी निभाती हैं, जो कि एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व हासिल करके अपने सामाजिक जीवन की निरंतरता को बनाए रखना और पद के अनुरूप जिम्मेदारियों का स्वयं निर्वहन करना आवश्यक हैं। इसके लिए नेतृत्व की आकांक्षी महिलाओं को जमीनी स्तर से अपने कार्यों को संपादित करना सीखना होगा।

राजभवन की महिलाओं ने ये विधेयक पारित होने की खुशी व्यक्त करते हुए राज्यपाल से महिला नेतृत्व के रूप उनके साथ कार्य करने से प्राप्त अनुभव साझा किए और इस अहसास को भी साझा किया कि महिला नेतृत्व प्राप्त होने से यहाँ महिलाएं अधिक सुरक्षा और अपनी कार्य क्षमताओं के प्रसार का अवसर प्राप्त कर सकीं हैं। महिलाओं ने कहा कि जब सदन में 33 प्रतिशत महिलाओं की उपस्थिति होगी तो महिलाओं के हक में आवाजों को मजबूती मिलेगी। महिलाओं ने 'नारी शक्ति वंदन बिल' पारित होने की खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति का आदर किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में राजभवन की समस्त महिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थीं।

# नवयुग में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नवयुग** कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक एवं इकाई तीन के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के संरक्षण में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से किया गया। एक दिवसीय शिविर के प्रथम सत्र का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के उद्बोधन से हुआ। प्रोफेसर उपाध्याय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में स्वयंसेविकाओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रीय सेवा की भावना विकसित करना है। इसी सत्र में राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कुमार गुप्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव कीर्ति सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने मानवाधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की चर्चा की और छात्राओं को मानव होने के नाते जो अधिकार मिलते हैं उससे अवगत कराया। इसके पश्चात प्रथम सत्र में ही विशिष्ट वक्ता के रूप में महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर वंदना द्विवेदी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के विषय में छात्राओं से चर्चा की एवं छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर और विशेष शिविर के संबंध में जानकारी दी। भोजन अवकाश के उपरांत द्वितीय सत्र का प्रारंभ हुआ यह सत्र आर्ट एवं क्राफ्ट पर केंद्रित रहा। द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि उषा केडिया रही। उनके द्वारा आर्ट एवं क्राफ्ट से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें छात्राओं को टाई एंड डाई, प्लास्टिक की बोतल पर डिजाइनिंग करना, घर पर पड़े पुराने वस्त्र पर अति सुंदर चित्रकारी करना सिखाया।

# ऐतिहासिक होगी तीन नवंबर को दिल्ली में होने वाली कर्मचारियों की रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिल** भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लावा व कनफेरडेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स के सेकेट्री जरनल एसबी यादव ने दावा किया कि केन्द्र एवं राज्यकर्मियों की 3 नवंबर को दिल्ली में होने वाली रैली ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगी। जिसमें देश भर से लाखो कर्मचारी शामिल होकर केंद्र सरकार को चेतावनी देंगे। उक्त नेताओं ने यह दावा शनिवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में किया। प्रेस कांफ्रेंस में आयकर कर्मचारी महासंघ एवं सीओसी उप्र के महासचिव रवीन्द्र कुमार सिंह, आयकर कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय शिवारी एवं अध्यक्ष सुभाष चन्द्र पाण्डेय, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष कमलेश मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष एसपी सिंह, राज्य अध्यक्ष कमल अग्रवाल, महासचिव अशोक सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, संरक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, राम विरज रावत, त्रिवेणी प्रसाद खरवार, बुद्धि विनोद राम कनोजिया, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सनाउल्ला खान, मिनिस्टीरियल फेडरेशन के अध्यक्ष दिवाकर सिंह व महामंत्री पुनीत त्रिपाठी आदि मौजूद थे। कांफ्रेंस के बाद कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। लांबा व एसबी यादव ने कहा कि तीन नवंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में पुरानी पेंशन बहाली, सालों में कार्यरत संविदाकर्मियों को नियमित करने, नियमित होने तक समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, खाली पड़े लाखों पदों को पक्की भर्ती से भरने, आठवें वेतन आयोग का गठन, 18 महीने के बकाया डीए का भुगतान करने, एनएमपी के नाम पर सरकारी विभागों एवं पीएसयू के निजीकरण पर रोक लगाने, एनईपी को वापस लेने, ट्रेड यूनियन एवं लोकतांत्रिक अधिकारों पर निरंतर किए जा रहे हमलों पर रोक लगाने, यूनियनों की रद्द की गई मान्यता को बहाल करने और एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाकर मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी देने आदि मांगों को लेकर की जा रही है।

# बधिर फेडरेशन की जागरूकता शांति रैली को दिव्यांगजन मंत्री ने किया रवाना



**लखनऊ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम से अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश बधिर फेडरेशन द्वारा आयोजित जागरूकता शान्ति रैली को झण्डी दिखायी। उन्होंने रैली में आये बधिर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर है। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। दिव्यांगजन मंत्री द्वारा झण्डी दिखाने के बाद उत्तर प्रदेश बधिर फेडरेशन द्वारा आयोजित जागरूकता शान्ति रैली केडी बाबू सिंह, स्टेडियम से निकलकर 1090 चौराहे पहुंचकर रैली का समापन किया गया।

# मनरेगा कार्यों के भुगतान में नियमों की अनदेखी न होने पाए: जीएस प्रियदर्शी

**लखनऊ।** ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशानुसार मनरेगा कार्यों के कुशल, अर्द्धकुशल श्रमिकों व सामग्री अंश के भुगतान के लिए 50 करोड़ रुपए की धनराशि 25 सितम्बर को भेजी जायेगी जिससे गत वर्ष के लम्बित देयों का भुगतान किया जाएगा और समस्त वित्तीय वर्षों के भुगतान के लिए 27 सितम्बर को 150 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध करायी जाएगी । ग्राम्य विकास आयुक्त ने समस्त जिला कार्यक्रम समन्वयकों, जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2023-24 के अर्ध कुशल एवं कुशल श्रमिकों का भुगतान किया जाय। यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि समस्त भुगतान सम्बंधित शासनादेश नियमों का पालन करते हुए किए जाएं। मनरेगा कार्यों के भुगतान में नियमों की अनदेखी किसी भी दशा में न होने पाए। जिलाधिकारियों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि भुगतान में कहीं भी फण्ड ट्रान्सफर आर्डर अवैध रूप से क्लब न होने पाए। स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा बनाये गये सिटीजन इनफार्मेशन बोर्ड, छोटी धनराशि के भुगतान जरूर किए जाएं।

# मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के चेयरमैन पर लाखों हड़पने का आरोप, एफआईआर दर्ज

**मोहनलालगंज।** मैनेजमेण्ट इंस्टीट्यूट के चेयरमैन ने पांच साल पूर्व परिचित कारोबारी के लाखों रुपए हड़प लिए। रकम मांगने पर बहानेबाजी कर टालता रहा। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। आलमबाग निवासी राजीव डेनिस जोजफ प्राइवेट कम्पनी के मालिक हैं और इसी से कारोबार करते हैं। राजीव का आरोप है कि मोहनलालगंज में बनी रोड पर उनके पुराने परिचित जयप्रकाश सिंह उर्फ जेपी सिंह का प्राइवेट मैनेजमेण्ट इंस्टीट्यूट है। राजीव के मुताबिक 2018 में उन्होने जेपी सिंह के इंस्टीट्यूट के लिए सैंतीस लाख बावन हजार नौ सौ नब्बे रुपए की सामग्री खरीदी। जिसमें से महज नौ लाख रुपए का ही उसे भुगतान मिल सका। जबकि अट्ठाइस लाख बावन हजार नौ सौ नब्बे रुपए अब तक बकाया हैं। राजीव का आरोप है कि इसी वर्ष टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट के लिए जेपी सिंह ने उनसे इंस्टीट्यूट में कुछ अन्य कार्यों के लिए पच्चीस लाख और ले लिए। कारोबार से मुनाफे के लालच में उन्होने यह रकम भी दे दी। राजीव का आरोप है कि इस तरह जेपी सिंह ने उनकी तिरपन लाख बावन हजार रुपए की रकम हड़प कर रखी है। रकम वापस मांगने पर बहानेबाजी कर पांच साल गुजार दिए लेकिन पैसा अब तक उन्हें वापस नही किया है। लिहाजा पीड़ित राजीव की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# 'आज के समय में दिनकर' विषय पर हुई संगोष्ठी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राष्ट्रकवि** रामधारी सिंह दिनकर जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को हजरतगंज स्थित कॉफी हाउस में 'आज के समय में दिनकर' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिंतक व हिंदी जन अभियान के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि राष्ट्रकवि ने भारतीय संस्कृति के नवजागरण व पुनरुत्थान में महती भूमिका निभाई जो शब्दातीत है।

पंडित नेहरू द्वारा मनोनीत होने के बावजूद राममनोहर लोहिया की सार्वजनिक प्रशंसा दिनकर ही कर सकते थे। सेनानी करो प्रयाण, समर शेष है, याचना नहीं अब रण होगा, जो तटस्थ हैं, जब नाश मनुज पर छाता है जैसी दिनकर की पंक्तियाँ भारतीय जनांदोलनों को सदियों तक प्रेरणा देती रहेंगी। संस्कृति के चार अध्याय के लेखक दिनकर ने 'दिनचर्या' में स्वयं को देशी सोशलिस्ट कहा है। वे समावेशी राष्ट्रवाद के चितेरे थे। वर्तमान स्याह दौर में उनकी प्रासंगिकता उनके जीवन काल से भी अधिक प्रतीत होती है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शिव प्रसाद आनंद ने कहा कि दिनकर ने रश्मि रथी महाकाव्य लिख मानवीय विषमता व विभेद को खुली चुनौती दी । उनके विचार एवं शब्द हमें समाज में व्याप्त खाई से लड़ने की प्रेरणा देते हैं । पूर्व आईएएस व साहित्यसेवी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति को समझने के लिए दिनकर लिखित संस्कृति के चार अध्याय को पढ़ना जरूरी है। जब कलम झुक व बिक रही हो तो दिनकर को याद करना पुण्य कार्य है। शिक्षक नेता प्रो. नीरज जैन ने कहा कि प्रतिकार व प्रतिरोध के स्वर जब तक रहेंगेए दिनकर जीवंत रहेंगे। लुआक्टा अध्यक्ष प्रो. मनोज पांडेय ने कहा कि दिनकर न केवल साहित्य अपितु भारतीय शिक्षा जगत के सूर्य रहे। इस अवसर पर अवधी के भाषाविद प्रो. अर्जुन पांडेय की पुस्तक कहानी संग्रह 'जबै जागे तबै सबेरा' का विमोचन हुआ। संचालन हिंदी शिक्षक मंच के संयोजक प्रो. दीपक राय ने किया। इस अवसर पर दिनकर के व्यक्तित्व, कृतित्व व महत्व के विविध पहलुओं पर प्रो. रामजी पाठक, प्रो. अंशु केडिया, संस्कृत की विदुषी प्रोण्वंदना द्विवेदी, इरफान मलिक, इलाहाबाद छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव, प्रधानाचार्य रमेश राय, प्रो. पंकज सिंह, प्रो. अजीत प्रियदर्शी, डॉ अरुण यादव, डॉ. रंजीता रॉय, डॉ. अजीत मणि, प्रो. ब्रजेश, डॉ. एन पी सिंह, अवनीश, दौलत, जावेद, देवी प्रसाद समेत कई वक्ताओं ने प्रकाश डाला। ब्रजेश मिश्र ने आभार प्रकट किया।

# बसपा सांसद के खिलाफ की गई टिप्पणी शर्मनाक: कुंवर फतेह बहादुर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने कहा कि जब भाजपा सांसद द्वारा संसद के अंदर किसी सांसद के धर्म को लेकर अशोभनीय और समाज को बांटने वाली टिप्पणी की जा रही है तो देश भर में भाजपा के लोग एक धर्म और बहुजन समाज की विभिन्न जतियों को लेकर किस तरह की अशोभनीय टिप्पणी कर रहे होंगे इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। बहुजन समाज के लोगों को इसके विरोध में खड़ा होना चाहिए। फतेह बहादुर ने कहा कि किसी सांसद के खिलाफ उसके धर्म को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी देश के लिए चिंता का विषय है। इसके खिलाफ धर्मनिरपेक्ष ताकतों और संविधान समर्थकों को लोकतान्त्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि इस मामले में अभी तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से कोई भी बयान नहीं आया। बसपा सांसद के खिलाफ भाजपा सांसद द्वारा की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने केवल उनकी टिप्पणी को कार्यवाही से निकाला है जबकि भाजपा सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है, वहीं संसद के अंदर छोटे-छोटे मामलों में अध्यक्ष द्वारा विपक्ष के सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया जाता है। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि संसद के भीतर बसपा सांसद के खिलाफ नफरत फैलाने वाले और समाज में जहर बोने वाले इस बयान को लेकर पूरा विपक्ष विरोध में खड़ा है लेकिन मायावती ने केवल ट्वीट करके ही अपना काम चला लिया यहां तक कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर बसपा के नौ सांसद भी दानिश अली से मिलने गए इसकी जानकारी नहीं है लेकिन राहुल गांधी ने दनिश अली के घर जाकर उनसे बात की और उन्हें ढाढस बंधाया वह प्रशंसनीय है।

# मोटो जीपी के जरिए बड़ी संख्या में यूपी में आ रहे निवेशक

● **मुख्य रेस के साथ ही आज सीएम योगी की टॉप सीईओ के साथ होगी राउंड टेबल कांफ्रेंस**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ ग्रेटर नोएडा



**बुद्ध** इंटरनेशनल सर्किट में चल रही 'मोटो जीपी भारत' में रविवार को मुख्य रेस का आयोजन होगा। सीएम योगी भी रविवार को यहां मोटो जीपी भारत के लिए आ रहे टॉप कम्पनियों के सीईओज के साथ आयोजित राउण्ड टेबल कॉफ्रेंस में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश सरकार काफी उत्साहित है और इसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। सरकार का मानना है की मोटो जीपी के जरिए बड़ी संख्या में इन्वेस्टर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आ रहे हैं। सीएम योगी के साथ इस बैठक में वो असीम सम्भावनाओं के प्रदेशए उत्तर प्रदेश में निवेश की भावी योजनाओं पर चर्चा करेंगे। मोटो जीपी के जरिये बाइक बाजार में जबर्दस्त विकास की सम्भावना है। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंच कर राउंड टेबल कांफ्रेंस की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह बेहद गर्व का पल हैए जब बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट ग्रेटर नोएडा में अंतर्राष्ट्रीय मोटो जीपी रेस का आयोजन हो रहा है। आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत की ओर हैंए उत्तर प्रदेश की ओर हैं। उत्तर प्रदेश को एक ऐसे विराट आयोजन की मेजबानी का अवसर प्राप्त हो रहा हैए जिसके दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक और चाहने वाले हैं। यह क्षण 24 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि मोटो जीपी को लेकर प्रदेशवासियों में जबर्दस्त उत्साह है। उन्होंने यहां क्वालीफाइंग मैच देखने के साथ ही मंत्री बाइकर्स से भी मुलाकात की। इस दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे।

# ध्वस्तीकरण व पैमाइश के बाद भी अतिक्रमण बरकरार

● **चकमार्ग पर प्लाटिंग कम्पनी ने कर रखा है अवैध कब्जा, एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आदेश**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**एलडीए** से ध्वस्तीकरण के बावजूद भी धरमावत खेड़ा में प्लाटिंग कम्पनी ने चकमार्ग पर अवैध कब्जा जमा रखा है। एसडीएम के आदेश पर राजस्व टीम अवैध कब्जे चिन्हित कर प्लाटिंग कम्पनी को अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम भी दे चुकी है। फिर भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बरकरार है। लिहाजा खेतों तक आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर किसान ने थाना समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है।

मोहनलालगंज के धरमावत खेड़ा में प्लाटिंग कम्पनी ने चकमार्ग पर अतिक्रमण कर कई बीघे खेतों के आवागमन का रास्ता बन्द कर रखा है। जिसे लेकर किसानों की शिकायत पर एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य के आदेश पर राजस्वकर्मियों की संयुक्त टीम सरकारी भूमि चिन्हित कर प्लाटिंग कम्पनी को अतिक्रमण हटाने की हिदायत दे चुकी है। अधिवक्ता अंकित सिंह के मुताबिक एलडीए की टीम भी अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर चुकी है। फिर भी प्लाटिंग कम्पनी ने चकमार्ग से अतिक्रमण नही हटाया है। शनिवार को अधिवक्ता अंकित सिंह ने थाना समाधान दिवस में एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य से पूरे मामले की शिकायत की। एसडीएम ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## निशानदेही के बावजूद नहीं शुरू हुआ चकमार्ग का निर्माण

**तहसील** और ब्लाक में तालमेल की कमी से सरकारी जमीनों पर दोबारा कब्जे की शिकायतें बढ़ रही हैं। मोहनलालगंज के धरमावत खेड़ा और खुझौली की सीमा पर हाल ही में संयुक्त राजस्व टीम ने चकमार्ग की निशानदेही कर अतिक्रमण खाली करा दिया था। फिर भी पंचायतों की लापरवाही से वहां चकमार्ग का निर्माण शुरु नही कराया जा सका है। यह मामला तो बानगी भर है इस लापरवाही की वजह से समूची तहसील में दोबारा अतिक्रमण की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।

# विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों ठगे, रकम वापस मांगने पर दी धमकी

**मोहनलालगंज।** कमाई के लिए विदेश भेजने का झांसा देकर जालसाज ने तीन भोले.भाले लोगों से लाखों रुपए ठग लिए। रकम वापस मांगने पर अब धमका रहा है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर एफ्आईआर दर्ज कराई है। उन्नाव जिले के सेरइयां नवीन निवासी वीरेन्द्र कुमार व दीपांशु और शिवदीन खेड़ा निवासी अंकित कुमार को सऊदी अरब भेजने का झांसा देकर मोहनलालगंज के अयोध्या खेड़ा निवासी बिन्दा प्रसाद ने बीते मई माह में दो लाख सत्तर हजार रुपए वसूल लिए। लेकिन खाड़ी देश भेजने के बजाए बेवकूफ बनाकर टरकाता रहा। रकम वापस मांगने के लिए बार.बार घर जाकर तकादा करने पर आरोपी अब झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़ित वीरेन्द्र कुमार ने मोहनलालगंज कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित की शिकायत पर एफ्आईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शिव शक्ति का एक स्थान चंद्रमा पर दूसरा काशी में

- गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला पर पीएम ने जनता को किया संबोधित
- कहा- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम से ना सिर्फ खिलाड़ियों को होगा फायदा, बल्कि पूर्वांचल की अर्थव्यवस्था को मिलेगा लाभ



राजातालाब स्थित गंजरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी ने किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**एक** शिव शक्ति का स्थान चंद्रमा पर है तो दूसरा स्थान मेरी काशी में है। शिव शक्ति के इस स्थान से शिव शक्ति के उस स्थान पर भारत के विजय की मैं सभी को बधाई देता हूं। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां गंजारी स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखने के दौरान कही। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए कहा कि आज फिर से बनारस आवे क मौका मिलल हए जौन आनंद बनारस में मिलेला ओकर व्याख्या असंभव हैं।

### पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा ये स्टेडियम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आज वह ऐसे दिन काशी आए हैं, जब चंद्रमा के शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचने का भारत का एक माह पूरा हो रहा है। शिव शक्ति यानी वो स्थान जहां हमारा चंद्रयान आज ही के दिन लैंड हुआ था। गंजारी का यह स्थान माता विंध्यवासिनी के धाम और काशी नगरी को जोड़ने के बीच एक पड़ाव है। यहां से कुछ दूर पर भारतीय लोकतंत्र के प्रखर पुरुष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजनारायण जी का गांव मोतीकोट है। उन्होंने कहा कि वो इस धरती से राजनारायण जी और उनकी जन्मभूमि को सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं। आज काशी में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गयी है। ये ना सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। महादेव की नगरी में ये स्टेडियम और उसकी डिजाइन स्वयं महादेव को ही समर्पित है। इसमें क्रिकेट के एक से बढ़कर एक मैच होंगे। यहां खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मैचों की ट्रेनिग का लाभ मिलेगा। आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या भी बढ़ने जा रही है। जब क्रिकेट मैच बढ़ेंगे तो नये नये स्टेडियम की जरूरत बढ़ेगी। बनारस का ये स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा। पूरे पूर्वांचल का ये चमकता हुआ सितारा बनेगा।

### भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा ये स्टेडियम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि ये अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बस ईंट और कंक्रीट का मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के भारत का भव्य प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि हर विकास के लिए मेरी काशी अपना आशीर्वाद लिए मेरे साथ खड़ी रहती है। आपके बिना काशी में कोई विकास का संकल्प सिद्ध नहीं हो सकता है। आपके आशीर्वाद से हम काशी के कायाकल्प के लिए इसी तरह विकास के नये अध्याय लिखते रहेंगे। उन्होंने बताया कि जब खेल का इंन्फ्रास्ट्रक्चर बनता है। तो खेल ही नहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी उसका सकारात्मक असर होता है। जब ऐसे बड़े सेंटर बनेंगे तो बड़े आयोजन होंगे। बड़ी तादात में दर्शक और खिलाड़ी यहां आंएगे। इससे होटल, खानपान की दुकान, रिक्शा ऑटो रिक्शा और नाव वालों को लाभ मिलेगा। नये स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर खुलेंगे और वाराणसी में स्पोर्ट्स इंडस्ट्री तैयार होगी।

### सरकार हर कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही है

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते यहां आए बदलाव का मैं साक्षी रहा हूं। इस स्टेडियम के साथ ही सिगरा स्टेडियम के पुनर्निर्माण पर 400 करोड़ खर्च किये जा रहे हैं। वहां 50 से अधिक खेलों के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वो देश का बहुस्तरीय स्पोर्टस कॉम्पलेक्स होगाए जिसे दिव्यांगजनों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। इसे भी जल्द ही काशीवासियों को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा बड़ा लालपुर का सिंथैटिक ट्रैक हो, बास्केटबॉल कोर्टए अखड़ा होए हम नया निर्माण तो कर ही रहे हैं साथ ही साथ पुरानी व्यवस्था को भी सुधार रहे हैं। हमने स्पोर्ट्स को युवाओं के फिटनेस, रोजगार और करियर से जोड़ा है। इस वर्ष केंद्रीय खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। सरकार हमारे खिलाड़ियों के साथ टीम मेंबर बनकर चलती है। स्कूल से यूनिवर्सिटी तक की प्रतियोगिताएं हैं। सरकार कदम कदम पर खिलाड़ियों की मदद कर रही है।

### गांव-गांव में खेलों के महारथी मौजूद हैं, जरूरी है इन्हें तलाशने और तराशने की

**प्रधानमंत्री** ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के इतिहास में भारत की उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पिछले कई दशकों में भारत ने जितने मेडल जीते थे उससे ज्यादा मेडल हमारे बच्चे इस बार लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री ने एशियन गेम्स में गये खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गांव गांव में खेलों के महारथी मौजूद हैं। जरूरी है इन्हें तलाशने और तराशने की। आज छोटे छोटे शहरों के खिलाडी देश की शान बने हुए हैं। खेलो इंडिया अभियान से देश के कोने से खिलाड़ियों की पहचान की जा रही है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बनाने में सरकार अहम भूमिका निभा रही है। पहले अच्छे स्टेडियम केवल कुछ बड़े शहरों में ही मौजूद थे। अब देश के कोने कोने में खेलो इंडिया अभियान के जरिए स्पोर्ट स्टेडियम बनाये जा रहे हैं। इसका लाभ बेटियों को मिल रहा है। नई शिक्षा नीति में खेल को साइंसए मैथ और कॉमर्स की तरह ही महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। देश का मिजाज ऐसा बना है कि जो खेलेगा वही खिलेगा।

# वाराणसी के लिए ये उपहारों का दिन है

- मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सहित दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों का काशी में किया स्वागत अभिनंदन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




रजातलब्ध स्थित गंजरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के शिलान्यास के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनसभा को संबोधित करते हुए

**पिछले** साढ़े नौ वर्ष के दौरान दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक आध्यात्मिक नगरी अविनाशी काशी में समग्र विकास हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी ने जिन ऊंचाइयों को छुआ है उसे देश ही नहीं पूरी दुनिया देख रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज एक बार फिर अनेक उपहारों के साथ काशी आए हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश में बीसीसीआई द्वारा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। खेल और खिलाड़ियों को लेकर आज लोगों की धारणा में बदलाव आया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंजारी स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान के आधारशिला समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश के दिग्गज पूर्व खिलाड़ियों का मुख्यमंत्री ने काशी की धरती पर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि जी-20 की अभूतपूर्व सफलता के उपरांत अनेक उपलब्धियों के साथ प्रधानमंत्री का आज उनकी अपनी काशी में आगमन हुआ है। इस अवसर पर यूपी सरकार और काशी वासियों की ओर से उनका हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं। जी-20 के दौरान ग्लोबल लीडर्स ने भारत के सामर्थ्य और शक्ति को नजदीक से देखा है। यही नहीं वसुधैव कुटुम्बकम के अनुरूप ग्लोबल लीडर्स की उपस्थिति में भारत की 140 करोड़ जनता ने देश को वैश्विक ताकत के रूप में उभरते हुए अनुभव किया है। मुख्यमंत्री ने पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावास्कर, कपिल देव, गोडप्पा विश्वनाथ, सचिन तेंदूलकर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, गोपाल शर्मा, नीतू डेविड, शुभांगी कुलकर्णी का काशी में स्वागत करते हुए कहा कि इन सभी ने भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाई प्रदान करने और क्रिकेट के जुनून को घर घर तक पहुंचाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने बीसीसीआई चेयरमैन रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का अभिनंदन करते हुए कहा कि इन सभी ने वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण में विशेष रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 साल के दौरान हमने पूरे देश में एक नई कार्य संस्कृति को देखा है। हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। खेलो इंडियाए फिट इंडियाए सांसद खेलकूद प्रतियोगिता ने देश में खेल और खिलाड़ियों को लेकर लोगों की धारणा में बदलाव किया है।

## कैश वैन लूटकांड का मामला

# मृतक के परिजनों को दो लाख नगद दी गयी सहायता राशि

**संवाददाता।** मीरजापुर

**मीरजापुर** विगत दिनों 12 सितंबर 2023 को थाना कोतवाली कटरा स्थित मोहल्ला बेलतर के एक्सिस बैंक की कैश वैन लूटकांड में मृतक गार्ड जय सिंह की पत्नी सचिता को केन्द्रीय मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग भारत सरकार अनुप्रिया पटेल एवं विधायक नगर रत्नाकर मिश्र की तरफ से संयुक्त रूप से दो लाख रूपये की आर्थिक सहायताध्मदद प्रदान किया गया। केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि उदय पटेल, अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द एवं विधायक नगर के प्रतिनिधि चित्रसेन मिश्र के द्वारा मृतक जय सिंह के घर पहुंचकर दो लाख रूपया नगद धनराशि मृतक जय सिंह के पत्नी को दिया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बनकट के कोटेदार रिंकू सिंह के द्वारा भी एक वर्ष के लिये निशुल्क अनाज सहायता भी दिया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को बाल सेवा योजना के तहत दोनो बच्चों के परवरिश व शिक्षा के लिये 2500-2500 रूपया प्रतिमाह दिये जाने के लिये समस्त औपचारिकता, पूर्ण करा ली गयी हैं।

## क्विक न्यूज

### एमजी हेक्टर डीजल विरासत को आगे लाने की पहल

**वाराणसी।** भारत के प्रमुख ऑटोमोबाइल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ड्रूम ने एक अध्ययन किया, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि कौन सी एसयूवी बेस्ट रीसेल वैल्यू (सर्वोत्तम पुनर्विक्रय मूल्य) प्रदान करती है। इस तुलनात्मक विश्लेषण मेंए एमजी हेक्टर डीजल विजेता रही, जिसने हुंडई क्रेटा, टाटा हैरियर, महिंद्रा एक्सयूवी सात महिंद्रा एक्सयूवी तीन सौ किआ सेल्टोस और हुंडई अल्कज़ार जैसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सफलता हासिल की। इसने सामान प्राइस रेंज के अन्य कारों की तुलना में असाधारण 85 फीसदी रीसेल वैल्यू हासिल किया है।

### यूडीज़ सॉल्यूशंस ने एमओयू साइन किया

**वाराणसी।** अहमदाबाद स्थित एक लीडिंग डिजिटल ट्रांसफर्मेशन और टेक्नोलॉजी सर्विसेस प्रोवाइड यूडीज़ सॉल्यूशंस ने देश के सबसे बड़े स्टार्टअप एक्सेलेरेटरए इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ एक एमओयू पर साइन किए हैं जो एक्सीलेटर के एक्सपेंडिंग ग्लोबल प्रोग्राम से जुड़े 200 से अधिक स्टार्टअप के लिए प्रीफर्ड टेक्नोलॉजी पार्टनर है। अहमदाबाद कार्यालय में एमओयू पर यूडीज़ सॉल्यूशंस के अध्यक्ष और निदेशक भरत पटेल और इंडिया एक्सेलेरेटर के संस्थापक और सीईओ आशीष भाटिया ने साइन किए। रणनीतिक साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, यूडीज़ सॉल्यूशंस के अध्यक्ष और निदेशक, भरत पटेल ने कहा कि' हम इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ प्रौद्योगिकी भागीदार के रूप में कलैबरेट करके रोमांचित हैं।

### जूनियर व सीनियर रेजिडेन्ट डाक्टरों से काम पर लौटने की अपील

**वाराणसी।** चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक तथा सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जूनियर तथा सीनियर रेजिडेंट डाक्टरों से अपील की गयी है कि वे मानवता की सेवा हेतु अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हएु काम पर लौटेंए ताकि चिकित्सकीय सुविधाएं सुचारू रूप से जारी रह सकें। अपील में कहा गया है कि रेजिडेंट डाक्टर सर सुन्दलाल चिकित्सालय तथा ट्रामा सेन्टर में चिकित्सकीय सेवाओं के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है तथा संस्थान व अस्पताल प्रशासन उनकी मेहनत व सेवाओं को पूर्णरूप से समझते है। अपील में सूचित किया गया है कि रेजिडेंट डाक्टरों द्वारा 21.22 सितम्बर को दिये गये पत्रों में उठाये गये विषयों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने हेतु जिला एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजा जा रहा है। अपील की प्रति संलग्न की जा रही है।

### प्रसव पीड़िता की इलाज के दौरान लापरवाही से मौत के मामले में जांच शुरू



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल के मामले की सियासत में मचे भूचाल के बीच ही मुसाफिरखाना स्थित निजी अस्पताल को लेकर भी गंभीर आरोप लगने के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने मुसाफिरखाना पहुंचकर मामले की छानबीन की और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की बात कही जा रही है। संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज को लेकर एक तरफजहां सियासी घमसान थमने का नाम नहीं ले रहा है वही मुसाफिरखाना कस्बा स्थित एक निजी हॉस्पिटल को लेकर कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे पहलवान के पूरे रामफल पांडेय निवासी राम कुमार पांडेय ने अपनी बहू के इलाज में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है।पीड़ित परिजन के मुताबिक प्रसव पीड़ा होने पर वे बहु को जनता हॉस्पिटल ले गए जहां आप्रेशन के डेढ़ घंटे बाद बहु की तबीयत बिगड़ने पर निजी वाहन से लखनऊ रेफर कर दिया गया था।लखनऊ में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने पर डाक्टरों ने बताया उसकी मृत्यु काफी पहले हो चुकी थी।जिसके बाद परिजनों ने मुसाफिरखाना के निजी हॉस्पिटल के चिकित्सक की लापरवाही से मौत होने का आरोप लगाते हुए शिकायत की ।पीड़ित परिजन की तहरीर व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने संज्ञान लेते हुए अमेठी के सीएमओ को तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच करने और हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन को निलंबित करने के निर्देश दिए।निर्देश के बाद गठित टीम सदस्यीय टीम डॉ राम प्रसाद डॉ पी के उपाध्याय व डॉ वी के गुप्ता ने शनिवार को अस्पताल पहुंचकर छानबीन करते हुए आवश्यक जानकारी जुटाई ।

# शैक्षणिक कार्यशाला में जुटेंगे प्रदेशभर के दवा विक्रेता



**संवाददाता।** मुग़लसराय/चन्दौली

- ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों के विरुद्ध करेंगे आवाज बुलंद

**नगर** स्थित एक होटल में रविवार को संगठन की ओर से दवा विक्रेताओं की मीटिंग और शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमे जिले के अलावा भदोही, जौनपुर, वाराणसी, नोयडा, गाजियादबाद से दवा विक्रेता शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को आर्गेनाईजेशन ऑफकेमिस्ट एंड ड्रगिस्ट उत्तर प्रदेश जिला महामंत्री नवनीत सिंह ने पत्रकारवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकार शामिल होंगे। बताया कि विधायक रमेश जायसवाल, सुशील सिंह, कैलाश आचार्य, डॉ विनोद बिंद मुख्य अतिथि होंगे। कार्यशाला में दवा विक्रेताओं को नए नियमो से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों के विरुद्ध आवाज बुलंद की जाएगी। कहा कि एक तरफ एक गांव में दवा की दुकान कि चलाने वाले केमिस्ट को तमाम नियमो के पालन करना पड़ता है। जबकि बड़ी-बड़ी ऑनलाइन कंपनियां हर दवा को बिना किसी प्रिस्क्रिप्सशन धड़ल्ले से बेच रहे है। इसी तरह के मुद्दों पर कार्यशाला में चर्चा होगी। इस मौके पर संगठन ले वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, संगठन मंत्री विकास कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष उपाध्याय, नगर अध्यक्ष आशीष जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य जनार्दन, सूरज सिंह मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए संगठन हमेशा है तैयारः नंदलाल

**सोनभद्र।** जनपद मुख्यालय स्थित घोरावल विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता का शनिवार को कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। गौरी शंकर मंडल के अध्यक्ष राहुल सिंह पटेल व सदर ब्लॉक प्रमुख व अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत के नेतृत्व में हुए स्वागत समारोह के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक आ गया है जिसको लेकर हर कार्यकर्ता अपने जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करें। अपने -अपने सेक्टर क्षेत्र बूथ के अन्तर्गत लोगों से सम्पर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को दिलवाने मे सहयोग प्रदान करे। यह भी सुनिश्चित करे कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहने पाये। संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए संगठन हमेशा तैयार है।

# विकास को लेकर चिन्तन शिविर का हुआ आयोजन

- सदर विधायक ने सरकार की योजनाओं व कार्यक्रमों से कराया अवगत

**संवाददाता।** सोनभद्र



**शनिवार** को निति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड चतरा के चौमुखी विकास हेतु विकास खण्ड चतरा परिसर में चिन्तन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे व अध्यक्षता परियोजना निदेशक व प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी राम शिरोमणि मौर्य ने किया।

इस दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ व कार्यक्रमो के बारे में चिन्तन शिविर के प्रतिभागियों को विस्तार से अवगत कराया। चतरा ब्लाक को प्रेरक ब्लाक बनाने के क्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, विभागीय अधिकारीयों एवं कर्मचारियो को व्यवहार परिवर्तन, नवाचार, समायोजन एवं समन्वय के परिपेक्ष में अपने शब्दो से प्रोत्साहित किया। परियोजना निदेशक राम शिरोमणि मौर्य ने सभा को आकांक्षी ब्लाक चतरा के विभिन्न विकासीय आयामों के बारे में जानकारी देते हुए कहा की हमें ब्लाक चतरा को प्रेरक ब्लाक बनाने के लिऐ एक दुसरे के साथ समायोजन की भावना से विकास के उद्देष्य एवं नियोजन निर्धारित करना पड़ेगा ताकि प्रदेश एवं राष्ट्र स्तर पर हम चतरा को सबसे पहले प्रेरक ब्लाक के पायदान पर ला सकें। इसके उपरान्त ब्लाक स्तरीय चिन्तन शिविर में उपस्थित सभी ब्लाक स्तरीय अधिकारीयो ने अपने विभाग से सम्बन्धित निति आयोग के सूचकांकों पर पंचायत एवं ब्लाक स्तरीय कर्मचारियो एवं न जन प्रतिनिधियो के साथ विस्तार से चर्चा की।

# पुरानी रंजिश को लेकर 65 वर्षीय किसान की पीटकर की हत्या

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के गांव पूरे गुरुदत्त सिंह मजरे ज्योना में पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडों से लैस चार हमलावरों द्वारा नित्य क्रिया से लौट रहे 65 वर्षीय किसान की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई पिता को बचाने आए बेटे पर भी हमला किया गया जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र राजेश कुमार पाल की तहरीर पर गांव के ही चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। आरोपियों में तीन सगे भाई हैं। आपको बता दें घटना शनिवार को तड़के 6:00 बजे सुबह तब हुई जब गांव का रहने वाला लाल बहादुर पाल नित्य क्रिया के लिए बाहर गया था। जैसे ही वह लौटा गांव के रहने वाले हेमराज देशराज और संतोष कुमार पुत्रगण दयाराम पाल के साथ-साथ राम प्रसाद उर्फ बल्ला पुत्र गजोधर लाठी डंडों व लोहे के राड से लैस होकर आ गए बल्ला पुत्र गजोधर ने ललकारा मारो साले को आज बचकर जाने ना पाए और सभी ने उसके ऊपर लाठी डंडों से वार करना शुरू कर दिया और लोहे के राड से हमला बोल दिया जिससे लाल बहादुर दरवाजे के सामने स्थित एक चार फीट गहरे गड्ढे में गिर पड़ा लेकिन हमलावर उसे तब तक पीटते रहे जब तक वह बेदम नहीं हो गया।

# बीस शिकायतों में आठ का मौके पर निस्तारण किया गया

**ऊंचाहार।** शनिवार को कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस सम्पन्न हुआ, इस दौरान कुल आयी 20 शिकायतों में 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर भेजी गई है। नायब तहसीलदार सुजीत कुमार सिंह ने आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्या सुनी। गुलरिहा निवासी श्यामलाल ने गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध पुश्तैनी जमीन पर हो रहे निर्माण को रोकने की शिकायत की, रामपुर निवासी अतुल बाजपेयी ने पड़ोसी के विरुद्ध घर के पानी को रोके जाने की शिकायत की, गंगेहरा गुलालगंज निवासी संतलाल मौर्य ने गाँव की एक महिला के विरुद्ध न्यायालय के आदेश बाद भी किये गए कब्जे को न हटाने की शिकायत की, मसौदाबाद निवासी दीपक कुमार ने सलोन थाना क्षेत्र के 5 लोगों पर जबरन किये गए अवैध कब्जे को हटाने की शिकायत की।

# यात्रा के साथ किसानों को मिल रहा निशुल्क प्रशिक्षणः राज्यमंत्री

- स्वास्थ्य राज्य मंत्री व सांसद प्रतिनिधि ने तिलोई से हरी झंडी दिखा रवाना की किसान यात्रियों की बस

**संवाददाता।** तिलोई,अमेठी



**प्रदेश** सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने तिलोई बस अड्डे से सौ किसानों का काफिला काशी के लिए रवाना किया। शनिवार सुबह किसानों को लेकर दो बसें रवाना हुई। इस अवसर पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि भाजपा लोगों को निशुल्क यात्रा के साथ ही किसानों को प्रशिक्षण भी दिलाने का काम कर रही है इस यात्रा से अमेठी के लोगों का दोहरा लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि काशी के लिए रवाना हुए यात्रियों को वहां आधुनिक खेती और प्राकृतिक खेती के बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि किसान लाभकारी फसलों का उत्पादन कर लाभान्वित हो सकें। शनिवार को तिलोई के बस अड्डे पर एक सैकड़ा किसानों का समूह एकत्रित हुआ इन किसानों को काशी भेजने के लिए दो बसों का इंतजाम शासन द्वारा किया गया था। इन बसों पर सवार किसानों को स्वास्थ्य राज्य मंत्री व सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवाना होने से पहले ब्लॉक प्रमुख पति मुन्ना सिंह ने तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाया और माला पहना कर स्वागत किया। बताया गया कि यहां से रवाना हुए किसान काशी पहुंच गंगा स्नान करेंगे और दर्शन पूजन के पश्चात इन्हें वहां कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, भवानी दत्त दीक्षित, रामकृष्ण भारतीय, सुधांशु शुक्ला, धर्मेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# जहरीला जंतु के काटने से किशोर की मौत

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के पूरे मौहारी मजरे आलमपुर गांव में एक किशोर की जहरीला कीडा काटने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा है। किशोर की अचानक हुई मौत से परिजनो समेंत गांव में मातम छा गया और परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार पूरे मौहारी मजरे आलमपुर गांव निवासी बृजेंद्र(15) पुत्र शिवचंद्र यादव शुक्रवार की रात लगभग 11 बजे घर के अंदर सोफे में लेटा था तभी उसे किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। जिससे उसकी हालत अचानक खराब होने लगी। जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनो का आरोप है कि सीएचसी में तैनात चिकित्सक बुलाने के काफी देर बाद आये और सही से इलाज नही किया जिसके चलते बृजेंद्र की मौत हो गई।

# जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज होने से सपा कार्यकर्ताओं में दिखा आक्रोश

## एसडीएम को ज्ञापन सौंप मुकदमा खत्म किये जाने की उठायी मांग

कोंच (जालौन)। थाना कैलिया पुलिस द्वारा समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर समेत 3 नामजद और 40 से 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 144 लगी होने के बाबजूद बगैर किसी अनुमति के गुर्जर समाज के लोगों को इकट्ठा कर सौहार्द बिगाड़ने वाले भाषण देने के आरोप में दर्ज किए गए मुकदमे के बाद से सपा.कार्यकर्ता खासे गुस्से में हैं। दर्ज मुकदमे को सपा कार्यकर्ता पूरी तरह फर्जी करार देते हुए इसे राजनीति से प्रेरित और सत्ता दल के इशारे पर की गयी कार्यवाही बता रहे हैं। उक्त मामले की जांच कराकर दर्ज किए गए मुकदमे को समाप्त किए जाने की मांग करते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। शनिवार को सपाइयों ने एसडीएम अतुल कुमार को ज्ञापन सौंप कर कहा कि नदीगांव विकास खंड के सींगपुरा कैमरा के जंगल में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर पर भंडारा का आयोजन हमेशा की भांति किया गया था। 18 सितंबर को सपा जिलाध्यक्ष भी मंदिर के दर्शन कर भंडारा प्रसाद ग्रहण करने के लिए गए हुए थे और कुछ देर बाद ही वह भंडारा प्रसाद ग्रहण कर वापस चले आए थे इसके करीब 4 दिन बाद 22 सितंबर को पुलिस ने पूरी तरह फर्जी व मनगढ़ंत रूप से मुकदमा दर्ज कर लिया है जो निंदनीय है। सपाइयों ने एसडीएम से जांच कराकर दर्ज किए गए मुकदमे को समाप्त किए जाने की मांग की है।

### गणेश महोत्सव की लौना गांव में मची धूम, पूजा अर्चना के लिये जुटी भीड़

कोंच (जालौन)। प्रथम पूज्य गणेश भगवान के भक्तों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम लौना में अरविन्द कुशवाहा के आवास के सामने गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूरी तरह से गणेश भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। प्रातः व शाम के दौरान होने वाली आरती में तो समूचे गांव के लोग एकत्रित होकर पूरे मनोयोग से गणेश वंदना में शामिल हो रहे है। यही कारण है कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति भगवान गणेश के जयकारा लगाते देखे जा रहे हैं। सबसे ज्यादा युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार को पांचवें दिन भव्य तरीके से झांकी सजायी गयी। गणेश महोत्सव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में गांव के ही युवा प्रवीण शर्मा, आदर्श पटेल पांडा, कपिल कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, राजीव कुशवाहा, लकी यागिक, मोहन प्रजापति, रामू शर्मा, मोहित अंशु कुशवाहा, आशीष कुशवाहा, अन्वित कुशवाहा भांजेश्री, जिगर कुशवाहा सहित अनेकों लोग सहयोग करते देखे जा रहे है।

# हादसे में पिता-पुत्र की मौत, तीन अन्य घायल

**सुलतानपुर (भाषा)।** सुलतानपुर जिले में शनिवार को सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के मुसाफिरखाना-देवरा मार्ग के इसौली गोमती नदी पुल पर हुई। पुलिस ने बताया कि दोपहर बाद इसौली गांव के निवासी रबी उल्ला (30) अपने बेटे समीर (5) को मोटरसाइकिल से लेकर दवा दिलाने अमेठी जनपद के मुसाफिरख़ाना जा रहे थे। उसी समय अन्य मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक मोबाइल से रील बनाते हुए तेज रफ्तार से सामने से आ रहे थे और उनकी भिड़ंत हो गई।पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिता-पुत्र उछल कर 20 मीटर दूर जा गिरे। दोनों की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घायलों की पहचान अमेठी जिले के मुसाफिरखाना निवासी शिवम, सुशील व अनिल रूप में हुई है।

## राधाष्टमी में आई महिला समेत दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की गई जान

मथुरा।) मथुरा जिले के बरसाना में राधाष्टमी के अवसर पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच शनिवार सुबह अलग-अलग कारणों से एक महिला समेत दो बुजुर्गों की मृत्यु हो गई। भीड़ की वजह से कई श्रद्धालुओं की तबीयत खराब होने की भी खबर है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।
पुलिस ने बताया कि बरसाना में शुक्रवार की रात से श्रद्धालुओं की भीड़ है और इसकी वजह से कई श्रद्धालुओं की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई। उसने बताया लेकिन शनिवार सुबह महिला सहित दो लोगों की मृत्यु होने की जानकारी मिली है। पुलिस प्रवक्ता एवं निरीक्षक छोटेलाल के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे बरेली के श्यामगंज, फर्नीचर मण्डी, चिक्लापुर निवासी शोभा पत्नी हरप्रसाद (65) को बरसाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गंभीर अवस्था में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. मनोज वशिष्ठ ने बताया कि शोभा मधुमेह से पीड़ित थी तथा उनके शरीर में शर्करा का स्तर बहुत अधिक बढ़ गया था, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। जबकि उनके साथ आए परिजनों का कहना था कि ऐसा भीड़ के दबाव के चलते सांस फूलने व घबराहट से हुआ।

**ट्रक की टक्कर, एक की मौत और पांच घायल:** पीलीभीत जिले के पीलीभीत-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार बस और ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रक चालक मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अमरिया थाना प्रभारी ब्रजवीर सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार की रात को थाना क्षेत्र के केसरपुर के पास पीलीभीत-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर सितारगंज की ओर से आ रही एक बस को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। आमने-सामने की टक्कर में वाहनों के परख्च्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि हादसे में मुरादाबाद जिले के निवासी ट्रक चालक शकील (45) की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा बस में सवार महिला शीलू, सतीश, साहिल और राकेश समेत कुल पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भिजवा दिया गया।

## एएमयू में छात्र नेता की गिरफ्तारी के बाद छात्रों का हंगामा


**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में प्रदर्शनकारी छात्रों ने एक छात्र नेता की गिरफ्तारी के बाद हंगामा किया और परिसर के दो मुख्य प्रवेश द्वारों को अवरूद्ध कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार छात्र फरहान जुबैरी को पिछले 26 जुलाई को हुई हिंसा की एक घटना के सिलसिले में गैर जमानती वारंट के तहत शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। इस घटना में सात लोगों को नामजद किया गया था और छह की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि जुबैरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148 और 153 ए सहित कई अन्य मामले दर्ज थे।सिविल लाइंस के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अशोक सिंह ने बताया कि जुबैरी को शुक्रवार को सड़क किनारे वाहनों की जांच के दौरान पुरानी चुंगी क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कल शाम एक अन्य छात्र नेता ज़ैद शेरवानी को भी हिरासत में लिया था जो एक अन्य मामले में वांछित था, लेकिन कुछ समय बाद उसे छोड़ दिया गया। इन घटनाओं की खबर फैलते ही छात्रों का एक बड़ा समूह परिसर से सटे दोनों स्थानों पर एकत्र हो गया। इस बीच सुरक्षा उपाय के तौर पर परिसर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## सपा के तीन नेताओं के खिलाफ रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

प्रतापगढ। प्रतापगढ़ जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के तीन नेताओं के खिलाफ कथित तौर पर रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अपनी ही पार्टी के एक नेता से दस लाख रुपए की रंगदारी मांगने और धमकी देने के आरोप में सपा के जिलाध्यक्ष सहित तीन लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित की तहरीर के आधार पर सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 386 (भय दिखाकर जबरन वसूली) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिश्रा ने बताया कि प्रतापगढ़ शहर निवासी सपा नेता जावेद अख्तर एडवोकेट ने थाना नगर कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गत 12 सितंबर को एक मामले में जेल में बंद छविनाथ यादव को कौशांबी जेल से पेशी पर यहां प्रतापगढ़ अदालत लाया गया था और इसी दौरान सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने उन्हें अदालत में बुलाया और वहीं दोनों लोगों ने उनसे दस लाख रुपए की मांग की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अख्तर ने तहरीर में कहा है कि कुछ दिन बाद अज्ञात लोग उनसे मिलने आए और कहा कि गुलशन यादव ने दस लाख रुपए लेने के लिए भेजा है और न देने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। एएसपी ने कहा कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुत्र ने वृद्ध पिता की लाठी-डंडे से पीट-पीट कर दी हत्या

प्रतापगढ। प्रतापगढ़ जिले में अंतू थाना क्षेत्र के एक गांव में एक पुत्र ने अपने वृद्ध पिता की कथित रूप से लाठी-डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) जितेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि बीती रात शुक्लपुर गांव में जगदम्बा प्रसाद शुक्ल (80) को उसके पुत्र विनोद शुक्ला ने शराब के नशे में लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।सिंह ने बताया कि जगदम्बा प्रसाद शुक्ल को उपचार हेतु मेडिकल कालेज ले जाया गया , जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया लेकिन प्रयागराज में वृद्ध की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और परिजनों की तहरीर पर आरोपी पुत्र विनोद शुक्ला के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।



## सचिन ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**वाराणसी।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले भारत रत्न सचिन तेंदुलकरए सुनील गावस्करए कपिल देवए रवि शास्त्री एवं बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी तथा सचिव जय शाह शनिवार को सुबह वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वहां से सचिन तेंदुलकर सीधे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे जहां श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारी ने उनका विधिवत पूजन अर्चन कराया ।इस अवसर पर बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नीए सचिव जय शाहए क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावस्कर कपिल देव तथा रवि शास्त्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया दर्शन पूजन के पश्चात श्री काशी न्यास परिसर के वीआईपी लान में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यकारी निदेशक सुनील कुमार वर्मा ने भारत रत्न सचिन तेंदुलकर रवि शास्त्री सुनील गावस्कर कपिल देव तथा जय शाह को उत्तरी उड़ा कर उत्तरीय ओढ़कर उनका सम्मान किया।

## कौशांबी में ट्रक पलटने से चालक और खलासी की मौत

कौशांबी। कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर शनिवार को सुबह एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे से टकराकर पलट गया, जिससे चालक व खलासी (सहयोगी) सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि एटा जनपद निवासी चालक ध्यान पाल (59) अपने खलासी सुरजीत (22) के साथ आज सुबह डीसीएम ट्रक लेकर कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहा था।

उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गुलामीपुर के पास अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर लगे बिजली के खंभे से टकराकर पलट गया, जिससे चालक ध्यान पाल व खलासी सुरजीत की मौके पर ही मौत हो गई।

सीओ ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## साइमन गो बैक व अंग्रेजों भारत छोड़ो नारों के रचयिता थे यूसुफ मेहर अली- इं. वीरेन्द्र यादव

**रायबरेली।,** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में राष्ट्र के निर्माण व स्वतन्त्रता आन्दोलन में समाजवादियों का योगदान विषय पर चर्चा के अन्तर्गत सोसलिस्ट पार्टी के संस्थापक महात्मा गांधी, डा0 राम मनोहर लोहिया, लोकनायक जय प्रकाश नरायन के परम सहयोगी महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी युसुफ मेहर अली का 120वाँ जन्म दिवस कार्यक्रम जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि युसुफ मेहर अली का जन्म 23 सितम्बर 1903 को महाराष्ट्र प्रान्त के बाम्बे में एक उद्योगपति परिवार में हुआ था। छात्र जीवन से ही वह अंग्रेजों की दमनकारी नीति के विरोधी थे। वर्ष 1928 में साईमन कमीशन जब भारत आया तो महात्मा गांधी के आवाहन पर युसुफ मेहर अली ने बाम्बे बन्दरगाह पर गेट वे आफ इडिया में कुली का वेश रखकर अपने साथियों के साथ साइमन कमीशन के सदस्यों को काले झण्डे दिखाए व साइमन गो




बैक का नारा दिया जो कि पूरे देश में अंग्रेजों के विरूद्ध आजादी का इन्कलाब बनकर गूँजा और वर्ष 1934 में डा0 लोहिया, जयप्रकाश नरायन, आचार्य नरेन्द्र देव के साथ मिलकर सोसलिस्ट पार्टी का गठन किया। युसुफ मेहर अली ने वर्ष 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था, जो स्वतन्त्रता आन्दोलन का प्राण था। युसुफमेहर अली जेल में रहकर बाम्बे महानगर के मेयर बने थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बछरावाँ विधायक श्याम सुन्दर भारती ने कहा कि युसुफ मेहर अली स्वतन्त्रता आन्दोलन के महान नायक थे, किन्तु दु:ख है कि इतिहास के पन्नों में युसुफ साहब को वह स्थान नहीं मिला, जिसके वह हकदार थे। जिला उपाध्यक्ष डी.पी. पाल एडवोकेट ने कहा कि युसुफमेहर अली की राष्ट्र के प्रति सेवाएँ अतुलनीय है। वरिष्ठ नेता ओपी यादव ने कहा कि युसुफ मेहर अली के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक दिनेश कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि भविष्य में युसुफ मेहर अली का जन्म दिन कार्यक्रम पूरे जनपद में गाँव-गाँव मनाया जायेगा। सह संयोजक फिरोज अहमद एडवोकेट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युसुफ मेहर अली राष्ट्र के सच्चे सपूत थे। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बबलू लोधी, सौरभ यादव एडवोकेट, एम.आई. जावेद, मुशीर भाई, अवधेश रावत, शकील मंसूरी, कामरान सिद्दीकी, अकरम नवाब, विजयकरन यादव, इम्तियाज हुसैन, रईस, अभिकल यादव, अरविन्द यादव आदि ने सभा को सम्बोधित किया व संचालन महामन्त्री अरशद खान ने किया।

## व्यापारी ने उधार के रुपये मांग लिए तो दबंगों ने कार से कुचलने की कोशिश की

**शाहजहांपुर।** व्यापारी ने उधार के रुपये मांग लिए तो दबंगों ने कार से कुचलने की कोशिश की।` दबंग ने धमकाने के कुछ ही देर बाद एक दर्जन से ज्यादा दबंगों ने व्यापारी को रास्ते में घेर लिया। पुलिस ने उसको रास्ते से निकलवाया। आरोप है कि उसके बाद पुलिस तहरीर बदलने का दबाव बनाने लगी। थाना बंडा क्षेत्र के गांव मरादपुर निवासी इमदाद हुसैन का अमन के नाम से ईंट का भट्ठा है। क्षेत्र के रहने वाले मुनेंद्र सिंह ने भट्ठे से ईंट खरीदी थी। 97 हजार रुपये बकाए को जब भट्ठा मालिक ने मांगना शुरू किया तो दबंगों ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। 21 सितंबर की रात पीड़ित ने एक धर्मकांटा के पास मुनेंद्र को देख लिया।पीड़ित ने वहां जाकर दबंग से बकाया रुपये का तकादा किया। आरोप है कि इससे गुस्साए दबंग ने व्यापारी के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच दबंग ने मौके पर अपने साथियों को भी बुला लिया। व्यापारी को घेरकर उसके ऊपर कार चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की।घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ित के मुताबिक, दबंग का एक भाई हिस्ट्रीशीटर और जिला बदर अपराधी भी है। उसके हाथों कत्ल कराने की धमकी दे रहा है। जैसे-तैसे पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने आकर रास्ते से उसको निकलवाया। आरोप है कि, थाने में दबंगों के खिलाफतहरीर दी तो पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। जबकि दबंग उसको जान से मारने की भी कोशिश कर चुके हैं।व्यापारी ने कहा कि दबंग जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस कोई कार्रवाई भी नहीं कर रही। अब उस क्षेत्र से पलायन ही करना पड़ेगा। पीड़ित का आरोप है कि थाने में आरोपियों के खिलाफतहरीर दी थी। पुलिस दबाव बनाने लगी कि कार चढ़ाकर मारने की कोशिश वाली लाइन को तहरीर से हटाकर दो। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग पुलिस के आलाधिकारियों से ट्वीटर के माध्यम से की है। ट्वीट होते ही आलाधिकारियों की तरफसे थाना बंडा पुलिस को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर इस प्रकरण में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं

**मथुरा में होने वाले क्षत्रिय महा पंचायत के लिए प्रस्थान** :शाहजहांपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पदम सिंह की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) के सयुक्त नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल बैठक में 24 सितंबर को मथुरा में होने वाले क्षत्रिय महा पंचायत एवं क्षत्रिय समागम समारोह में शामिल होने साथियों के साथ प्रस्थान किया । कार्यक्रम की सफलता के लिए विचार व्यक्त किया गया । बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) ने कहा कि 24 सितंबर को क्षत्रिय महासभा के ब्रज प्रदेश का विशाल क्षत्रिय महा पंचायत एवं क्षत्रिय समागम मथुरा के वी0 वी0आर इंटरनेशनल स्कूल कोयला रोड टाउनशिप मथुरा में होगा । कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह, वरिष्ट राष्ट्रीय महामंत्री, की इस मौके पर प्रमुख रुप से मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, वरिष्ट जिला उपाध्यक्ष ठाकुर ओंकार सिंह (सिधौली )भूपेंद्र सिंह,शिशुपाल सिंह,अभिनव सिंह आदि लोग उपस्थित रहे

## दस क्षय रोगियों को गोद लेकर जिम्मेदारी संभाली

ऊंचाहार। कस्बा के बस स्टाप स्थित त्रिपाठी हास्पिटल के चिकित्सक द्वारा दस क्षय रोगियों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य, चिकित्सा की जिम्मेदारी संभाली है।देश को टीबी रोग मुक्त बनाने को प्रधानमंत्री द्वारा मरीजों की खोज कर समुचित उपचार के साथ सुपोषण की व्यवस्था की रही है। इसी के तहत शनिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल द्वारा क्षय रोगियों समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम को बस स्टॉप स्थित त्रिपाठी हास्पिटल भेजा। जहां हास्पिटल के चिकित्सक डॉ अमरनाथ त्रिपाठी द्वारा सभी दस क्षय रोगियों को स्वास्थ्य, सुपोषण सामाग्री प्रदान कर उनकी जांच, देखरेख, इलाज की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान डॉ त्रिपाठी ने कहा कि वैसे तो टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। लेकिन जिन लोगों में प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, यह रोग आसानी के साथ उन्हें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। इसलिए इन रोगियों को इलाज के साथ पौष्टिक भोजन भी जरूरी होता है। चिकित्सक ने गोद लिए गए मरीजों को पोषण पोटली में गुड, चना, सत्तू, फ्ल, दलिया, मूंगफ्ली और प्रोटीन पाउडर आदि दिया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य टीम में पुष्पेंद्र मौर्य, मैसूर आलम, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, अनिल कुमार पाल आदि लोग मौजूद रहे।

**प्रधान ने किसान का कटा डाला महुआ का पुष्तैनी हरा पेड़।**
ऊंचाहार (रायबरेली) छतौना मरियानी निवासी किसान ने ग्राम प्रधान पर अपना पुष्तैनी महुआ का हरा पेड़ कटा डालने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। उक्त गांव निवासी सुशील कुमार द्विवेदी का कहना है कि ग्राम प्रधान द्वारा लेखपाल की मिली भगत से बिना किसी अनुमति के शनिवार को उसकी भूमि पर खड़ा पुश्तैनी हरा महुआ का पेड़ कटा डाला। पीड़ित किसान द्वारा वन विभाग से लेकर तहसील व पुलिस से शिकायत की गई। लेकिन प्रधान की पहुंच के आगे उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच में दोषी पाए जाने पर प्रधान के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**घर की सीढ़ियो पर युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया:**लालगंज रायबरेली। कस्बे के गांधी चौराहे के निकट एक घर की सीढ़ियो में युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कस्बे के गांधी चौराहा के निकट एक मकान में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाये जाने से हड़कम्प मच गया। युवक की पहचान नीरज पुत्र फूलचंद्र निवासी तिकोना पार्क के रूप में हुई है। सूत्रो के अनुसार युवक नशे का आदी था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को शव कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणो का खुलासा हो

बाल संसद का चुनाव हुआ सम्पन्न:रायबरेली।बच्चों में देश की सबसे बड़ी संसद के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से शनिवार को अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय उफ्रामऊ में बाल संसद का चुनाव कराया गया।

### नगर निगम का द्वितीय अधिवेशन

## 169.62 करोड़ के प्रस्ताव किये गये पारित

**शााहजहॉपुर ।** नगर निगम का द्वितीय अधिवेषन षनिवार स्थान विकास भवन सभागार में महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में आहूत हुई ,जिसके परिपेक्ष्य में निम्नलिखित प्रस्ताव ध्वनिमत के साथ प्रस्ताव संख्या 2(1) को छोड़कार बाकी समस्त प्रस्ताव सर्व सम्माति से स्वीकृत किये गये। ` नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा ने कार्याकारिणी समिति की कार्यवाही एजेण्डा के अनुरूप महापौर में निम्न प्रस्ताव स्वीकृत किये गये। नगर निगम,षाहजहॉपुर के वित्तीय वर्श 2023- 24 आवंटित बजट के अनुसार 169.62 करोड़ की विकास योजना को कार्यकारिणी समिति के सदस्यो के द्वारा स्वीकार की गई। सम्पत्तिकर के एक मुष्त समाधान (ओ0टी0एस0) योजना सम्बन्धी प्रस्ताव स्वीकृत किया गया ।नवनिर्वाचित समस्त पार्शदो को सी0यू0जी0 नम्बर निगम निधि से उपलब्ध कराये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। 4 लाख तक के विकास कार्यो को ई-टेन्डर की बाध्यता समाप्त करते हुये सामान्य निविदा के माध्यम से कराये जाने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। कार्यकारिणी समिति ने सर्व सम्मति से दाखिल खारिज प्रकरणों में विलम्ब षुक्ल अधिकतम 5000.00 तक किये जाने के प्रस्ताव स्वीकृत किया । सदन के संज्ञानार्थ एवं अनुमोदनार्थ राज्य स्मार्ट सिटी के प्रस्ताव एवं अन्य प्रस्ताव को अनुमोदन करते हुये मा0 सदन के अनुमोदनार्थ अग्रसारित किया गया। फीकल स्लज एवं सेप्टेज मैनजमेन्ट के लिये उपविधि का प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। मोहल्ला समिति के माध्यम से विकेन्द्रीकृत कूड़ा प्रबन्धन का प्रस्तुतीकरण एवं इस पर विचार विमर्ष हेतु सदन के सम्मुख विचार्थ प्रस्तुत हेतु स्वीकृत किया गया।बोर्ड बैठक में महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा, वेद प्रकाष मौर्य, उप सभापति, पार्शदगण एव संतोश कुमार षर्मा, नगर आयुक्त एस0के सिंह अपर नगर आयुक्त, श्रीमती रष्मि भारती सहायक नगर एस0के0 अम्बेडकर मुख्य अभियन्ता (सिविल) सौरभ श्रीवास्तव महाप्रबन्धक (जल), मनोज मिश्रा,नगर स्वास्थ्य अधिकारी,श्री चन्द्रपाल मौर्या, लेखाधिकारी, राकेष कुमार सोनकर,मुख्य कर निर्धारण अधिकारी,ी नरेष कुमार,सहायक अभियन्ता (वि0या0) उपस्थित रहे।

## बारह रबी उल अव्वल के मद्देनजर हुई पीस कमेटी की बैठक

जगदीशपुर अमेठी।चंद दिनों बाद आने वाले त्यौहार बारह रबी उल अव्वल के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने व विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु निर्णय लिए गए। विकास खंड के अंतर्गत कोतवाली जगदीशपुर परिसर में तीन दिवसीय बारह रबी उल अव्वल का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु हुई बैठक में बोलते हुए उप जिलाधिकारी सविता यादव ने कहा कि जलसे में किसी प्रकार का व्यवधान ना आए इसके लिए कडे बंदोबस्त किए गए हैं कार्यक्रम स्थल पर जलभराव की समस्या के निदान के लिए नाले की सफाई कराने के निर्देश जारी किए वहीं बिजली पानी व रोड के गड्ढे आदि समस्याओं के समाधान त्यौहार से पूर्व ही कराने का आश्वासन दिया ।क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह ने कहा कि त्यौहारों पर गडबडी पैदा करने वालों के खिलाफ कडी कार्यवाई की जाएगी ।पटाखे फोड़ने व आतिशबाजी करने वालों पर भी कडी नजर रखी जाएगी ।जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकालकर अपना त्यौहार मनाए तथा कोई ऐसा काम ना करें जिससे माहौल खराब हो और प्रशासन को कार्यवाई करने की नौबत आए ।कोतवाल राकेश सिंह ने कहा कि शांति व सद्भाव के साथ हर्षोल्लास पूर्वक त्यौहार मनाए पुलिस द्वारा सुरक्षा के कडे बंदोबस्त किए गए हैं आराजक तत्वों पर कडी नजर रखी जाएगी निगरानी के लिए सादी वर्दी में भी चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा ।आराजक तत्वों व मनचलों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

## बीएचयू शोधकर्ताओं को मिली बड़ी सफलता




**सुशील कुमार मिश्रा** ।वाराणसी

### सर्वाइकल कैंसर पर किया ईजाद

**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित विज्ञान संस्थान के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने एक ऐसे माइक्रो आरएनए क्लस्टर की खोज की है जो विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा की कैंसर कोशिकाओं के प्रसार को रोकता है। यह अध्ययन डॉण् समरेन्द्र सिंह तथा उनके मार्गदर्शन में पीएचडी कर रहीं सुश्री गरिमा सिंह द्वारा किया गया है। सेल साइकिल एवं कैंसर लैब में किये गए इस अध्ययन के निष्कर्ष सर्वाइकल कैंसर के इलाज के लिए नई चिकित्सा पद्धति का पता लगाने के मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। इस अध्ययन ने दिखाया कि एक मानव माइक्रो.आरएनए क्लस्टरए उपत.17्92ए एक ऑन्कोजेनिक कोशिका चक्र कारक ब्कज2ध्क्ज्स् का दमन करके विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर कोशिकाओं के विकास और कैंसर की प्रगति को रोकता है और गैर.कैंसर कोशिकाओं पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव भी नहीं डालता है। इस खोज से गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के प्रबंधन में एक सुरक्षित और विशिष्ट चिकित्सा विकसित करने में मदद मिल सकती है। डॉण् समरेंद्र सिंह ने कहाए श्अध्ययन का आशाजनक परिणाम यह दिखाने वाला ऐसा पहला कार्य है कि उपत.17्92ए कोशिका चक्र को विनियमित करके गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर कोशिकाओं का दमन करता है। माइक्रोआरएनए कोशिका चक्र और विभिन्न अन्य सेलुलर प्रक्रियाओं के एक महत्वपूर्ण नियामक के रूप में उभरे हैं। माइक्रोआरएनए में विपथन को कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों के विकास से जोड़ा गया हैए लेकिन इस नियमन के पीछे के तंत्र का अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है। उन्होंने आगे कहाए श्हमने बताया है कि खोजा गया माइक्रो.आरएनए गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की कोशिकाओं के विकास करने वाले ऑन्कोजेनिक कारक के कुछ प्रतिलेखों को अस्थिर कर देता है। इसके कारण कैंसर कोशिकाओं की मेटास्टेटिक और प्रसार क्षमता अत्यधिक प्रभावित होती है।श्अध्ययन के निष्कर्ष प्रतिष्ठित स्प्रिंगर नेचर के शोध पत्रिका श्डिस्कवर ऑन्कोलॉजीश् में प्रकाशित हुए हैं।डॉण् समरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सेल साइकिल एवं कैंसर प्रयोगशाला कैंसरए विशेष रूप से गर्भाशय ग्रीवा और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर के क्षेत्र में अनुसंधान करती है। अपने अध्ययन को निष्पादित करने के लिएए यह लैब विभिन्न आणविक जीव विज्ञानए जैव रसायन और संरचनात्मक जीव विज्ञान उपकरणों का उपयोग करती है। प्रयोगशाला यह जांचने की कोशिश करती हैं कि कैंसर कोशिकाओं में कोशिका चक्र व्यवहार क्यों और कैसे गलत तरीके से नियंत्रित होता है। इससे पहलेए लैब ने एक और माइक्रो.आरएनएए उपत.34 की सूचना दी थी जो एक आवश्यक वायरल प्रोटीन म्6 को लक्षित करके कैंसर की प्रगति का दमन कर सकता है जिसे श्बीएमसी कैंसरश् में प्रकाशित किया गया था। इसके अलावाए उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के रोगियों के सीरम में ट्यूमर डीएनए के भार का मूल्यांकन करके कैंसर का निदान करने का एक नया तरीका खोजा है।

# बूथ से ही निकलता है चुनाव जीतने का रास्ता



**अयोध्या।** चुनाव प्रबंधन का सबसे मुख्य आधार बूथ होता है। बूथ जीतने से ही किसी भी चुनाव को जीतने का रास्ता बनता है। इसलिए बूथ सशक्तिकरण आवश्यक है। जिन बूथों पर विगत चुनाव में पार्टी की अच्छी स्थिति नही रही है। उन बूथों पर सर्वाधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उक्त बातें भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कही। वे पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में महानगर तथा जिले के कार्यकर्ता मौजूद थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मल्यापर्ण कर तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम कर शुभारम्भ किया गया। भाजपा द्वारा 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंनें आगे कहा कि मण्डल तथा शक्ति केन्द्रों में आयोजित बैठकों में पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम पर चर्चा हो उनकी समीक्षा की जाए। सभी प्रवासी अपने. अपने प्रवास स्थल पर जा कर बूथों की समीक्षा करें। बूथ कमेटियों को एक्टिव मोड पर लांए। बूथों पर सामाजिक समीकरण का विशेष ध्यान रखें। सेवा पखवाडा अर्न्तगत चलाए जा रहे आयुष्मान भव अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति कवरेज प्रदान करना है। सभी कार्यकर्ता आयुष्मान भवः कार्यक्रम में पूरी निष्ठा से कार्य करें। क्षेत्रीय मंत्री व मन की बात के प्रभारी संजय गुप्ता ने कहा सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करने की आगामी 24 सितम्बर को मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुना जाए।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि वोटर चेतना अभियान के तहत जिन अनूसूचित बस्तियों में लोगों की संख्या 200 से अधिक है वहां सम्पर्क करें। वहां समाजिक क्षेत्रए शासकीय सेवा में कार्यरत में कार्य करने वाले व्यक्ति का सम्मान करें। तथा बस्ती के किसी परिवार में भोजन करें।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम संपन्न हों पदाधिकारी इसमें जुट जाएं। जिनको जो जिम्मेदारी दी गई है वह पार्टी के सच्ची निष्ठा और लगन के साथ पार्टी का काम करें और बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुट जाएं। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ मजबूत करने के लिए जुट जाएं जो कार्यकर्ता किन्ही कारणों से कार्य नही कर पा रहे है उनसे चर्चा की जाए। आवश्यकता होने पर अन्य लोगों को जिम्मेदारी दी जाए। इससे पूर्व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यशाला में सांसद लल्लू सिंहए महापौर गिरीश पति त्रिपाठीए कमला शंकर पाण्डेयए ओम प्रकाश सिंहए अवधेश पाण्डेय बादलए शैलेन्द्र कोरीए राघवेन्द्र पाण्डेयए परमानंद मिश्रए राम कुमार सिंहए प्रतीक श्रीवास्तवए तिलकराम मौर्याए मनोज वर्माए अशोक कसौंधनए अरविंद सिंहए अनीता सिंहए दिव्य प्रकाश तिवारीए गोसाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवालए ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्माए अभिषेक सिंहए कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नूए इंद्रभान सिंहए चंद्रभान सिंहए रवि सोनकरए बाल कृष्ण वैश्यए आलोक द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनटीपीसी टांडा की अंबेडकर समिति ने स्कूली बच्चों को स्टेशनरी वितरित की



**अंबेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा परियोजना के आस पास के गांवों में शिक्षा के स्तर को सुधारने एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी टांडा की अंबेडकर समिति ने स्कूली बच्चों को स्टेशनरी वितरित की जिसमें प्राथमिक विद्यालय करीम पट्टीए प्राथमिक विद्यालय हूँसेपुरए प्राथमिक विद्यालय महरीपुरए प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुरए आदि स्कूलों को सम्मिलित किया गया। इस कार्यक्रम में अंबेडकर समिति के अध्यक्ष डॉ राजीवए वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर पी के सागरए उप महाप्रबंधक ;मानव संसाधनद्ध श्रीमती मृणालिनीए श्रीमती निष्ठाए समिति के महामंत्री सुरेंद्र कुमारए रविंद्र कुमारए शंख नाथ पैटए संदीप कुमारए आदि साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा बच्चों को स्टेशनरी वितरण कर पढ़ाई में आगे रहनेए जीवन में आगे बढ़नेए और बड़े होकर के सफल बनने का मार्गदर्शन दिया गया।

## थानों में समाधान दिवस का आयोजन



अंबेडकर नगर। जनसमस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्गत शासनादेश के क्रम में कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए थाना समाधान दिवस का आयोजन सभी थानों में किया गया। थाना हंसवर में थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 02 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 08 शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया।

## डीएम ने पाइप पेयजल योजना का आकस्मिक निरीक्षण किया

श्रावस्ती। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड गिलौला अन्तर्गत ग्राम हुसैनपुर खुरहरी एवं बरदेहरा पहुंचकर जल जीवन मिशन के तहत पाइप पेयजल योजना कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति के सदस्यों से मिलकर पेयजल



आपूर्ति से सम्बन्धित जानकारी भी लिया। इस दौरान जिलाधिकारी को अधिशासी अभियंता जल निगम एस0एम0 असजद ने अवगत कराया कि इस ग्राम सभा में दो हजार की आबादी है और 460 घरों को पेयजल का कनेक्शन देकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। और यह पानी का सप्लाई पम्पध्मोटर का सौर उर्जा से संचालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि पाइप पेयजल कनेक्शन से वंचित और लोगों को भी कनेक्शन दिया जाए और व्यवस्थित ढंग से पम्प संचालन का कार्य करके निरंतर जल आपूर्ति की जाएए ताकि ग्राम वासियों को स्वच्छ जल की कोई दिक्क्त न होने पाये।तदोपरान्त जिलाधिकारी ने बरदेहरा पहुंचकर वहां पर निर्माणाधीन टंकीध्पाइप पेयजल योजना का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया और अवशेष कार्यो को तेजी से कराकर कार्य पूरा करने का निर्देश दिए जिससे यहां के ग्राम वासियों को स्वच्छ पेयजल मुहैया हो सके।

## यात्रा सीजन को लेकर उत्साह

कानपुर। फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ यात्रा करने या अकेले सफर के लिए आसानी से बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए कायक ने भारतीय फिल्म अभिनेता मृणाल ठाकुर से साझेदारी की है। कायक ने 1200 भारतीयों को अपनी इस उपभोक्ता रिसर्च में शामिल किया। इस रिसर्च में कायक ने पाया कि भारतीय इस फेस्टिव सीजन में सफर के लिए बेहद उत्साहित हैं। त्योहार का यह मौसम नवरात्र से शुरू होकर दिवाली और भाईदूज तक चलेगा। कायक की उपभोक्ता रिसर्च के अनुसार इस सर्वे में शामिल 98 फीसदी लोगों ने इस फेस्टिव सीजन में अपने देश में ही घूमने की मंशा जताई।इंडिया कंट्री मैनेजर तरुण तहिलियानी ने कहा, यह फेस्टिव सीजन निश्चित रूप से भारतीयों के लिए काफी उत्साहजनक होगा।

## नि:शुल्क रह सकती हैं महिलाएं

सोनभद्र। भागीरथी सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद सोनभद्र में उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम के सहयोग से भागीरथी सेवा संस्थान द्वारा वृद्ध महिला आश्रम का संचालन किया जा रहा है। जहां निराश्रित वृद्धा महिलाएं अपनी स्वेच्छा से निवास कर सकती हैं यहां उनकी अच्छी देखभाल, खाना, रहना पूर्णता निशुल्क है।

# 120 अस्थाई पार्किंग स्थल होंगे विकसित

## महाकुंभ 2025 की ट्रेफिक एडवाइजरी कमेटी की हुई पहली बैठक



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज की ट्रैफिक व्यवस्था उत्कृष्ट करते हुए आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के दृष्टिगत आज अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर सिंह की अध्यक्षता में ट्रेफिक एडवाइजरी कमेटी की पहली बैठक कमिश्नर कार्यालय स्थित गांधी सभागार में हुई। इस मौके पर मेलाधिकारी महाकुंभ विजय किरन आनंद ने कुंभ 2019 के अनुभवों को साझा करते हुए उनसे मिली सीख के आधार पर महाकुंभ 2025 हेतु एक कार्य योजना प्रस्तुत की। जिसमें आगामी महाकुंभ में पिछले महाकुंभ से डेढ़ गुना भीड़ के आने की अपेक्षा करते हुए अवगत कराया कि पार्किंग एरिया को बारह सौ हेक्टेयर से बढ़कर 1800 हैकटेयर किया जा रहा है। श्रृद्धालुओं की अपेक्षित भीड में वृद्धि को देखते हुए मेला क्षेत्र को भी 3200 हेक्टेयर से बढ़ाकर 4000 हेक्टेयर किया जाएगा। भारी मात्रा में श्रृद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत एवं ट्रैफिक व्यवस्था के बेहतर प्रबन्ध हेतु आईसीसीसी के कार्यों में भी विस्तार किया जा रहा है। इसमें अस्थायी सर्विलास सिस्टम के अन्तर्गत 676 सीसीटीवी कैमरा पीटीजेड एवं फिक्स 12 एएनपीआर कैमरा तथा आर्टीफिशियल इन्टेलीजेंस एआई बेस्ड उत्कृष्ट भीड़ प्रबन्धन प्रणाली का प्रयोग किया जाएगा। पार्किंग मैनेजमेंट सिस्टम के अन्तर्गत 120 अस्थाई पार्किंग स्थलों को विकसित किया जा रहा है। जिसमें लगभग 720 सीसीटीवी कैमरा तथा एआई बेसड वाहन गिनने की प्रणाली की व्यवस्था भी होगी। विभिन्न स्थलों पर 40 वीएमडी स्क्रीन्स जिनके माध्यम से इमेज एवं वीडियो मैसेज प्रसारित किये जा सकेंगे। बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशनों पर 126 सीसीटीवी कैमरा काल सेन्टर की क्षमता को 20 से बढ़ाकर 40 करने मेला क्षेत्र का गूगल मैप से इन्टीग्रेशन जिससे कि मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थलों को गूगल मैप पर देखा जा सकेंगा तथा एक हजार शटल बस चलाने जैसे नये प्रयास भी किए जा रहे हैं। साथ ही इस बार 1300 से बढ़ाकर 2000 टेन्ट की टेन्ट सिटी विकसित करने तथा आईईआरटी के पास एक बडा पार्किंग स्थल भी विकसित करने की योजना है। सिविल एयरपोर्ट की क्षमता वृद्धि भी की जा रही है। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक से विभिन्न पार्किंग स्थलों सेटेलाइट टाउन पर की जा रही व्यवस्थाओं कैमरों को लगाने हेतु स्थानों के चुनाव पुलिस ट्रेनिंग एवं वर्क प्लान मेले में शटल बसों के आवागमन पर चर्चा हुई। बैठक में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत विभिन्न प्रमुख स्थलों पर रूट मैप्स लगाने का सुझाव दिया। फायर सेफ्टी के नोडल चीफफायर आफीसर ने बड़े टेन्टस की थ्री डी माडलिंग कराते हुए आग लगने की दशा में उन बड़े टेंट से कैसे निकला जा सकता है। इसकी जानकारी वीएमडी के माध्यम से उन परिसरों में लगाने तथा सेना का प्रतिनिधित्व कर रहे कर्नल क्यू ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर करने के दृष्टिगत ड्रोन के माध्यम से निरन्तर निगरानी करते रहने का सुझाव दिया। पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के दृष्टिगत पुराने एवं अनुभवी अफसरों से मार्गदर्शन लेने तथा 112 का इन्टीग्रेशन मेला कन्ट्रोल रूम से कराने का सुझाव दिया। अध्यक्षता कर रहे अपर पुलिस महानिदेशक ने महाकुम्भ की सफलता बेहतर ट्रेनिंग

## क्विक न्यूज

### भारतीय संस्कृति का संरक्षक है व्यापारी समाजः राजेंद्र मिश्रा



प्रयागराज। भाजपा के नवनियुक्त प्रयागराज के महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र का आज कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं में अति लोकप्रिय राजेन्द्र मिश्र की नियुक्ति पर लोगों में जबरजस्त उत्साह है। आज अपने तूफानी दौरे के दौरान सलोरी टैगोर टाउन जगराम चौराहा तेलियरगंज शिवकुटी और दारागंज में अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग एकजुट होकर मिशन 2024 की सफलता के लिये युद्ध स्तर पर जुट जाएं। किसी भी मूल कार्यकर्ता की उपेक्षा नही होने देंगे। नये लोगों के सम्मान का भी ख्याल रखा जाएगा। सबका साथ सबका विकास का मूलमंत्र लेकर सभी के हित में काम किया जाएगा। मेरे घर का दरवाजा सभी के लिये हर वक्त खुला रहेगा और जो भी काम इस सेवक लायक होगा पूरी ईमानदारी से कार्य किया जाएगा। स्वागत करने वालों में देवेन्द्र नाथ मिश्र विक्रमजीत सिंह भदौरिया देवेश सिंह नवीन शुक्ल विजय लक्ष्मी सिंह भानु प्रकाश मिश्र अजय सिंह आनंद श्रीवास्तव नीरज दीक्षित राजू राय सरोज गुप्ता विजय पुरी श्याम हेला चंदन भट्ट अनिल श्रीवास्तव मनोज शुक्ल डा स्वतंत्र शुक्ल संजय पासवान आशीष द्विवेदी डाण्रंजन वाजपेयी बाली शंकर त्रिपाठी एजाज्जुद्दीन नवीन पाठक चंदन शुक्ल सुदामा केशरवानी वीरेंद्र तिवारी कमलेश शिवम द्विवेदी कुलदीप मिश्र राकेश भारतीय हरीश पासवान शैलेश पाल नवाब खान राजेश केशरवानी आदि रहे। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा कीडगंज में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा का भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के सह संयोजक रविंद्र जायसवाल ने अंग वस्त्रम पहनाकर स्वागत किया।महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि व्यापारी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और भारतीय संस्कृति का संरक्षक रहा है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी में व्यापारियों को सम्मान पूर्वक स्थान दिया गया है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने राजेंद्र जायसवाल राजेश केसरवानी रुद्रसेन जायसवाल मनोज मिश्रा चंद्रशेखर मिश्रा संजय कुमार पूनम नरेंद्र देव पांडेय विभूति नारायण सिंह शशि वार्ष्णेय कमलेश कुमार गौतम अवधेश चंद्र गुप्ता अभिलाषा गुप्ता सीता शरण शास्त्री रईस चंद्र शुक्ला राकेश शुक्ला श्रीपत विजय श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचकर भेंट किया।

### स्वर्ण पदक वीरों के लिए मुक्त विश्वविद्यालय ने बनाया सेल्फी प्वाइंट




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में 26 सितंबर को आयोजित होने वाले 18वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों के लिए विश्वविद्यालय ने सेल्फी प्वाइंट का निर्माण किया है। गंगा परिसर में शुक्रवार को सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन कुलपति प्रो सीमा सिंह ने किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों के साथ सेल्फी ली। प्रदेश भर से आने वाले मैडम के पास इसके साथ ही राजभवन के निर्देश पर दीक्षोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत महिला सम्मेलन स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गांव गोहरी प्रयागराज के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया।महिला अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में रस्सी कूद एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।कार्यक्रम का समन्वय प्रो रुचि बाजपेई तथा संचालन हेमलता पटेल ने किया। इसके अतिरिक्त शिक्षा विद्या शाखा द्वारा गोद लिए गांव बारी विकास खण्ड सोरांव में परंपरागत खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सौ मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद खेल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर पी के स्टालिन निदेशक शिक्षा विद्या शाखा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संयोजक उषा देवी ने विश्वविद्यालय से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। यह जानकारी डॉ प्रभात चंद मिश्र मीडिया प्रभारी ने दी।

### उर्वरक की फर्जी बिक्री पर होगी कठोर कार्रवाई-डीएम



संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि किसानों को उर्वरक बिक्री उनके निर्धारित भूमि जोत एवं बोई जाने वाली फसल के अनुपात में करें एवं किसानों को उर्वरक क्रय की रसीद दें। यह संज्ञान में आया है कि उर्वरक कंपनियों एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं के कहने पर फुटकर उर्वरक विक्रेता फर्जी उर्वरक बिक्री कर रहे हैं। समस्त उर्वरक विक्रेताओं को सचेत किया जाता है कि किसी के कहने पर, किसी प्रकार के प्रलोभन में फर्जी उर्वरक की बिक्री न करें। उर्वरक बिक्री सूचना उर्वरक बिक्री केंद्रवार किसानवार प्रतिदिन प्राप्त हो रही है, जिस उर्वरक विक्रेता के द्वारा फर्जी उर्वरक बिक्री का कार्य किया जाएगा, तो संबंधित के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस लाइन में नवनिर्मित आवासों का एडीजी ने किया शुभारंभ



संतकबीरनगर। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर अखिल कुमार द्वारा जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन में नवनिर्मित टाइप प्रथम व द्वितीय रामगंगा ब्लाक के 36 आवासों का वैदिक मन्त्रोचार के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में कैम्प कार्यालय पर नवनिर्मित बहुउद्देशीय जलाशय का वैदिक मन्त्रोचार के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया व सौन्दर्यीकरण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, थानाध्यक्ष महिला थाना लालबिहारी निषाद, प्रभारी यातायात परमहंस यादव

# नेशनल लेविल सर्विस कैम्प में प्रतिभाग करेंगे 5 स्काउट्स रोवर

गोंडा। श्री लाल बहादुर शास्त्री कालेज के 05 स्काउट्स रोवर भारत स्काट्स और गाइडे राष्ट्रीय मुख्यालय के पत्र के अनुपालन में सात दिवसीय नेशनल लेविल सर्विस कैम्प/वर्कशाप आन स्वच्छ भारत अभियान एण्ड क्लीन इण्डिया एनीटेटिव शिविर हेतु चयनित किए गये हैं। जो दिनांक 24 से 30 सितम्बर 2023 तक प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए कालेज के रोवर लीडर प्रो0 आर0बी0 सिंह बघेल ने बताया कि यह वर्कशाप भारत स्काउट्स और गाइड नेशनल यूथ कामलेक्स गदपुरी हरियाणा में आयोजित हो रही है। वहीं कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार ने इसे उपलब्धि बताते हुए रोवर्स के सेवा कार्य की मुक्तकंठ से प्रशंसा किया। महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति के सचिव उमेश शाह, उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, डॉ0 रेखा शर्मा, डॉ0 संतोष श्रीवास्तव, डॉ0 अजीत मिश्र एवं प्रो0 राम समुझ सिंह आदि ने चयनित स्काउट्स रोवर अमन तिवारी, विकास कुमार गौतम, विशाल मिश्रा, प्रशान्त मिश्रा व हर्षित सिंह का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## हिंदी भारत की पहचान हैः घनश्याम

गोंडा। अधिवक्ता परिषद की गोंडा इकाई द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय न्याय व्यवस्था में हिंदी की भूमिका विषयक संगोष्ठी जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह के आवास पर आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए अधिवक्ता परिषद के संरक्षक घनश्याम पांडेय ने कहा कि हिंदी सिर्फभाषा ही नहीं बल्कि भारत की पहचान है। यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। अपनी मातृभाषा में हम अपने विचारों को ज्यादा प्रभावी रूप से व्यक्त कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी हिंदी बोलने वालों की जिम्मेदारी है कि हम हिंदी को मजबूत करने के लिए संकल्पित हों। संचालन करते हुए महामंत्री धनलाल तिवारी ने कहा कि अक्सर लोग हिंदी बोलने वालों को हेय दृष्टि से देखते हैं। उन्हें अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है। संगोष्ठी में के0पी0 सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, रामबाबू तिवारी, शुभम शुक्ला, विनोद यादव, शैलेंद्र मिश्रा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालयों का हुआ लोकार्पण

गोंडा। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया। इनका निर्माण लगभग 1,115 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रत्येक विद्यालय का निर्माण लगभग 10 से 15 एकड़ क्षेत्र में किया गया है।

# एडीजी जोन का आदेश प्रत्येक शिकायत पत्र रजिस्टर पर हो दर्ज



**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर अखिल कुमार ने शनिवार को खलीलाबाद कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुँचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा थानो के रजिस्टर को चेक कर निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायती पत्र रजिस्टर पर अवश्य दर्ज हो। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि भू–माफियाओं को चिन्हित कर राजस्व अधिकारियों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आते हुए कार्यवाही करें। इस दौरान जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता उपस्थित रहे। फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें, किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। तत्पश्चात उन्होंने वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर श्रीमती दीपांशी राठौर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका विनय मिश्र, इंस्पेक्टर कोतवाली रविन्द्र सिंह सहित सभी हल्का के उपनिरीक्षक व राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# अंबेडकरनगर महोत्सव में जुटेंगे देश के नामी कलाकार



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद अम्बेडकरनगर में हवाई पट्टी पर 28 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय अंबेडकरनगर महोत्सव कार्यक्रम दिनांक 27, 28 व 29 सितंबर को आयोजित किया जा रहा। जिसके अंतर्गत प्रदेश और देश के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। दिनांक 27 सितंबर को कैलाश खेर बालीबुड पार्श्व गायक का कार्यक्रम किया जा रहा है साथ ही साथ स्कूली छात्र एछात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिताए मेंहदी प्रतियोगिताए सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। 28 सितंबर को बॉलीवुड प्ले बैक सिंगर शबाब सबरी का कार्यक्रम किया जा रहा है तथा कवि सम्मेलन टीम विनीत चौहान ;अलवरद्धए शशिकांत यादव ;देवाशद्धए कमलेश राजहंस ;सोनभद्रद्धए अमन अक्षर ;इंदौरद्धए पंकज पलाश ;शाजापुरद्धए सुनील व्यास ;मुम्बईद्धए निधि गुप्ता कशिश ;जबलपुरद्धए सौरभ जायसवाल ;लखनऊद्धए अभय निर्भीक संयोजक ;अम्बेडकर नगर द्ध द्वारा किया जाएगाए साथ ही साथ स्कूली छात्र ए छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिताए सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। 29 सितम्बरए को क्विज एडिवेट प्रतियोगिता ए पोस्टर एस्लोगन एलोगो थीम ए पेंटिग एसांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली छात्र ए छात्राओं द्वारा किया जायेगा। बच्चों के लिए झूलेए स्टालए लोकल स्टालए अन्न मिलेट्सए बच्चों का कार्यक्रमए मिनी मैराथन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगेंए साथ ही साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जायेगा। अंबेडकर नगर महोत्सव के अवसर पर प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम का समापन मुख्य सचिव महोदय की उपस्थिति में किया जाएगा। जनपद वासियों से अपील है कि अम्बेडकरनगर विकास महोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभाग करेंए जिससे आयोजित होने वाले वॉलीबुड कार्यक्रमए भोजपुरी कार्यक्रमए कवि सम्मेलनए स्थानीय कलाकारों तथा बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम को देख सकें तथा लगने वाले स्टालों का अवलोकन कर सकें।

## अज्ञात वाहन ने बैलगाड़ी को मारी टक्कर, एक की मौत-एक घायल .

श्रावस्ती। जमुनहा . थाना सोनवा थाना अंतर्गत जमुनहा बहराइच मार्ग पर बनिया गांव के पास भूसा लेकर जा रहे एक बैलगाड़ी को एक अज्ञात चौपहिया वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे बैलगाड़ी पर सवार एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आसपास के लोगों के सहयोग से घायल को अस्पताल भेजा तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना सोनवा था क्षेत्र के चन्दरखा बुजुर्ग गांव जोजी पुरवा निवासी मकसूद शुक्रवार को बैलगाड़ी पर भूसा लेकर बहराइच जा रहा था। सोनवा थाना के जमुनहा बहराइच मार्ग पर बनिया गांव के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित अज्ञात चौपहिया वाहन ने बैलगाड़ी को ठोकर मार दिया जिससे मकसूद की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बैलगाड़ी पर सवार बहराइच जिले के दरगाह थाना क्षेत्र के जब्दी गांव निवासी लालू गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल लल्लू को इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुचाया तथा मकसूद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मकसूद की पत्नी गुलशन जहां की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## अटल आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल शुभारम्भ

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी से प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। जिसके क्रम में जनपद अयोध्या के तहसील रुदौली क्षेत्र अन्तर्गत अमराई गांव में बने अटल आवासीय विद्यालय में मा0 सांसद श्री लल्लू सिंहए मा0 विधायक रुदौली श्री रामचंद्र यादवए मण्डलायुक्त श्री गौरव दयालए जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपश्रमायुक्त श्रीमती प्रतिभा तिवारीए उपजिलाधिकारी

कलेक्ट्रेट में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

# शासन की योजनाओं का गुणवत्तापरक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें

● बाढ़खंड के कामकाज को जनप्रतिनिधियों ने सराहा, ताली बजाकर किया अभिवादन

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अनुश्रवण के लिए जनपद स्तरीय गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री भारत सरकार, खीरी सांसद अजय मिश्र 'टेनी' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। सांसद ने एक-एक योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की हकीकत भी परखी। मौजूद विधायक ने भी विकास कार्यों को गति देने के लिए अपने सुझाव दिए,जनप्रतिनिधियों ने बाढ़ खंड डिवीजन के ईई राजीव कुमार के बेहतर बाढ़ प्रबंधन एवं कामकाज के लिए एवं उनके क्षेत्र को बाढ़ एवं कटान से मुक्ति दिलाने के लिए सराहना की।

बैठक में मुख्य रूप से विधायक योगेश वर्मा, विनोद अवस्थी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, जेडीसी केके सिंह, सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय सिंह, जिपं अध्यक्ष प्रति. नरेंद्र सिंह, पीडी एसएन चौरसिया,ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता, ब्लाक प्रमुख बेहजम एवं फूलबेहड़, सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, जितेंद्र त्रिपाठी, अंबरीश सिंह, समिति के नामित सदस्य बीना सिंह, दीपक पुरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।



केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि जिले में योजनाओं के नियमित अनुश्रवण, समीक्षा से ही केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जनकल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं का लाभ जिले के लोगों को अधिक से अधिक मिल रहा है। साथ ही साथ विभागीय कामों में खीरी जिले ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में एक अलग स्थान बनाया। जिस कारण ही खीरी की प्रदेश में अलग पहचान बनी है। मैं चाहता हूं, यह निरंतरता बनी रहे और हम लोग अपने जिले के लोगों की समृद्धि, खुशहाली के लिए, जो प्रयास कर रहे हैं, उन प्रयासों में हम सफल हो। जनपद वासियों के जीवन जीने की सामान्य सुविधाएं, एवं जरूरत बढ़े। इसके लिए हम निरंतरता से काम करें। अफसर जनप्रतिनिधियों के सहयोग, मार्गदर्शन में जिले की इस रफ्तार को जारी रखते हुए गुणवत्ता को और बेहतर बनाएं। केंद्रीय मंत्री के पूछने पर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि जिले में डेंगू के 36, मलेरिया 206, एईएस/जेई 15, स्क्रबटाइफस 10, लेप्टोस्पायरोसिस 20 केस रिपोर्ट हुए। जिन गांवों में बुखार के मामले अधिक हैं। वहां कैंप लगाकर स्वास्थ्य विभाग प्रभावी कार्यवाही कर रहा। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। विधायक सदर ने साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर किए जाने की बात कही। डीएम ने बताया कि एलीसा टेस्ट के जरिए डेंगू की पुष्टि होती है। यह टेस्ट किट केवल जिला चिकित्सालय में ही है। बुखार के मामले में सरकारी चिकित्सालय आकर ट्रीटमेंट शुरू कराएं। बुखार में कतई लापरवाही ना बरते, तुरंत इलाज शुरू कराए। फर्जी पैथोलॉजी/चिकित्सालय/क्लीनिक के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही जारी है। पोर्टल पर प्राप्त नए, चिकित्सालयों ने पंजीकरण ऐसे मामलो में जहा स्थानीय चिकित्सक न होने सहित अन्य विसंगतियों है। उन सभी आवेदनो को रिजेक्ट किया जा रहा है। अवैध चिकित्सालयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए, पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री की रिवैंप योजना की समीक्षा के दौरान ईई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि रिवैंप योजना के तहत जिले में 25636 पोल के सापेक्ष अबतक 4274 पोल लग गए।

## थाना समाधान दिवस : डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें

● थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें।

अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होंने शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओं से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर कराएं।



## अपात्रों को आवास देने की टॉप टेन सूची में सीतापुर तीसरे स्थान पर

संवाददाता। सीतापुर

● विभागीय आंकड़ों के अनुसार 2017 से अब तक सीतापुर में पाए गए 845 अपात्र

यूपी के कई जिलों में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर जिम्मेदारों ने गोल-माल कर दिया है। राजधानी से सटे सीतापुर में भी बड़े पैमाने पर आवास आवंटन में गड़बड़ी पाई गई है।

हैरान करने वाली बात तो यह है, कि राजधानी से सटा यह जिला अपात्रों को आवास देने वालों की टॉप टेन सूची में तीसरे पायदान पर है। यानी कि कहीं न कहीं जिम्मेदारों की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिम्मेदारों पर क्या कुछ एक्शन लिया जाता है यह तो बाद में पता चलेगा फिलहाल एक रिपोर्ट के मुताबिक सीतापुर में 379 अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर दिए गए है। जबकि सीतापुर में विभाग से जो जानकारी मिली है। उसके अनुसार वर्ष 2017 से अब तक 845 अपात्र पाए गए है। जिनसे लगातार पैसों की रिकवरी की जा रही है।

अब तक तीन करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके है। आइये अब जानते है कि सीतापुर में वर्ष 2022/23 में आवासों के आवंटन का लक्ष्य और स्वीकृत का आंकड़ा क्या रहा तो आपको बता दें, कि सीतापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में वर्ष 2022/23 में 34425 आवासों का लक्ष्य रखा गया है। जबकि इनमें से 34377 आवास स्वीकृत हो चुके है।

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इनमें से 26602 से आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे इतर वर्ष 2017 से 2022 तक पर नजर डालें तो कुल दो लाख छह सौ तिरासी आवास स्वीकृत किए गए जिनमें से 199039 आवास बन चुके है। इनमें से 1655 आवासों का निर्माण कार्य अभी पूरा होना है।

## सीएचसी रेउसा में अव्यवस्थाओं की भरमार

सीतापुर। शहर से लेकर गांवों तक में डेंगू मलेरिया, जेई व टायफाइड बुखार फैला हुआ है, फिर भी सरकारी अस्पतालों में अव्यवस्थाओं की भरमार हैं। जनपद सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले बुखार पीड़ितों का इलाज सीमेंन्टेड बेंचों पर बैठाकर किया जा रहा है। मरीज बच्चों पर बैठकर ग्लूकोज चढ़वाने का मजबूर हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आई ड्रिया को फेन करने के बाद मरीज को बेड उपलब्ध हो पा रहा है। शासन ने भले ही डेंगू, मलेरिया बुखार को लेकर अलर्ट जारी कर रखा हो लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा हैं। सीएचसी रेउसा में ईटीसी वार्ड स्थित हैं लेकिन वार्ड में अक्सर ताला लटकता रहता है। वार्ड अव्यवस्थाओं की भरमार है वार्ड में गंदगी ही नहीं फर्स पर जलभराव है यह हाल उस स्वास्थ्य महकमे का है जो महकमा घरों के आसपास जलभराव न होने देने के प्रति जागरूक करता रहता है स्वास्थ्य विभाग आमजन मानस को यह भी बताता है, कि ठहरे हुए पानी में डेंगू मच्छर सबसे ज्यादा पनपतें है।

## वायू प्रदूषण पर गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित करवाईं प्रतियोगिताएं

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा वायु प्रदूषण पर वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य श्री राम ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने शिरकत की और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री राम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की एनसीडी सेल द्वारा राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत वायु प्रदूषण पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विद्यालय में वाद विवाद, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इनमें चित्रकला प्रतियोगिता में शिवम प्रजापति 9ए के प्रथम, सैय्यद बिलाल जैदी कक्षा 8 को द्वितीय और अनुराग श्रीवास्तव 10 बी को तृतीय पुरस्कार मिला। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पवन कुमार 9 बी, द्वितीय स्थान अंकित कुमार 11 ए, तृतीय स्थान अभिषेक श्रीवास्तव 12ए ने प्राप्त किया। इसी तरह निबंध प्रतियोगिता में अमन वर्मा 12ए ने प्रथम स्थान, अंकित मौर्य 10 बी ने द्वितीय और शिवांश 9 सी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। इसी के साथ कई अन्य बच्चों को सवाल जवाब प्रतियोगिता कर पुरस्कार वितरण किए गए।पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को मुख्य अतिथि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में राजकीय इंटर कॉलेज के बाद गांधी विद्यालय के बच्चों ने भी इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया है। विद्यालय के सभी बच्चे बेहद होनहार हैं। तीनों ही प्रतियोगिताओं में जिस तरह से बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है, उससे यह पता चलता है कि यह सभी वायु प्रदूषण को लेकर बेहद सजग हैं। ऐसे में इन बच्चों को और अधिक जागरूक करके समाज में अन्य लोगों को स्वास्थ्य विभाग यह संदेश देना चाहता है कि वायु का स्वच्छ होना समाज और इस धरती के लिए कितना जरूरी है।

### बीमाकर्ताओं को बदलना आसान

वाराणसी। सड़कों पर कानूनी रूप से ड्राइव करने के लिए कम से कम थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी होना अनिवार्य है। अब पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसी को किसी अन्य इंश्योरेंस कंपनी में स्विच कर सकते है।नितिन कुमार कहते हैं अगर पॉलिसीधारक पॉलिसी और उसके लाभों से संतुष्ट नहीं है तो मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी काम आती है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे कि अगर पॉलिसीधारक को सस्ती कीमत पर व्यापक कवरेज मिल रहा है या अगर बीमाकर्ता या एजेंट ने मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी बेचते समय उनको गुमराह किया है।

## फर्स्ट लेबिल चेकिंग के संबंध में डीएम ने दी जरूरी जानकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेबिल चेकिंग भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा 11 सितंबर से जिले में विद्यमान कुल-08 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल मतदेय स्थल संख्या-2890 के सापेक्ष बैलेट यूनिट 160 प्रतिशत कुल-4715, कन्ट्रोल यूनिट 135 प्रतिशत कुल-3978 एवं वीवीपैट 145 प्रतिशत कुल-4273 की फर्स्ट लेबिल चेकिंग का कार्य शुरू कर दिया है। उक्त आशय की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी।

उक्त फर्स्ट लेबिल चेकिंग कार्य को प्रात:-09 बजे से सायं-07 बजे तक प्रतिदिन (अवकाश दिवसों सहित) उपरोक्त संख्या के अनुसार पूर्ण होने तक कराया जाना है। यह कार्य 30 सितम्बर को समाप्त होने की सम्भावना है और 29 सितंबर एवं 30 सितंबर को 01 प्रतिशत ईवीएम-वीवीपैट के सेट पर 1200 वोट, 02 प्रतिशत ई0वी0एम0-वी0वी0पैट के सेट पर 1000 वोट एवं 02 प्रतिशत ईवीएम-वीवी पैट के सेट पर 500 वोट मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉकपोल कराया जायेगा। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्राधिकृत प्रतिनिधि प्रतिदिन उपस्थित भी हो रहे हैं।

## डीएम ने लगाई राजस्व कार्मिकों की पाठशाला

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

थाना समाधान दिवस के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने थाना खीरी में लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों की पाठशाला लगाई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल जाति, आय, निवास प्रमाण पत्रों को नियत समयावधि सात दिन के भीतर अनिवार्य रूप से निर्गत करें। ऑनलाइन ई-

डिस्टिक पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराए। न्यायालय के कार्य एवं प्रकरणों में सर्वोच्च प्राथमिकता में ले। अविवादित वरासत के मामलों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करे। राजस्व कार्मिक आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अपना अपेक्षित सहयोग दे।

● अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर न हो कम्बाइन का संचालन, सुनिश्चित कराए कार्मिक

● ई-डिस्ट्रिक्ट सर्विसेज से तेज मिलें सुविधाएं, एक हफ्ते के अंदर मिलें आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र सुनिश्चित कराए राजस्व कार्मिक

पराली जलाने के दुष्प्रभाव का व्यापक प्रचार प्रचार कराए। फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रारीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्र का उपयोग अनिवार्य रूप से हो तथा उक्त व्यवस्था बगैर कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर से कटाई न करने पाये। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुयी मिले तो उसको तत्काल सीज करते हुये कम्बाइन मालिक के स्वयं के खर्च पर सुपर स्ट्रा-मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों में स्थलीय भ्रमण कर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। गो आश्रय स्थलों को निकटवर्ती चरागाहों से टैग कराएं। आमजन से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें।

## मंत्री ने बाल वैज्ञानिक आराध्य को किया सम्मानित

संवाददाता। शाहजहॉपुर



स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी मे किया गया एवं इसी विद्यालय का मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप (पिछड़ा वर्ग कल्याण दिव्यांगजन सशक्तिकरण) द्वारा निरीक्षण किया गया स कार्यक्रम के दौरान इसी विद्यालय की बाल वैज्ञानिक आराध्या पांडे को विद्यालय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया. ज्ञात रहे आराध्या पांडे ने पिछले दिनों मेरठ में आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में अपना वैज्ञानिक प्रोजेक्ट प्रस्तुत करके पुरस्कार हासिल किया था. इस दौरान उन्होंने प्रधान अध्यापिका रूफिया खान की प्रशंसा की और उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंत्री ने विद्यालय की व्यस्थाओ पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय मे सभी पैरामीटर पूर्ण है, विद्यालय का स्वक्छ वातावरण ही बच्चों को विद्यालय आने और सीखने को प्रेरित करता है। इससे पूर्व विद्यालय के बच्चों द्वारा गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ अतिथियों का तिलक लगाकर अभिवादन किया गया तत्पचात् अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वालं कर माल्यार्पन किया गया स इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी ददरौल सुनील कुमार एवं प्रधान अध्यापिका रूफिया खान ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

## पीने के बर्तनों को एक सप्ताह से पहले बदल लें



शाहजहॉपुर। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर एस0पी0 गंगवार ने बताया कि मच्छरों से बचाव हेतु मच्छरदानी, मच्छर रोधी उपाय का प्रयोग करें, अनुपयोगी बर्तनों जैसे कूलर फ्रिज गमले पक्षियों और जानवरों के पानी पीने के बर्तनों आदि को एक सप्ताह से पहले बदल लें ,शौचालय का प्रयोग करें नाले नालियों की साफ सफाई रखें इन उपायों को अपनाकर संचारी रोगों के प्रसार से स्वयं तथा लोगों का बचाव करें , साथ ही सभी अधिकारी सी0एस आभियान की मॉनिटरिंग करेगें।

बैठक में आई0सी0डी0एस0 से डी0पी0ओ0 अरविंद रस्तोगी चिकित्सा अधीक्षक ध्प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,डब्लू0एच0ओ0 से डॉक्टर आकांक्षा यादव डी0एम0सी0यूनिसेफ से हुदा जेहरा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवम सूचना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा, अभय प्रजापति मलेरिया निरीक्षक तथा अन्य विभागों के अधिकारीध्प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गणपति शोभा यात्रा का हुआ आयोजन



संडीला( हरदोई )। विगत कई दिनों से चल रहे गणेश उत्सव के समापन के अवसर पर गणपति शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। श्री गणेश सेवा समिति के द्वारा गणपति शोभा यात्रा का आयोजन उन्नाव रोड से किया गया। इस शोभा यात्रा में कई झाकियां भी थीं। शोभा यात्रा का यह जुलूस नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए इमलियाबाग पहुंचा। इसके बार गणेश मूर्तियों को विसर्जन के लिए नैमिषारण ले जाया गया।

## गणपति बप्पा का रामगंगा में किया गया विसर्जन

संवाददाता। बरेली

फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के मोहल्ला माली में गणेश चतुर्थी कार्यक्रम के पांचवें दिन शानिवार को पंडित प्रवन पांडेय उर्फ पवन ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। उसके बाद ढ़ोल नगाड़े बजते गुलाल से होली खेलते हुए कस्बे में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा कस्बे की बाजार होते हुए लोधी नगर चौराहे पहुंची और वहां से ब्लॉक फतेहगंज पश्चिमी होते हुए मीरापुर, भोलापुर पहुंची। वहां रामगंगा में गणेश जी का विसर्जन किया गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के मोहल्ला माली में हर साल की तरह इस साल भी गणेश चतुर्थी बड़ी धूमधाम से के साथ मनाई गई पंडित पवन पांडेय महाराज ने विधि विधान से 5 दिनों तक पूजा अर्चना कर कार्यक्रम संपन्न कराया। इसी दौरान कार्यक्रम के आयोजन सुधीर पोरवाल, प्रशांत मराठा, राम गुप्ता, संस्कार अग्रवाल उर्फ हनी, सुबोध पोरवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, शोभित अग्रवाल, राजेश भारद्वाज, नवीन गुप्ता, प्रफुल्ल रस्तोगी, अमन भारद्वाज, आशीष सक्सेना, निखिल भारद्वाज, गौरव गुप्ता, तुषार रस्तोगी, पवन गुप्ता, राकेश अग्रवाल उर्फ करने, अजय गुप्ता, डॉक्टर देव आर्य राजेश गुप्ता आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद है।

## पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए संघर्ष करें कार्यकर्ता : राजेश यादव

संडीला( हरदोई )। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव राजेश यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी संगठन की रीढ़ होते हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सदैव संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए।

सपा प्रदेश सचिव राजेश यादव का पार्टी कार्यालय पर सपा नेता आरपी यादव के नेतृत्व में सपा के स्थानीय



नेताओं के पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सफलता प्राप्त करने के लिए सपा के समस्त कार्यकर्ताओं को कमर कसकर जनसमस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करना है। उन्होंनें कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है और इस लड़ाई को इंडिया गंठबंधन में शामिल होकर समाजवादी पार्टी मजबूती से लड़ेगी और प्रदेश और देश में सफलता प्राप्त करेगी। उन्होंनें कहा कि चुनाव के बाद केन्द्र में सरकार बनने पर सपा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता मो0 आलम खां, वसीम अहमद वारसी, सरोज यादव, करन सिंह, मुकेश यादव, हसन मक्की आदि मौजूद रहे।

## हज़रत इमाम हुसैन कुर्बानी देकर इंसानियत को बचाया- मौ. रहबज ज़ैदी

संडीला( हरदोई )। अलविदाई मजलिस में बोलते हुए मौ0 सैयद रहबर ज़ैदी ने कहा कि पै0 हज़रज मो0 साहब के नवासे हज़रत इमाम हुसैन ने अपनी और अपने साथियों की शहादत देकर इंसानियत की हिफ़ाज़त की और दुनिया को यह पैगाम दिया कि हमेशा सच की ही जीत होती है।



मोहल्ला महतवाना में आयोजित अलविदाई मजलिस से खिताब करते हुए मौ0 रहबज ज़ैदी ने कहा कि यज़ीद ने अपनी हुकूमत के बल पर यह सोचा था कि वह जो कुछ चाहेगा उसे करा लेगा। लेकिन हज़रत इमाम हुसैन ने यह दिखाया कि सच एक ही है। झूठ बहुत दिन तक नहीं चल सकता। उन्होंनें इसका प्रतिकार करते हुए कर्बला के मैदान में अपने साथियों और कुन्बे की शहादत दे दी लेकिन यज़ीद की गैरइस्लामी नीतियों को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंनें कहा कि हज़रत इमाम हुसैन की शहादत केवल इसलाम के लिए ही नहीं है बल्कि यह शिक्षा देती है कि दुनिया के किसी भी कोने में अगर अन्याय हो रहा है तो उसका प्रतिकार किया जाना चाहिए। इसी मौके पर मजलिसों में नोहा ख्वानी करने वाले अन्जुमन सिबतैनिया की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्जुमन सिबतैनिया के अध्यक्ष डॉ0 टीएच रिज़्वी, महासचिव प्रो0 अरशी रिज़्वी के अलावा कोशाध्यक्ष प्रिंस, सै0 कमर अब्बास, सै0 कमर हसनैन, मुजाहिद हुसैन, जुल्फ़ी, गुलज़ार हुसैन आदि मौजूद रहे।

## ठेकेदार पर गिरी कुतुबखाना पुल की शटरिंग, हुई मौत

संवाददाता। बरेली

● पहले भी पुल से गिरकर मजदूर की जा चुकी है जान

कुतुबखाना पुल से शटरिंग एक ठेकेदार के ऊपर गिर गई गंभीर हालत में घायल को मार्केट के लोगों ने शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया , ठेकेदार की आईसीयू में उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनों ने पुल पर चल रहे कार्य को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया है।

प्रेमनगर के भूड़ कानून गोयान निवासी म्रतक सुधीर कुमार सक्सेना के भतीजे ने बताया उनके चाचा 55 वर्षीय सुधीर कुमार सक्सेना मकान बनवाने का ठेका लेते है वह ठेकेदारी के काम से सामान खरीदने के लिए मार्केट गए थे मार्केट के व्यापारियों से जानकारी मिली कि उनके ऊपर कुतुबखाना पुल की शटरिंग गिर गई है वह मौके पर गंभीर हालत में बेहोश हो गए यह देख मार्केट में हड़कंप मच गया मजदूरों ने काम रोक दिया कुछ ही देर में भीड़ जुट गई आनन फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया यहां उसका आईसीयू में इलाज के दौरान मौत हो गई । इससे पहले भी कुतुबखाना पुल के निर्माण के दौरान मजदूर की मौत हो चुकी है।

प्रशासन की लापरवाही है जहां निर्माण कार्य हो रहा है वहां बेरी केटिंग की जाए होमगार्ड या किसी व्यक्ति को लगाकर आने जाने वालों को रोका जाए जब से घटना हुई है तब से अभी तक कोई भी अधिकारी ना तो देखने आया है ना ही किसी ने बात की है फोन लगाया तो अधिकारियों ने फोन काट दिया किसी ने बात नहीं की। इनकी पत्नी बीना सक्सेना दो बच्चे है एक लड़का एक लड़की है सभी का रो - रो कर बुरा हाल है घर को चलाने बाले सुधीर कुमार सक्सेना ही थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बैंकिंग शाखा का विस्तार

कानपुर। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के केशवपुरम कानपुर में अपनी बैंकिंग शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। इस शाखा के साथ अब बैंक की 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 871 बैंकिंग शाखाएँ हैं जिनमें से 178 शाखाएँ उत्तर प्रदेश राज्य में है। इस अवसर पर उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है। इस बैंकिंग शाखा का उद्घाटन न केवल स्थानीय समुदाय की उद्यमशीलता की भावना का समर्थन और निर्माण करने में मदद करता है, बल्कि उन्हें अपने वित्तीय आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक मूल्यवान अवसर भी प्रदान करता है। इसके अलावा, यह रोजगार और उपलब्धि के संपन्न माहौल को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है।

### संविधान की प्रतियों पर एतराज, दिया ज्ञापन

बरेली। 19 सितंबर को नई संसद भवन में संविधान की जो प्रतियां बांटी गई उसमें समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्द को हटा दिया गया इसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया और संविधान सुरक्षा की मांग की है ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष कमर गनी ने ज्ञापन देते हुए बताया कि नई संसद भवन सेंट्रल विस्टा में 19 सितंबर को संविधान की प्रतियों को बांटा था जिसमें समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द को हटा दिया गया।

# अण्डरपास चालू करने के लिये युद्ध स्तर पर चल रहा अभियान

● जलापूर्ति लाइन की शिफ्टिंग के लिये दो दर्जन से अधिक नगर पॅचायतकर्मी है जुटे

● आज सुबह जलापूर्ति सुनिश्चत करने का चैयरमैन ने दिया आश्वासन



**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**ओआरबी** के रेलवे लाइन के हिस्से पर निर्माण के कारण पश्चिमी केबिन को बन्द किये जाने से यातायात को आम जनता के लिये सुगम बनाने के लिये पैदल व दोपहिया वाहनों के लिये शुरू किये जा रहे पुराने अण्डरपास के निर्माण के दौरान जहॉ एचटी लाइन की शिफ्टिंग का काम पूरा हो चुका है, वहीं दक्षिणी हिस्से की जलापूर्ति लाइन की शिफ्टिंग का काम भी युद्धस्तर पर चैयरमैन रामजी गुप्ता के निर्देश पर किया जा रहा है।

चैयरमैन रामजी गुप्ता स्वयॅ मौके पर रहकर शिवाजीनगर, शास्त्रीनगर, बजरॅगरनगर व रामनगर वार्डों को जाने वाली जलापूर्ति लाइन के शिफ्टिंग का काम देख रहे है। शुक्रवार को भरी दोपहर में चैयरमैन ने नगर पॅचायतकर्मियों के साथ मौके पर मौजूद रहकर जलापूर्ति पाइप के स्थानान्तरण का काम करवाया। शनिवार को भी नगर पॅचायतकर्मी युद्धस्तर पर भारी सॅख्या में पाइपलाइन के काम में लगे रहे। अण्डरपास के नीचे हो रहे इस काम से नगर पॅचायत के दक्षिणी हिस्से के चार वार्डों की जलापूर्ति प्रभावित रही है। नगर पॅचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने बताया कि आज रविवार की सुबह 6 बजे से नगर पॅचायत के जलापूर्ति से वॅचित चारों वार्डों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिये हरसॅभव प्रयास किये जा रहे है।

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ

● नगर भ्रमण के साथ भव्य व विशाल विर्सजन यात्रा का बालाजी मॅदिर में हुआ समापन



**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात

**कस्बे** के बाजार स्थित आरपीयस इण्टर कालेज के सामने आयोजित किये जा रहे 15 वें गणेश महोत्सव का समापन विशाल विशाल विर्सजन यात्रा के साथ बालाजी मॅदिर के सामने निचली गॅगानहर में किया गया। इस मौके पर चैयरमैन पुत्र प्रशान्त ओमर सहित भारी सॅख्या में कस्बे व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

कस्बे में आर्दश सामाजिक युवा मण्डल रूरा द्वारा 15 वें गणेश महोत्सव का आयोजन 19 सितम्बर से आरपीयस इण्टर कालेज के पास किया जा रहा था शनिवार को गणेश महोत्सव के विश्राम के अवसर पर देवाधिदेव भगवान शॅकर के कॅधे पर विराजे गणपति की विशाल प्रतिमा के नगर भ्रमण के साथ विर्सजन यात्रा का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष कपिल दुबे के निर्देश पर रूरा पुलिस की सुरक्षा में आयोजन स्थल से विर्सजन यात्रा पश्चिमी केबिन क्रास कर डेरापुर रोड के शिवाजीनगर, शास्त्रीनगर व रामनगर वार्ड से होते हुये वापस अकबरपुर रोड के बजरॅगनगर वार्ड पहॅुची यहॉ से यात्रा मेन रोड होते हुये नहर पुल से बालाजी मॅदिर पहॅुची, बालाजी मॅदिर के सामने गॅगा निचली नहर में विर्सजन किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामबाबू शुक्ला, अविनाश ओमर, राजेश दीक्षित बब्लू, अजय गुप्ता बिन्दू, अखिलेश गुप्ता लल्ला, विपिन गुप्ता, लाभम गुप्ता, मयॅक गुप्ता तीती सहित भारी सॅख्या में लोग विर्सजन यात्रा में मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी ने अकबरपुर थाने में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं

● रूरा में थानाध्यक्ष कपिल दुबे व नायब तहसीलदार डा. रवीन्द्र मिश्रा ने सुनी फरियाद



**संवाददाता।** कानपुर देहात

**महीने** के चौथे शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने अकबरपुर कोतवाली में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिये। वहीं रूरा थाने में प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे व नायब तहसीलदार डा0 रवीन्द्र मिश्रा ने फरियादियों की शिकायतों को सुना।

डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने अकबरपुर थाने में पहॅुचकर थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को सुना। इस दौरान आयी 11 शिकायतों में पॉच श्ज्ञिकायातों का मौके पर ही निस्तारण कर शेष शिकायतों के शीघ्रतिशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये। रूरा थाने में थानाध्यक्ष कपिल दुबे व नायब तहसीलदार डा0 रवीन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल सहित रूरा नगर पॅचायत कर्मी सैनूर अहमद भी मौजूद रहे। जनपद के डेरापुर, सिकन्दरा, मॅगलपुर, रसूलाबाद,मूसानगर, गजनेर, शिवली, भोगनीपुर सहित अन्य थानों पर भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 3 से 31 अक्टूबर तक के सफल क्रियान्वयन हेतु संपन्न हुई बैठक'

**कानपुर देहात।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का संचालन दिनांक 03.10.2023 से 31.10.2023 तक जनपद में किया जाएगाए जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु अन्तर्विभागीय बैठक माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए0केप सिंह की अध्यक्षता में आयोजिय की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस बार चलाये जा रहे अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं पूर्व में संचालित अभियान में पाई गई कमियों में सुधार लाते हुए संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में देश से होगा भाजपा का सफाया : शिवशंकर यादव

**संवाददाता।** चित्रकूट



**समाजवादी** पार्टी जिला कार्यालय में सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष आर के कुरील और पार्टी जिला अध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने संयुक्त रूप से बाबा साहब अंबेडकर वहिनी जिला कमेटी घोषित कर सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा।

सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सपा जिला अध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं और बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के नव मनोनीत पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव डॉक्टर अंबेडकर और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के सपनों का भारत बनाना चाहते हैं। समाजवादी पार्टी ने बिना जाति धर्म मजहब संप्रदाय देखें केवल विकास और विकास के मुद्दे पर काम किया है। समाजवादी पार्टी का इतिहास संघर्षों का इतिहास रहा है। बाबा साहब के संविधान पर पूर्ण निष्ठा विश्वास का इतिहास रहा है। समाजवादी पार्टी का मानना है भारत एक पंथनिरपेक्ष देश है और हम लोग समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा पर काम करने वाले लोग हैं। वर्तमान की भाजपा सरकार देश में नफरत का माहौल बना रही है। धर्म जाति और संप्रदाय के नाम पर लोगों को एक दूसरे का दुश्मन बन रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा भाजपा एक मायावी पार्टी है। सावधान रहें और समाजवादी पार्टी की रीति और अखिलेश यादव द्वारा किए गए विकास कार्यों को बूथ बूथ,जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी और संगठन मजबूत करें। आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा और मोदी का सफाया करने का जनता मन बना चुकी है।

# उद्यमी मित्र अपने कार्यों के क्रियान्वयन में लाएं सुधार

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी;प्रशासनद्ध जे पी गुप्ता की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष में इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्राप्त एमओयू को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जो उद्यमियों द्वारा एमओयू साइन किए गए हैं उनको जमीनी हकीकत में भी तब्दील किये जाने हेतु इन्वेस्टर्स की हर संभव मदद की जाए जिससे अधिक से अधिक एम0ओ0यू0 जी0बी0सी0 के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने तहसीलदार सदर को प्राप्त भूमि संबंधित समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने तथा उसकी रिपोर्ट नियमित रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो 81 एम0ओ0यू0 जी0बी0सी0 हेतु तैयार हैं उनके उनकी भूमि के दस्तावेज तथा जीपीएस युक्त फ़ोटो साइट पर सभी संबंधित विभागों द्वारा अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए ।उन्होंने कहा कि जिन एम0ओ0यू0 भूमि की उपलब्धताए एनओसीए लोन आदि कि जहां समस्या है उसका निस्तारण संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित किया जाए। जनपद में अभी तक मात्र 81 एम0ओ0यू0 राज्य स्तर पर प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु तैयार हैए जिसकी संख्या में वृद्धि हेतु सभी निवेशकों से उद्यम मित्र द्वारा वार्ता कर इनके निवेश में आने वाली दिकत्तों को दूर कर शीघ्र धरातल पर लाये जाने विषयक चर्चा की गई।

# डीएम ने स्वच्छता की सभी को दिलाई शपथ

**संवाददाता।** कानपुर देहात

● जिलाधिकारी ने बैठक में एडीओ पंचायत झींझक के अनुपस्थित व सेवादेयता में एडीओ पंचायत सन्दलपुर की प्रगति खराब पाये जाने पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**जिलाधिकारी** आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0ए जिला पंचायतीराज अधिकारीए जिला कार्यक्रम अधिकारीए डीसी मनरेगाए सीएमओ तथा सभी विकास खण्डों से एडीओ पंचायतए बीडीओ आदि उपस्थित रहे।

बैठक में जिला पंचायतीराज अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023.24 में 22697 व्यक्तिगत शौचालय का लक्ष्य प्राप्त हुआए जिसमें 20111 लाभार्थियां को 12000 रूपये की दर से तथा 4200 लाभार्थियों को 6000 की दर से धनराशि अवमुक्त की जा चुकी हैए जिस पर जिलाधिकारी ने शेष लाभार्थियों को अतिशीघ्र धनराशि अवमुक्त किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने ठोस तरल अवशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत चयनित 27 ग्राम पंचायतों की समीक्षा की तथा शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियेए समीक्षा के दौरान एडीओ पंचायत झींझक अनुपस्थित पाये गयेए जिसका माह सितम्बर का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार सेवादेयता में एडीओ पंचायत सन्दलपुर की प्रगति खराब पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये। दतोपरान्त स्वच्छता ही सेवाष्क्चरा मुक्त भारतष् के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाडा तथा ग्राम पंचायतों की सार्वजनिक सम्मपत्तियों यथा पंचायत घरए सामुदायिक शौचालयए ऑगनबाड़ी केन्द्रए प्राथमिकध्उच्च प्राथमिक विद्यालय की साफ सफाई अभियान चलाकर निर्धारित अवधि में कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये गये। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि 2 अक्टूबर 2023 से 31 जनवरी 2024 के मध्य सहभागी पंचायत विकास योजना तैयार की जानी है। जिसमें पंचायतों का विकास 9 पैरामीटर्स के अन्तर्गत करना हैए जिसमें गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांवए स्वस्थ्य गांवए बाल हितैषी गांवए पर्याप्त जलयुक्त गांवए स्वच्छ एवं हरित गांवए अत्मनिर्भर बुनियादी ढाचा युक्त गांवए सामाजिक रूप से न्यायसंगति एवं सुरक्षित गांवए सुशासन वाला गांवए महिला हितैषी मुख्य है।

# भाजपा सरकार में बढ़ा व्यापारियों का मान और सम्मान : देवेश कोरी



**संवाददाता।** चित्रकूट

**युवा** समाजसेवी एवं भाजपा नेता कुणाल प्रताप सिंह सरकार ने रामकृपा इन में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी का स्वागत-अभिनंदन किया। शनिवार को होटल मालिक/समाजसेवी विवेक अग्रवाल व कुणाल प्रताप सिंह सरकार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रमुख द्वार पर गाजे-बाजे समेत स्वागत-अभिनंदन देख प्रदेश प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने युवाओं को शाबाशी दी।

कहा कि ऐसे ही होनहार एवं युवा उत्साही देश-प्रदेश के भावी कर्णधार हैं। युवाओं के कंधे पर देश की जिम्मेदारी है। 2024 में युवा एकजुट होकर भाजपा की पूर्ण बहुमत से तीसरी बार केंद्र में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे, ताकि मोदी की अगुवाई में भारत विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त कर सके। देश की उन्नति पूरी दुनिया में अलग तरह से दिखाई दे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास से पार्टी हाई कमान ने जिला संगठन की बागडोर सौंपी है, उस पर खरा उतरेंगे। संगठन की मजबूती पर ध्यान देंगे। जिले के विकास में निरंतर सहयोग करेंगे। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, कोऑपरेटिव बैंक बांदा-चित्रकूट के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री आलोक पांडेय, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, मुन्ना करवरिया, लवलेश निषाद, भागवत त्रिपाठी, तीरथ तिवारी,प्रदेश उपाध्यक्ष के निजी सचिव दिनेश निगम आदि मौजूद रहे। समाजसेवी विवेक अग्रवाल व कुणाल प्रताप सिंह सरकार ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर माल्यार्पण किया।

# आकांक्षात्मक जालौन ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बनाने को चिंतन

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षात्मक विकासखंड जालौन के ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बनाने हेतु चिंतन शिविर का विकासखंड जालौन में आयोजन हुआ। जनपद की विकास की दौड़ में पीछे रह गए आकांक्षी ब्लाक जालौन को बराबरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस शिविर में नीति आयोग के पांच थीम्स स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, पेयजल एवं स्वच्छता, आधारभूत संरचना और सामाजिक विकास, 9 सेक्टर और 39 इंडिकेटर में काम किया जाना है। उस पर अधिकारी विशेष रूप से फोकस करते हुए चिंतन एवं समीक्षा करें। इसके साथ ही उक्त पैरामीटर के तहत यथाशीघ्र सुधार को लेकर ब्लॉक स्तरीय रूपरेखा तैयार की जाए जिससे कि ब्लॉकों को नीति आयोग के पिछड़े मानदंडों से बाहर निकाला जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों का एक मास्टर प्लान बनाते हुए समुचित रूप से ससमय कार्य निष्पादन किया जाए जिससे कि राज्य एवं केंद्र स्तर पर आकांक्षी ब्लॉक का प्रदर्शन बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के भी जो सुझाव मिले उसे प्राथमिकता पर लेते हुए कार्य करें। मुख्य विकास अधिकारी भीम जी उपाध्याय ने चिंतन सेवा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताए, साथ ही निर्देशित किया कि आज इस शिवर में जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन करते हुए सभी इंडिकेटर में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएंगे। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक आदि अधिकारियों द्वारा विकासखंड परिसर में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित व जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने उपस्थितजनों को प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। शिविर में आए डीएम व एसपी डॉ. ईराज राजा, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, बीडीओ प्रशांत कुमार, परियोजना निदेशक शिवकांत द्विवेदी, श्रम उपायुक्त अवधेश दीक्षित, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने ब्लॉक परिसर में लगाए स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

## पेंशनर की मृत्यु होने पर तत्काल कोषागार को दें जानकारी : सीटीओ

**उरई ( जालौन )।** वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कोषागार जालौन से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर, पेंशनरों के परिजनों को अवगत कराना है कि पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर इसकी सूचना मृत्यु प्रमाण पत्र सहित संबंधित कोषागार को तत्काल प्रदान की जानी चाहिये। यह पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। पेंशनरों के परिजनों द्वारा मृत्यु की सूचना समय पर कोषागार को न देने पर कोषागार द्वारा प्रत्येक माह पेंशन का भुगतान संबंधित पेंशनर के बैंक खाते में जारी रहता है, तथा कई बार पेंशनरों के परिजनों द्वारा पेंशनर की मृत्यु उपरान्त भुगतान की गयी पेंशन की धनराशि की निकासी एटीएम, चेक द्वारा बैंक खाते से कर ली जाती है, जो कि अनाधिकृत है। ऐसे प्रकरण संज्ञान में आने पर इसकी वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल करने हेतु पेंशनर के संबंधित परिजनों पर विधिक एवं दण्डात्मक कार्यवाही जिलाधिकारी के माध्यम से अमल में लायी जा सकती है।

## क्विक न्यूज

### शिक्षा भूषण सम्मान से सम्मानित हुईं सीपीएस डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव



**फतेहपुर।** उद्योग विहार गुड़गांव में पिछले दिनों सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन (सीईडी) द्वारा अयोजित शिक्षक सम्मेलन में देशभर से चुनिंदा डायरेक्टर, प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को शिक्षण नीतियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण विधियां अपनाने, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन व प्रयासों के लिए विविध सम्मान से नवाजा गया। जिसमें फतेहपुर जनपद की अग्रणी शिक्षण संस्था सीपीएस की डायरेक्टर इंजी. प्राची श्रीवास्तव को शिक्षा भूषण सम्मान ट्राफी एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस खास मौके पर मौजूद रहें विशेष अतिथियों में वाइस चांसलर एवं ब्रांड एंबेसडर प्रो. एम. एम. पंत, रीजनल ऑफिस सीबीएसई प्रयागराज के अंडर सेक्रेटरी अनुराग कुमार सिंह, सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट फाउंडेशन (सीईडी) फाउंडर एंड प्रेसिडेंट चेयरमैन अध्यक्ष डॉ. प्रियदर्शी नायक, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी दिल्ली की सलाहकार डॉ. इंदु खेत्रपाल आदि शिक्षाविद उपस्थित थे। प्राची को मिले इस खास सम्मान पर जनपद के शिक्षाविदों, साहित्यकारों, विशिष्ट गणमान्यजनो, शिक्षक वृंद, विद्यालय परिवार एवं अभिभावको ने हर्ष व्यक्त किया है।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया नवनिर्मित फागुन गिरी गौशाला का उद्घाटन



**असोथर (फतेहपुर)।** असोथर ब्लॉक सरकंडी ग्राम पंचायत में 26 लाख की लागत से नवनिर्मित फागुन गिरी गौशाला का शनिवार को असोथर ब्लॉक प्रमुख शत्रुघ्न निषाद ने पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गोवंश की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समाज के लोगों को भी गोसेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। पं. राजेश के आचार्यत्व में ब्लॉक प्रमुख शत्रुघ्न निषाद, विकास खंड अधिकारी विश्वनाथ पाल, प्रधानपति संतोष द्विवेदी के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। इस मौके विकास खंड अधिकारी विश्वनाथ पाल, ग्राम पंचायत अधिकारी श्रीश त्रिपाठी, ग्राम विकास अधिकारी सचिन सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी प्रदीप गुप्ता, चेतन त्रिपाठी, क्षेत्र पंचायत सदस्य लाल बाबू दुबे, तकनीक सहायक इकबाल बहादुर, बबलू सिंह, हेमराज पाल, राजेश मिश्रा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बाबूलाल मुनीम, पूर्व प्रधान प्रेमशंकर निषाद, पप्पू सिंह आदि मौजूद रहे।

### दबंगों ने दम्पत्ति से की मारपीट

**कोंच(जालौन)।** ग्राम घुसिया में दबंगों ने दम्पति की मारपीट कर दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस द्वारा दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया है। मामले के मुताबिक शनिवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुसिया में दबंगों ने दम्पति संजीव कुशवाहा पुत्र मुरलीधर व उसकी पत्नी संतोषी की किसी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित दंपत्ति ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने दोनों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### छात्र-छात्राओं को दिलायी नशे मुक्ति की शपथ

**कोंच(जालौन)।** नगर के शिक्षण संस्थानों में शनिवार को कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गयी। छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने सभी प्रकार के नशे के सेवन से स्वयं दूर रहकर परिवार व अन्य लोगों को नशा छोड़ने हेतु जागरूक करने की शपथ ली। इस दौरान सिगरेट, गुटखा, शराब आदि नशे से इंसान के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया गया जबकि छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम आयोजक पारसमणि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### डीपीएम, डीएसएस ने स्वास्थ्य व्यवस्थायें परखीं

**कोंच(जालौन)।** डीपीएम डॉ प्रेमप्रकाश सिंह और डीएसएस डॉ. आकांक्षा ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। विभागीय अधिकारियों ने तमाम व्यवस्थायें देखते हुए जो कमियां देखी उन्हें दूर किए जाने हेतु केंद्र अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार को दिशा निर्देश दिए। दूसरी ओर गत दिनों पूर्व प्रसव कराने आई एक महिला की सीएचसी से बाहर जांच कराने और विरोध करने पर उसे जिला मुख्यालय रिफर किए जाने के मामले की भी उक्त विभागीय अधिकारियों ने इस दौरान जाँच की। डीपीएम डॉ. प्रेमप्रकाश सिंह ने कहा कि मामले में आरोपित संबंधित एएनएम की जांच चल रही है।

# योगी-मोदी जिंदाबाद नारे के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष का किया तुलादान

**जालौन ( उरई )।** भाजपा जिलाध्यक्ष का तुलादान हुआ। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने योगी-मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।

भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के पहली बार नगर आगमन पर वह द्वारिकाधीश मंदिर में भगवान द्वारिकाधीश के दर्शन के लिए पहुंची। भगवान के दर्शन के बाद द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में उनका तुलादान किया गया। भाजपाई विनय कुमार दीक्षित, गौरव गुर्जर, वैभव अग्रवाल, विपुल दीक्षित, अरविंद उर्फ बीनू गुप्ता, मेहुल गर्ग, मधु पांडेय, शाकिर, नरेश, राघवेंद्र दुबे, धीरज प्रजापति, नीलेश अग्रवाल, उत्कर्ष राठी, यश पटेल, विधि अग्रवाल, डॉ. रंजना दुबे, डॉ. बृजेंद्र दुबे ने मंदिर परिसर में उनका तुलादान किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है।

# प्रत्येक कार्यकर्ता की समस्या का समाधान कराने में कभी कोई हिचक नहीं : उर्विजा

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

● लोकसभा चुनाव में तीसरी बार सफलता हासिल करने के मिशन में जुटने का किया आवाहन

**प्रदेश** कार्यकारिणी द्वारा उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस जिम्मेदारी पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास रहेगा। कार्यकताओं की समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं को सभी पात्रों तक पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा। यह बात नव मनोनीत भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रथम बार नगर आगमन पर स्वागत समारोह में कही।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा उर्विजा दीक्षित को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उनके जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद शनिवार को उनका पहली बार नगर आगमन हुआ। सर्वप्रथम भिटारा के पास ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन के कार्यालय पर फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। वहीं से उनका रोड शो शुरू हुआ। जो ब्लाक कार्यालय, देवनगर चौराहा, कोतवाली रोड, कांजी हाउस, पानी की टंकी, बाजार बैठगंज, झंडा चौराहा द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण तक चला। इस दौरान जगह लोगों ने उन्हें फूल मालाएं और पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

स्थानीय गेस्ट हाउस में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास रहेगा। जिस तरह पार्टी ने अभी तक सफलता प्राप्त की है आगामी लोकसभा चुनाव में भी उसी सफलता को दोहराना है।

# सुप्रीम कोर्ट में ठग गैंगस्टर शैलेन्द्र सिंह उर्फ राजू यादव प्रकरण की सुनवाई 25 सितम्बर को

**संवाददाता।** फतेहपुर

● विक्रम नाथ अहसानुद्दीन अमानुल्ला की कोर्ट हुईं तय

● मानव तस्करी मामले के वादी अमित शुक्ला ने दाखिल की है याचिका

**हाईप्रोफाइल** ठग एवं गैंगस्टर शैलेन्द्र सिंह उर्फ राजू यादव की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। मानव तस्करी से जुड़े एक चर्चित मामले में अब 25 सितम्बर को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई की तिथि मुकर्रर हो गई है। मानव तस्करी समेत विभिन्न धाराओं वाले इस मुकदमें में राजू को उच्च न्यायालय से मिली जमानत और उसकी अकूत संपत्ति की जॉच आदि से सम्बन्धित याचिका सम्बन्धित मुकदमें के वादी शहर के चित्रांश नगर निवासी अमित शुक्ला ने डाली है। यह याचिका सर्वोच्च न्यायालय में विगत 20 जुलाई को सूची बद्ध हुईं थीं, 07 अगस्त को लिस्टिंग के बाद जिरह के लिए पहले 08 सितम्बर तारीख मुकर्रर हुई थीं, जो बाद में 15, 18, 22 और फिर अब निश्चित सुनवाई की तिथि 25 सितंबर तय हुई है।

आरोप है कि पूर्व में शैलेंद्र सिंह ने अपने मर्चेंट नेवी इंजीनियर भाई के साथ मिलकर एक गैंग बनाया और तमाम बेरोजगारों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की। पीड़ित अमित शुक्ला द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में डाली गई अर्जी में बताया गया है कि शैलेंद्र सिंह आदि ने उसके पिता से लाखों रूपए ऐठ कर उसे विदेश तो भेजवा दिया किन्तु उसको दिए गए वीजा में तगड़ा खेल होने से महीनो उसका जीवन खतरे में पड़ा रहा, बमुश्किल बच कर भारत लौट सका। अमित शुक्ला ने उपरोक्त गैंग पर दर्जनों बेरोजगारों को ठगने और इसी पैसे से अकूत सम्पत्ति जुटाने का भी आरोप लगाया है।

वादी ने याचिका में शैलेन्द्र सिंह को उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को रद्द करने। निश्चित समय सीमा में केश की सुनवाई पूरी कराने, उसकी एवं उसके गैंग के सदस्यों द्धारा जुटाई गई अकूत सम्पत्ति को आर्थिक अपराध की श्रेणी में रखते हुए किसी बड़ी एजेंसी से जांच कराने और स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या करवाने समेत नौ बिंदुओं पर सर्वोच्च न्यायालय का ध्यान खींचते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# कनाडा के आरोपों को लेकर भारत के साथ सम्पर्क में है अमेरिका: व्हाइट हाउस

**भाषा।** वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने कहा है कि अमेरिका कनाडा की धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या में नई दिल्ली की संभावित तौर पर शामिल थी, भारत के साथ संपर्क में है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका कनाडाई सरकार के साथ भी नियमित संपर्क में है। गत 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी अलगाववादी एवं कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच एक राजनयिक विवाद उत्पन्न हो गया। भारत ने आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' कहकर खारिज कर दिया है और इस मामले पर ओटावा में एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया है। जीन-पियरे ने अपने दैनिक प्रेसवार्ता में संवाददाताओं से कहा, हमने भारत सरकार के साथ बातचीत की है। हालांकि, हम साफ तौर पर निजी राजनयिक बातचीत में शामिल नहीं होंगे। लेकिन, हां, भारत सरकार में अपने सहयोगियों के साथ हमारी बातचीत हुई है। निश्चित तौर पर, हम अत्यंत चिंतित हैं... इसलिए, हम कनाडा की सरकार और कनाडा के साझेदारों के साथ नियमित संपर्क में हैं। सवालों के जवाब में जीन-पियरे ने कहा कि वह राजनयिक बातचीत पर टिप्पणी नहीं करेंगी। इस सप्ताह की शुरुआत में, अमेरिका ने कहा था कि वह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोपों की जांच करने के कनाडा के प्रयासों का समर्थन करता है। उसने साथ ही यह भी कहा था कि किसी भी देश को इस तरह की गतिविधियों के लिए कोई विशेष छूट नहीं मिल सकती।



### अमेरिका को निज्जर की हत्या के संबंध में ट्रूडो के दावे का हिस्सा नहीं बनना चाहिए: अमेरिकी विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट के शामिल होने के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के दावे को शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए एक अमेरिकी विशेषज्ञ ने अमेरिका से उन लोगों का मोहरा नहीं बनने का आग्रह किया है जो खालिस्तानी आंदोलन को अहंकार, लाभ और राजनीति के आंदोलन के रूप में देख रहे हैं। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने तीखे बयान में आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया है और इस मामले में ओटावा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के जवाबी कदम में कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया। हडसन इंस्टीट्यूट थिंक-टैंक में सामूहिक चर्चा में भाग लेते हुए अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने दावा किया कि ट्रूडो उन लोगों के हाथों में खेल रहे हैं जो खालिस्तानी आंदोलन को अहंकार और लाभ के आंदोलन के रूप में देख रहे हैं।

# भारत पर कनाडा के प्रधानमंत्री की ओर से लगाए गए आरोपों से बेहद चिंतित हैं: एंटनी ब्लिंकन

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या के मामले में भारत की संलिप्तता के जो आरोप लगाए हैं उनसे अमेरिका बेहद चिंतित है। ब्लिंकन ने साथ ही कहा कि ये जरूरी है कि भारत इस मामले की जांच में कनाडा के साथ मिलकर काम करे। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका इस विषय पर भारत सरकार के साथ सीधे संपर्क में है। खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद जारी है। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को हुई निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद यह विवाद उत्पन्न हुआ। भारत के खिलाफ ट्रूडो के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर ब्लिंकन ने कहा, मुझे इसके बारे में कुछ बातें कहनी हैं। पहली, प्रधानमंत्री ट्रूडो ने जो आरोप लगाए हैं उन्हें लेकर हम काफी चिंतित हैं। हम लगातार कनाडाई सहयोगियों के साथ बातचीत कर रहे हैं, न सिर्फ बातचीत बल्कि इस मुद्दे पर सहयोग भी कर रहे हैं।

### दोषी साबित होने तक हर कोई निर्दोष होता है : विक्रम स्वरूप

**टोरंटो।** सिख अलगाववादी की हत्या मामले पर भारत के साथ गहराते राजनयिक विवाद में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लापरवाही भरी कार्रवाई की आलोचना करते हुए पूर्व भारतीय राजनयिक विक्रम स्वरूप ने ओटावा से विवाद को कम करने और सच्चाई को सामने लाने के लिए कदम उठाने को कहा। वर्ष 2017 से 2019 तक कनाडा में भारत के उच्चायुक्त रहे स्वरूप ने भी भारत सरकार के आरोपों को दोहराया कि ओटावा सिक्ख अलगाववादियों के साथ बहुत अधिक समझौता कर रहा है। उन्होंने कहा कि कनाडा को इसे लेकर स्पष्ट होना। स्वरूप ने कनाडाई सरकार को यह भी याद दिलाया कि दोषी साबित होने तक हर कोई निर्दोष है और कानून को अपना काम करने दें।

## क्विक न्यूज

### भारत-कनाडा के बीच विवाद से दोनों देशों को होगा नुकसान : विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** एक प्रमुख विशेषज्ञ के मुताबिक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर कनाडा और भारत के बीच जारी विवाद का दोनों देशों को नुकसान होगा। उनके मुताबिक ओटावा को व्यापार के मामले में क्षति होगी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नेटवर्क का हिस्सा बनने की उसकी क्षमता भी प्रभावित होगी जबकि भारत की लोकतांत्रिक देश और कानून का शासन होने की छवि को भी झटका लग सकता है। ट्रूडो ने ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी अलगाववादी नेता निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया है जिससे कनाडा और भारत के बीच कूटनीतिक विवाद शुरू हो गया है। भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित कहकर आक्रामक रूप से खारिज कर दिया और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया। विल्सन इंस्टीट्यूट द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित ब्लॉगपोस्ट में कनाडा इंस्टीट्यूट एसोसिएट जेवियर डेलगाडो ने कहा, ईपीटीए (अर्ली प्रोग्रेस ट्रेड एग्रीमेंट) के लिए बातचीत को रोक दिए जाने से व्यापार संभवतः पहला क्षेत्र होगा जिसे बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने लिखा, दोनों देशों ने इस महीने के शुरू में घोषणा की कि वे एक-दूसरे के साथ व्यापार वार्ता रोक देंगे और कनाडा के व्यापार मंत्री मैरी एनजी ने अक्टूबर में व्यापार मिशन के साथ नई दिल्ली जाने के कार्यक्रम को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। यह वार्ता कनाडा के हिंद-प्रशात रणनीति का हिस्सा थी जिसने ईपीटीए को वृहद आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) के लिए अहम कदम करार दिया गया था। इससे दोनों देशों के व्यापार संबंध में वृद्धि होने की उम्मीद थी। डेलगाडो के मुताबिक रुकी हुई व्यापार वार्ता ने 17 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को असहज कर दिया है। भारत के साथ कनाडा का व्यापार 2012 के लगभग 3.87 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022 में 10.18 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जिसमें कनाडा से ऊर्जा उत्पादों के निर्यात और भारतीय उपभोक्ता वस्तुओं के आयात में वृद्धि हुई है।

### कनाडाई मंत्रियों और नेताओं ने हिंदुओं के खिलाफ आनलाइन नफरती वीडियो की निंदा की

**टोरंटो।** कनाडा मे हिंदुओ को देश छोड़ने की धमकी देने वाला खालिस्तान समर्थक समूह का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के कुछ दिनो बाद, शीर्ष संघीय जनसुरक्षा अधिकारियों और नेताओ ने ऑनलाइन नफरती वीडियो की निंदा की और कहा है कि हिंदू सुरक्षित हैं और उनका स्वागत है। हालांकि, कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) की एक खबर के अनुसार, न तो सरकारी निकाय और न ही नेताओ ने वीडियो का नाम लेकर कोई उल्लेख किया। कनाडा के जनसुरक्षा, लोकतांत्रिक संस्थानों और अंतर सरकारी मामलों के मंत्री डोमिनिक लिब्लांस ने कहा कि हिंदू कनाडाई लोगो को लक्षित करने वाले एक ऑनलाइन नफरती वीडियो का प्रसार उन मूल्यो के विपरीत है जिन्हे हम कनाडाई के रूप मे प्रिय मानते है। लिब्लांस ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर एक पोस्ट मे लिखा, आक्रामकता, नफरत, धमकी वाले कृत्यों के लिए कोई जगह नही है। वीडियो मे खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस का गुरपतवंत सिंह पन्नू और न्यूयॉर्क का वकील कनाडा के हिंदुओं से भारत वापस जाने के लिए कहते हुए दिख रहा है। देश के सार्वजनिक प्रसारक की खबर में कहा गया है। वही कनाडा के जनसुरक्षा विभाग ने भी वीडियो को आपत्तिजनक और घृणा फैलाने वाला बताया। विभाग ने एक्स पर एक अलग पोस्ट मे कहा, आक्रामक, नफरती, धमकी वाली गतिविधियों का इस देश में कोई स्थान नही है और ए केवल हमें विभाजित करने का काम करती है। सीबीसी ने एक्स पर विभाग की पोस्ट का हवाला देते हुए कहा, हम सभी कनाडाई लोगो से एक-दूसरे का सम्मान करने और कानून के शासन का पालन करने का आग्रह करते है। कनाडाई लोगो को उनके समुदाय में सुरक्षित महसूस होना है।

### अमेरिका के लिए अस्तित्व का खतरा पैदा करता है चीन: हेली

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव मे रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार और भारतीय-अमेरिकी नेता निक्की हेली ने चीन को अमेरिका और दुनिया के अस्तित्व के लिए खतरा बताया और दावा किया है कि बीजिंग युद्ध की तैयारी कर रहा है। हेली ने न्यू हैम्पशायर के प्राइमरी चुनाव के लिए अर्थव्यवस्था पर अहम नीतिगत भाषण देते हुए कहा कि चीन ने आधी सदी अमेरिका को हराने की साजिश रचने में बिताई है और कुछ मामलों में चीन की सेना अमेरिकी सैन्य बलो के बराबर पहुंच चुकी है। उनके इस भाषण से दो दिन पहले ही रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदारी मे उनके प्रतिद्वंद्वी एवं भारतीय-अमेरिकी नेता विवेक रामास्वामी ने ओहायो मे चीन संबंधी विदेश नीति पर भाषण दिया था। हेली और रामास्वामी दोनों अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाद रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने के लोकप्रिय दावेदार बनकर उभरे है। हेली ने कहा, ताकत और गौरव हमारे राष्ट्रीय अस्तित्व के लिए आवश्यक है, खासकर कम्युनिस्ट चीन के समक्ष। चीन अस्तित्व के लिए खतरा है।

### गुतारेस पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में नाइजर की भागीदारी को प्रतिबंधित करने का आरोप

**अबुजा।** नाइजर में सत्ता हथियाने वाली सैन्य सरकार (जुंटा) ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) के महासचिव एंतोनियो गुतारेस पर आरोप लगाया कि वह फ्रांस और उसके सहयोगियो को खुश करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की वार्षिक बैठक मे पश्चिम अफ्रीकी देश (नाइजर) की पूर्ण भागीदारी में बाधा उत्पन्न कर रहे है। जुलाई मे तख्तापलट कर नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को पद से हटाने वाली सेना के एक प्रवक्ता कर्नल मेजर अमादाउ अब्द्रामाने ने शुक्रवार देर रात को कहा, न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में जुंटा के दूत को संबोधित करने की इजाजत नही देने का फैसला हमारे देश मे संकट को समाप्त करने के सभी प्रयासो को कमजोर कर सकता है। जुंटा चाहती थी कि संयुक्त राष्ट्र में नाइजर के पूर्व राजदूत बकारे याउ संगारे महासभा को उनकी तरफ से संबोधित करें। संगारे को तख्तापलट के बाद नाइजर का विदेश मंत्री बनाया गया है।

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ तय योजना के मुताबिक स्वदेश लौटेंगे: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाज शरीफ की अगले महीने पाकिस्तान लौटने की योजना मे कोई बदलाव नही हुआ है। समाचार पत्र डॉन की खबर मे यह जानकारी दी गई है। उनके बड़े भाई नवाज शरीफ 21 अक्टूबर को प्रगति का एजेंडा पेश करेंगे। लंदन मे अपने निर्वासन को समाप्त करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री 73 वर्षीय नवाज के 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटने और जनवरी, 2024 मे होने वाले आम चुनाव मे पीएमएल-एन पार्टी का नेतृत्व करने की उम्मीद है। वह 2019 मे चिकित्सा आधार पर पाकिस्तान से चले गए थे। खबर के अनुसार, शहबाज ने लंदन में नवाज, पार्टी उपाध्यक्ष मरियम नवाज और पूर्व वित्त मंत्री इसहाक डार के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, नवाज शरीफ का लाहौर लौटने पर जबरदस्त स्वागत किया जाएगा और फिर वह मीनार-ए-पाकिस्तान मे एक रैली मे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

### पाकिस्तान में आम चुनावों के लिए कोई निश्चित तारीख बता पाना संभव नहीं : निर्वाचन आयोग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने कहा है कि आम चुनावों के लिए कोई निश्चित तारीख बता पाना तकनीकी कारणो से संभव नही है। एक दिन पहले ही देश के राजनीतिक दलो ने आयोग से चुनाव की निश्चित तारीख बताने की मांग की थी। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया था कि चुनाव जनवरी, 2024 के आखिरी हफ्ते में कराए जाएंगे। आगामी चुनाव की निश्चित तारीख नही बता पाने को लेकर आयोग निशाने पर आ गया है। आधिकारिक घोषणा करना तकनीकी रूप से संभव नही है। डॉन अखबार की शनिवार की खबर के अनुसार, अधिकारी ने कहा कि ऐसा करने से औपचारिक प्रक्रिया तुरंत शुरू करने की आवश्यकता पड़ेगी तथा चुनाव से संबंधित विभिन्न कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने की बाध्यता होगी। उन्होने कहा कि निर्वाचन अधिनियम की धारा 57 के तहत मतदान तारीख की घोषणा के बाद चुनाव कार्यक्रम जारी किया जाना चाहिए, जिसके साथ चुनाव की पूरी प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस प्रक्रिया मे नामांकन पत्र दाखिल करना, उन नामांकन पत्रो की जांच, उन्हे स्वीकार करने या अस्वीकार करने के फैसलो पर अपील आदि शामिल है।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आतंकवादी साजिश को विफल किया गया, 13 आतंकवादी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियो ने पंजाब प्रांत में प्रमुख प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की एक बड़ी आतंकवादी साजिश को विफल कर दिया और 13 आतंकवादियो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि इन आतंकवादियों में से ज्यादातर प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से संबंधित है।पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के अनुसार, उसने आतंकवाद की किसी भी अप्रिय घटना से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रांत के विभिन्न जिलों में 83 खुफिया-आधारित अभियान चलाए और 13 संदिग्ध आतंकवादियो को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार, विस्फोटक और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियां बरामद की। सीटीडी ने कहा कि गिरफ्तार आतंकवादी आईएसआईएस (दाएश), टीटीपी, तहरीक जाफरिया पाकिस्तान और लश्कर-ए-झांगवी आतंकवादी समूहों से संबंधित हैं। पुलिस ने कहा कि इन आतंकवादियों को पंजाब के रावलपिंडी, अटक, बहावल नगर, लाहौर, जेहलम, शेखूपुरा और बहावलपुर जिलों में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आतंकवादियों के कब्जे से लगभग पांच किलोग्राम विस्फोटक, एक आईईडी बम, 29 डेटोनेटर, 49 फुट फ्यूज तार, एक पिस्तौल, एक एसएमजी राइफल और प्रतिबंधित साहित्य बरामद किया। सीटीडी ने कहा कि आतंकवादी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना चाहते थे और सुरक्षा एजेंसियो ने उनकी इस साजिश को विफल कर दिया। पुलिस ने गिरफ्तार आतंकवादियो के खिलाफ आठ मामले दर्ज किए है और उन्हे पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

### बांग्लादेश में चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने वालों पर अमेरिका वीजा प्रतिबंध लगाएगा

**ढाका।** अमेरिका ने कहा कि वह उन बांग्लादेशी नागरिकों पर वीजा प्रतिबंध लगाने के लिए कदम उठा रहा है जो बांग्लादेश में आगामी लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने या उसे कमजोर कर रहे है। बांग्लादेश मे दिसंबर के अंत या जनवरी 2024 मे आम चुनाव होने की संभावना है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक बयान मे कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों, सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल के सदस्यो सहित अन्य लोग प्रतिबंध के दायरे मे आएंगे क्योंकि अमेरिका बांग्लादेश में शांतिपूर्ण तरीके से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दो समुदायों के बीच झड़प के बाद सीमावर्ती नेपाली शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू

**काठमांडू।** भगवान गणेश की प्रतिमा के विसर्जन समारोह के दौरान दो समुदायों के बीच झड़प के बाद नेपाल के अधिकारियों ने भारत सीमा के पास स्थित मलंगावा शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। सरलाही के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 10:00 बजे से प्रभावी कर्फ्यू आदेश अगली सूचना तक लागू रहेगा। मलंगावा सरलाही का जिला मुख्यालय है और सीतामढी में नेपाल-भारत सीमा के पास स्थित है।

### अमेरिका में भारतीय नागरिक को धनशोधन की साजिश के जुर्म में 10 साल की कैद

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे कोलोराडो की एक अदालत के अटॉर्नी कार्यालय ने कहा कि एक भारतीय नागरिक को धन शोधन की साजिश रचने के जुर्म में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। शुक्रवार को जारी एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, ध्रुव जानी (40) को 11 लाख डॉलर की क्षतिपूर्ति का आदेश भी दिया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जानी एक सरकारी अधिकारी बनकर धनशोधन करने की साजिश का हिस्सा था। अमेरिका में इस धोखाधड़ी के पीड़ितों से टेलीफोन के जरिए संपर्क किया गया और उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि वे संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियो के एजेंट की जांच के घेरे मे है।

### सिफर मामले में इमरान की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शनिवार को देश से जुड़ी गोपनीय जानकारी के कथित खुलासे से संबंधित एक मामले मे जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत पर सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की। खान (70) ने एक विशेष अदालत द्वारा उनकी जमानत खारिज करने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में एक याचिका दायर की। विशेष अदालत मामले मे खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ सुनवाई कर रही है।

### आगामी चुनाव में सेना के हेरफेर करने की बात बकवास : काकड़

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकड़ ने अगले साल संसदीय चुनाव कराए जाने की उम्मीद व्यक्त करते हुए देश की ताकतवर सेना द्वारा इमरान खान को सत्ता पर काबिज होने से रोकने के लिए चुनाव परिणामो मे हरफेर की संभावनाओ को खारिज कर दिया। अनवार उल काकड़ ने शुक्रवार को एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि देश में चुनाव, निर्वाचन आयोग कराएगा न कि सेना और आयोग के अध्यक्ष को (प्रधानमंत्री रहते हुए) खान ने नियुक्त किया था, इसलिए वह किसी भी तरीके से उनके खिलाफ क्यो जाएंगे?

# संरा महासभा के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे जयशंकर

## ● पहले दिन कई द्विपक्षीय, बहुपक्षीय बैठकें की

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**संयुक्त राष्ट्र** महासभा (यूएनजीए) के उच्चस्तरीय सत्र के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां पहुंचने के बाद अपने वैश्विक समकक्षों के साथ कई द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय बैठकें की हैं और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा साझा चिंताओं के मुद्दों पर उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर शुक्रवार तड़के न्यूयॉर्क पहुंचे। उन्होंने अपने व्यस्त दिन की शुरुआत क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) विदेश मंत्रियों की बैठक से की। उन्होंने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा के साथ बैठक की। क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में संयुक्त राष्ट्र, पारस्परिक रूप से निर्धारित नियमों, मानदंडों एवं मानकों को बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में क्वाड सहयोग को गहरा करने के स्थाई महत्व के प्रति अटूट सहयोग की पुन: पुष्टि की गई। जयशंकर ने जापान की नई शीर्ष राजनयिक कामिकावा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूएनजीए में जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा से मिलकर खुशी हुई। हमने हमारे क्षेत्रीय, बहुपक्षीय एवं वैश्विक सहयोग तथा उसे आगे ले जाने पर चर्चा की। जयशंकर ने वोंग के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने कहा, यूएनजीए के इतर ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वोंग से मिलकर अच्छा लगा। हमने हमारे संबंधों के सकारात्मक पहलू पर गौर किया तथा उन्हें और मजबूत करने के लिए विशेष कदमों पर चर्चा की। क्षेत्रीय और वैश्विक आकलन पर हमारे विचारों का आदान-प्रदान हमेशा मूल्यवान होता है। इसके बाद, उन्होंने आईबीएसए (भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका) समूह के तहत दक्षिण अफ्रीका की विदेश मंत्री नालेदी पंडोर और ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा के साथ वार्ता की। उन्होंने कहा, यूएनजीए के इतर विदेश मंत्रियों मौरो विएना और नालेदी पंडोर के साथ आईबीएसए की बहुत उपयोगी बैठक की।



### आईबीएसए देशों ने संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए वार्ता और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया

**न्यूयॉर्क।** भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के त्रिपक्षीय मंच (आईबीएसए) ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के संबंध में चिंता व्यक्त की और संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा और दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री ग्रेस नलेदी पंडोर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र से इतर शुक्रवार को यहां 11वें आईबीएसए त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय आयोग की बैठक की। बैठक के बाद एक संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया कि मंत्रियो ने दुनिया के विभिन्न हिस्सो में भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की और संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर बल दिया। इसमे कहा गया है कि उन्होने निरस्त्रीकरण सम्मेलन के ढांचे के तहत प्रयासो सहित वैश्विक हथियार नियंत्रण, निरस्त्रीकरण और अप्रसार को मजबूत करने का आह्वान किया।

# सोमालिया में बम हमले में 15 की मौत, 40 घायल

**भाषा।** मोगादिशु,

**सोमालिया** के बेलेडवेयने शहर में शनिवार को एक सुरक्षा जांच चौकी के पास विस्फोटकों से लदे वाहन में जबर्दस्त धमाका होने से कम से कम 15 लोगों की जान चली गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।हिर्शाबेले प्रांत के मानवतावादी और आपदा प्रबंधन मंत्रालय के महानिदेशक अब्दीफतह मोहम्मद युसुफ ने इन मौतों की पुष्टि की है। 20 घायलों को बेलेडवेयने के अस्पतालों में भर्ती कराया गया जबकि 20 अन्य घायलों की हालत नाजुक है तथा उन्हें बेहतर इलाज के वास्ते विमान से मोगादिशु ले जाने का अनुरोध किया गया है। हिर्शाबेले एक प्रांत है जिसमें बेलेडवेयने शहर है और यह शहर हिरन क्षेत्र की राजधानी है। सोशल मीडिया में आई तस्वीरों में घटनास्थल से काला धुंआ उठता तथा क्षतिग्रस्त एक ट्रक जलता नजर नजर आ रहा है।बेलेडवेयने जनरल अस्पताल के निदेशक डॉ. सुलेयमान आब्दी अली ने बताया कि उनके अस्पताल में 10 शव लाए गए।

# भारत का महिला आरक्षण विधेयक एक परिवर्तनकारी कानून है : यूएसआईएसपीएफ

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत-अमेरिका** रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) ने भारत की संसद के निचले सदन और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने वाले विधेयक की सराहना करते हुए इसे एक परिवर्तनकारी कानून करार दिया और कहा कि यह लैंगिक समानता तथा समतावाद को बढ़ावा देता है। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश अघी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में निर्णय लेने वाले निकायों के शीर्ष पदों पर अधिक महिलाओं के होने के महत्व को भी रेखांकित किया। भारत की राजनीति पर व्यापक असर डालने की क्षमता वाले 128वें संविधान संशोधन विधेयक को बृहस्पतिवार को संसद की मंजूरी मिल गई जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विधेयक का समर्थन करने के लिए सांसदों को धन्यवाद दिया और कहा कि एक बार जब महिलाएं नेतृत्व की भूमिका निभाएंगी और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में शामिल होंगी, तो वे देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बन जाएंगी। मुकेश अघी ने कहा, लैंगिक समानता और बढ़े हुए प्रतिनिधित्व को प्राप्त करने की दिशा में यह भारत सरकार और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का एक बड़ा कदम है।

# यूक्रेन का क्रीमियाई शहर पर मिसाइल हमला

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन ने** शनिवार सुबह रूसी नियंत्रण वाले क्रीमिया के एक प्रमुख शहर सेवस्तोपोल पर मिसाइल हमला किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक दिन पहले, यूक्रेन ने रूस के काला सागर बेड़े के मुख्यालय पर मिसाइल हमला किया था, जिसमें एक सैनिक लापता हो गया और मुख्य इमारत को नुकसान पहुंचा। गवर्नर मिखेल रज्वोझाएव ने सोशल मीडिया पर कहा कि एक घाट के पास नष्ट की गई मिसाइल का मलबा गिरने के बाद सेवस्तोपोल को लगभग एक घंटे के लिए हवाई हमले की चेतावनी पर रखा गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय यातायात को भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया। हालांकि, बाद में यातायात बहाल कर दिया गया।



### कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने यूक्रेन के लिए कई समर्थन उपायों की घोषणा की

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने यूक्रेन के लिए सैन्य, आर्थिक और मानवीय सहायता सहित कई समर्थन उपायों की घोषणा की है। साथ ही उन्होने युद्ध छेड़ने के लिए रूस को दंडित किए जाने पर जोर दिया। ट्रूडो ने शुक्रवार को कनाडा की राजधानी ओटावा मे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, हम रूस पर जुर्माना लगाना जारी रख रहे है और यह सुनिश्चित कर रहे है कि इस अवैध, अनुचित आक्रमण के लिए जिम्मेदार लोगो को इस हमले से लाभ न मिले। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा और यूक्रेन रूसी संपत्तियो की जब्ती का अध्ययन करने के लिए जी7 भागीदारों के साथ एक कार्य समूह गठित करने पर सहमत हुए है।

# बत्तख, बगुले और हंस दुनिया को कैसे देखते हैं

## ● बदलते परिवेश में यह उन्हें खतरे में क्यों डालता है

**भाषा।** लंदन

**हर साल, लाखों** पक्षी बिजली लाइनों, पवन टरबाइनों और अन्य मानव निर्मित संरचनाओं से टकरा जाते हैं जो खुली हवा में गंदगी फैलाते हैं। इन टकरावों के परिणामस्वरूप अक्सर पक्षियों की मृत्यु हो जाती है और, यदि बिजली प्रणालियाँ ख़राब हो जाती हैं, तो हमारे जीवन में बाधा आती है और बिजली कंपनियों के लिए वित्तीय चुनौतियाँ पैदा होती हैं। ब्राज़ील में मकोय, यूके में बगुले और हंस, और दक्षिण अफ्रीका में ब्लू क्रेन सहित कई पक्षी प्रजातियों को बिजली लाइनों के साथ टकराव के लिए अतिसंवेदनशील पाया गया है। लेकिन कोई भी उड़ता हुआ पक्षी ऐसी टक्कर का शिकार हो सकता है। कुछ स्थानों पर, ए टकराव इतनी बार होते हैं कि वे पक्षियों की लुप्तप्राय प्रजातियों की स्थानीय आबादी को खतरे में डाल सकते हैं। लेकिन पक्षी अत्यधिक विकसित उड़ने वाली मशीनें हैं। वे झुंडों में उड़ सकते हैं जो बड़ी खूबसूरती से उड़ते हुए हमें हैरान कर देते हैं। तो वे चीज़ों में क्यों टकराते हैं? हमारे नवीनतम शोध के अनुसार, इसका उत्तर इस बात में निहित है कि वे दुनिया को कैसे देखते हैं। हमने पाया कि बत्तख, बगुले और हंसों की कई प्रजातियों के लिए सीधे आगे देखना उतना महत्वपूर्ण नहीं होता है। पक्षी दुनिया को कैसे देखते हैं-पक्षी टकराव का शिकार क्यों होते हैं, इसके पीछे के कारणों की खोज से नए विचार सामने आए हैं जो पक्षी क्या हैं, इसके बारे में हमारी मौलिक धारणा को चुनौती देते हैं। अतीत में, वैज्ञानिकों ने पक्षियों को आंख द्वारा निर्देशित पंख के रूप में वर्णित किया है। इसका तात्पर्य यह है कि उड़ान उनके विकास के दौरान पक्षियों की दृष्टि को ढालने में केंद्रीय रही है।लेकिन अब यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि एक पक्षी को आंख द्वारा निर्देशित चोंच के रूप में वर्णित किया जा सकता है।उड़ान के बजाय, पक्षी दृष्टि के विकास का मुख्य चालक खाना खोजने से जुड़े प्रमुख कार्य रहे हैं, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों का पता लगाना और उसे हासिल करने के लिए चोंच को सही समय पर सही जगह पर पहुंचाना।शिकारियों का पता लगाने के साथ-साथ, दिन-ब-दिन पक्षियों की दृष्टि को सही रखना भी एक कार्य है।क्षियों में प्रत्एक आँख से दृश्य कितना ओवरलैप होता है (जिसे दूरबीन दृश्य क्षेत्र कहा जाता है) में भिन्नता होती है। जितनी अधिक आंखें सीधी आगे की ओर होंगी, उतना ही अधिक प्रत्एक आंख से दृश्य ओवरलैप होगा - जितना कि मानव आंखें करती हैं - इस प्रकार दूरबीन क्षेत्र का विस्तार होता है।

### पक्षियों को आने वाले खतरों के प्रति सचेत करना

खाना खोजने और शिकारियों का पता लगाने के परिप्रेक्ष्य से पक्षियों की दृष्टि को समझने से टकराव के कारणों के बारे में हमारी समझ में सुधार होता है। लेकिन, इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह हमें इसके बारे मे कुछ करने मे मदद देता है।हमें यह नही मानना चाहिए कि दुनिया के बारे मे पक्षियों का नजरिया हमारे जैसा ही है। हम विशिष्ट प्राणी है जिनके सिर के सामने आंखे होती है, और हम दुनिया को पक्षियों से बहुत अलग तरीके से देखते है, न केवल दृश्य क्षेत्रों के संबंध मे बल्कि तीक्ष्णता और रंग दृष्टि के संबंध मे भी।इसलिए, हमें समस्या पर पक्षियों की नजर से विचार करने का प्रयास करना चाहिए।पक्षी जब तेजी से उड़ते है, तो वे आगे क्या होने वाला है इसकी केवल स्थूल जानकारी ही ले रहे होते है - ठीक वैसे ही जैसे हम अपनी कार चलाते समय करते है।कार के खतरे की चेतावनियों की तरह, मार्करों का उपयोग करके पक्षियों को सचेत करना आवश्यक है।किसी पक्षी, विशेष रूप से बत्तख और बगुले जैसी प्रजातियों के लिए,आने वाले खतरों के बारे में चेतावनी देने वाले उपकरण बड़े और स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले होने चाहिएं और झिलमिलाहट पैदा करने वाले होने चाहिएं।खतरों को चिह्नित करते समय सूक्ष्मता के लिए कोई जगह नही होती है।

# लीबिया को तबाह करने वाला मेडिकेन तूफान उत्तरी अफ्रीका के भविष्य की एक झलक था?

**लंदन।** तूफान डेनियल 10 सितंबर की सुबह लीबिया के तटीय शहर तौकरा पर पहुंचा और पूर्व की ओर बढ़ने लगा। थोड़ी ही देर में हवा की रफ्तार बढ़ने लगी और भारी बारिश होने लगी, जिससे लोगों को घर के अंदर रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। दोपहर तक बारिश स्पष्ट रूप से सामान्य से अधिक थी।एक स्थानीय मौसम केंद्र का जो रिकॉर्ड हमें मिला है उसके अनुसार, तट पर स्थित अल्बायदा शहर में आधी रात से पहले वार्षिक बारिश का 80 प्रतिशत तक पानी गिर चुका था। 24 घंटे से भी कम समय में, हजारों लोग मारे गए, सैकड़ों हजारों लापता हो गए, और उत्तर-पूर्वी लीबिया में जेबेल अख़दर (ग्रीन माउंटेन) के शहर और गाँव किसी हॉलीवुड आपदा फिल्म की तरह हो गए। तूफ़ान डेनियल एक भूमध्यसागरीय चक्रवात या तूफ़ान (एक तथाकथित मेडिकेन) था जिसने एक सप्ताह के दौरान ग्रीस, बुल्गारिया, लीबिया, मिस्र और तुर्की को प्रभावित किया। मेडिकेन दुर्लभ नहीं हैं।

# राजनीतिक दलों व विधि आयोग से लेंगे सुझाव : कोविंद

**●एक देश एक चुनाव की समिति ने की बैठक**

**भाषा।** नई दिल्ली



**देश में लोकसभा,** राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च-स्तरीय समिति ने शनिवार को यहां अपनी पहली बैठक की और इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए राजनीतिक दलों और विधि आयोग को आमंत्रित करने का निर्णय लिया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर सिफारिश करने के वास्ते दो सितंबर को आठ सदस्ईय उच्च-स्तरीय समिति गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन. के. सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष काश्यप और पूर्व सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी बैठक में मौजूद थे। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ऑनलाइन तरीके से बैठक में शामिल हुए। बयान में कहा गया है कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी बैठक में मौजूद नहीं थे। चौधरी ने हाल में गृह मंत्री शाह को लिखे एक पत्र में समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। चौधरी ने पत्र में कहा था, मुझे उस समिति में काम करने से इनकार करने में कोई झिझक नहीं है, जिसकी संदर्भ शर्तें इसके निष्कर्षों की गारंटी के लिए तैयार की गई हैं। यह पूरी तरह से छलावा है। बयान में कहा गया है कि समिति ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों, राज्यों में सत्तारूढ़ दलों, संसद में अपना प्रतिनिधित्व रखने वाले दलों, अन्य मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दलों को देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर सुझावाराय देने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया है।विधि मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा कि इसके अलावा, समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर अपने सुझाव और राय के लिए विधि आयोग को भी आमंत्रित करेगी। सरकार की अधिसूचना में कहा गया है कि समिति तुरंत ही कामकाज शुरू कर देगी और यथाशीघ्र सिफारिश करेगी, लेकिन रिपोर्ट सौंपे जाने की समय सीमा तय नहीं है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक राष्ट्र, एक चुनाव की वकालत करते रहे हैं। उनका कहना है कि इससे बहुत सारा पैसा और संसाधन बचेंगे। सरकार ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की वकालत करते हुए संसद में कहा कि इससे सरकारी खजाने की बचत होगी। समिति पड़ताल करेगी और संविधान, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम तथा एक साथ चुनाव कराने के उद्देश्य के लिए अन्य कानूनों या नियमों में संशोधन की जरूरत पर विशेष संशोधनों की सिफारिश करेगी। संविधान में कुछ विशेष संशोधन करने के लिए कम से कम 50 प्रतिशत राज्य विधानसभाओं से अनुमोदन की जरूरत होती है। समिति एक साथ चुनाव कराने पर त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव स्वीकार किए जाने या दलबदल जैसी स्थिति उभरने पर भी गौर करेगी और सिफारिश करेगी। संसद की एक समिति ने हाल में कहा था कि एक साझा मतदाता सूची खर्च घटाने में मदद करेगी और एक ऐसे कार्य पर मानव संसाधन को तैनात करने से रोकगी, जिस पर दूसरी एजेंसी पहले से ही काम कर रही है। निर्वाचन आयोग (ईसी) को संसदीय और विधानसभा चुनाव कराने का अधिकार है, राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को स्थानीय निकाय चुनाव कराने का अधिकार है। मूल प्रस्ताव लोकतंत्र के तीनों स्तरों - लोकसभा (543 सांसद), विधानसभा (4,120 विधायक) और पंचायतों एवं नगर पालिकाओं (30 लाख सदस्य) के लिए एक साथ चुनाव कराने का है। समिति की अधिसूचना जारी होने के बाद शाह और मेघवाल ने कोविंद से मुलाकात भी की थी। सूत्रों ने कोविंद के साथ उनकी मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया था।

## कांग्रेस नेता एंटनी की पत्नी ने अपने बेटे के भाजपा में शामिल होने को सही ठहराया

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी की पत्नी एलिजाबेथ का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह अपने बड़े बेटे के भाजपा में शामिल होने को उचित ठहराती नजर आ रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद केरल में कांग्रेस पार्टी को असहज होना पड़ा रहा है। एक ईसाई ध्यान केंद्र के यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो में, भावुक एलिजाबेथ को यह स्वीकार करते हुए देखा जा सकता है कि वह अनिल एंटनी को भाजपा से मिले निमंत्रण के बारे में बहुत पहले से जानती थीं। वायरल वीडियो में एलिजाबेथ को यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि उनके बेटे को प्रार्थनाओं के कारण राजनीति में नया अवसर मिला। उन्होंने कहा कि हालांकि, उनके दोनों बेटे राजनीति में आना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी के हालिया चिंतन शिविर में वंशवाद की राजनीति के खिलाफ पारित एक प्रस्ताव से झटका लगा था। एंटनी की पत्नी ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे के अच्छे भविष्य के लिए बहुत प्रार्थना की और तभी उन्हें अनिल का फोन आया। एंटनी की पत्नी ने वीडियो में कहा, मेरा बेटा 39 साल का हो गया...उसने मुझे फोन किया और कहा कि उसे प्रधानमंत्री कार्यालय से फोन आया है और उन्होंने उसे भाजपा में शामिल होने की बात कही है। एलिजाबेथ ने कहा कि वह और उनका परिवार कांग्रेस पार्टी में विश्वास करता है, लेकिन उनके बेटे ने उनसे कहा कि अगर वह भाजपा में शामिल होंगे तो उन्हें अच्छे अवसर मिलेंगे। एलिजाबेथ ने कहा कि उन्होंने परिवार में किसी को भी अनिल के भाजपा में शामिल होने के फैसले के बारे में नहीं बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि अनिल के भाजपा में शामिल होने के बारे में चार दिन बाद टीवी चैनलों के माध्यम से पता चलने पर ए.के. एंटनी को झटका लगा था। उन्होंने कहा कि एंटनी ने बाद में अपने बेटे के फैसले को स्वीकार किया और उसे कहा कि जब भी मन चाहे वह घर आ सकता है, लेकिन घर में राजनीति पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस नेतृत्व, एंटनी या अनिल एंटनी ने अभी तक इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। पूर्व रक्षा मंत्री एंटनी के बेटे अनिल एंटनी इस साल अप्रैल में भाजपा में शामिल हुए थे।

## हिमंत की पत्नी ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के खिलाफ 10 करोड़ रुपए की मानहानि का मुकदमा किया

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा ने एक खाद्य प्रसंस्करण परियोजना में अनियमितताओं के झूठे आरोपों को लेकर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के खिलाफ 10 करोड़ रुपए की मानहानि का मुकदमा दायर किया है। रिंकी भुइयां के वकील देवजीत सैकिया ने पीटीआई-भाषा से कहा कि यह मामला शुक्रवार को कामरूप मेट्रोपॉलिटन में दीवानी मामलों के न्यायाधीश (वरिष्ठ प्रभाग) की अदालत में दायर किया गया। उन्होंने कहा, मेरी मुवक्किल ने एक्स पर कई पोस्ट करने को लेकर गौरव गोगोई के खिलाफ 10 करोड़ रुपए की मानहानि का दावा किया है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमने सब्सिडी प्राप्त करने के लिए कभी कोई आवेदन नहीं दिया था। सैकिया ने दावा किया कि सब्सिडी पाने की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है, जिसके लिए इस साल 26 मई को उनकी मुवक्किल की कंपनी को कारण बताओ नोटिस भेजा गया था और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने एक ईमेल भी भेजा था।उन्होंने कहा, परियोजना के लिए मंजूरी 22 नवंबर, 2022 को दी गई थी। आखिरी ईमेल में हमें बताया गया था कि अगर हमने अपना प्रस्ताव जमा नहीं कराया तो हमारा दावा समाप्त हो जाएगा। हम किसी भी बात का जवाब सब्सिडी पाने के लिए नहीं दे रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता ने दावा किया कि गोगोई ने रिंकी भुइयां और उनकी कंपनी प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट के बारे में सोशल मीडिया पर जो कुछ भी कहा है, वह तथ्यों पर आधारित नहीं है। उन्होंने कहा, उन्होंने (आरोपों के संबंध में) पूरी तैयारी नहीं की। परियोजना के लिए मंजूरी मिलने का अर्थ यह नहीं है कि सब्सिडी मिली है। हम अपनी पूरी ताकत से यह मुकदमा लड़ेंगे। गुवाहाटी के डिजिटल मीडिया द क्रॉसकरंट की एक रिपोर्ट के बाद विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि नगांव जिले के कालियाबोर के दारिगाजी गांव में 50 बीघा (लगभग 17 एकड़) से अधिक कृषि भूमि खरीदे जाने के एक महीने के भीतर इसे औद्योगिक भूमि के रूप में तब्दील कर दिया गया। यह भूमि प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट के स्वामित्व वाली एक कंपनी द्वारा खरीदी गई थी, जिसकी रिंकी भुइयां प्रबंध निदेशक हैं।

### क्विक न्यूज

## कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में ताम्रध्वज साहू को मुख्यमंत्री नियुक्त न कर साहू समाज को धोखा दिया: तेली

**रायपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने शनिवार को दावा कि कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में ताम्रध्वज साहू को मुख्यमंत्री बनाने के नाम पर साहू समाज का वोट लिया और चुनाव जीतने के बाद साहू की जगह भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बना दिया। राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत के साथ मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में से एक थे।राज्य के रायगढ़ जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा के दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और श्रम राज्य मंत्री तेली ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लोगों से किए वादों को पूरा नही किया।असम से सांसद तेली ने कहा कि वह साहू समुदाय से है और उनके परिवार की जड़ें इसी क्षेत्र (मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) में है।केंद्रीय मंत्री तेली ने रैली में कहा, कुछ दिन पहले छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अपने परिवार के साथ असम से विमान में यात्रा कर रहे थे। उसी विमान में हमारे एक सांसद भुवनेश्वर कलिता भी यात्रा कर रहे थे जो हाल ही मे भाजपा मे शामिल हुए है और पिछले चुनाव मे कांग्रेस के चुनाव प्रभारी रहे थे। कलिता ने मुझसे पूछा कि क्या ताम्रध्वज को पहचाना हूं ? मैने जवाब दिया कि हां, ए छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री है।

## निज्जर धार्मिक व्यक्ति नही, एक आतंकवादी था

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा मे तनातनी के बीच सूत्रों ने बताया कि वह (निज्जर) कोई धार्मिक और सामाजिक व्यक्ति नही, बल्कि एक आतंकवादी था, जो आतंकी प्रशिक्षण शिविर चलाने और आतंकवादी कृत्यों के वित्तपोषण में शामिल था। हरदीप सिंह निज्जर, गुरदीप सिंह उर्फ दीपा हेरनवाला का करीबी सहयोगी था। हेरनवाला 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत मे पंजाब मे लगभग 200 लोगों की हत्या मे शामिल था। हेरनवाला प्रतिबंधित खालिस्तान कमांडो फोर्स से जुड़ा हुआ था। प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख और भारत के वांछित आतंकवादियो मे शामिल हरदीप सिंह निज्जर (45) की कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया मे 18 जून को एक गुरुद्वारे की पार्किंग में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसपर 10 लाख रुपए का नकद इनाम था। सूत्रों के मुताबिक निज्जर भारत मे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के डर से 1996 मे कनाडा भाग गया था और आतंकवादी गतिविधियो के लिए धन की व्यवस्था करने के लिए कनाडा मे मादक पदार्थों की तस्करी और जबरन वसूली जैसी अवैध गतिविधियो में शामिल हो गया था। सूत्रों ने कहा कि निज्जर भारत मे हमले करने के लिए ब्रिटिश कोलंबिया के एक आतंकी शिविर मे युवाओ को प्रशिक्षण देने मे भी शामिल था। इन वर्षों मे निज्जर ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूह खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के अभियान प्रमुख की भी भूमिका निभाई। वर्ष 2020 में उस पर भारत सरकार ने केटीएफ सदस्यों के संचालनकर्ता, नेटवर्किंग, प्रशिक्षण और वित्तपोषण मे सक्रिय रूप से शामिल होने का आरोप लगाया था। निज्जर ने 2012 मे पाकिस्तान का दौरा किया था और वह एक अन्य प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल के प्रमुख जगतार सिंह तारा के संपर्क मे आया था।

## स्टालिन ने कैग रिपोर्ट पर चुप्पी को लेकर मोदी पर साधा निशाना

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट मे उल्लेखित अनियमितताओं पर जवाब नही देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियो पर शनिवार को निशाना साधा। स्टालिन ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया होना चाहिए। उन्होंने लोगों से भाजपा की सांप्रदायिक, विभाजनकारी, सत्तावादी और कॉर्पोरेट-संचालित राजनीति को समाप्त करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया।स्टालिन नें स्पीकिंग फॉर इंडियौ पॉडकास्ट की दूसरी कड़ी मे कैग रिपोर्ट को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया। उन्होंने कहा, मैं विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) को भ्रष्ट लोगों का गठबंधन बताने वाले मोदी से पूछता हूं कि कैग रिपोर्ट आपके शासन मे भ्रष्टाचार को उजागर करती है। क्या आपने पढ़ा है कि रिपोर्ट क्या कहती है? क्या आपने विशेष सत्र मे इस पर चर्चा की? क्या आपने जवाब भी दिया? पॉडकास्ट का शीर्षक, 7.5 लाख करोड़ रुपए की अनियमितताओं को उजागर करने वाली कैग रिपोर्ट और प्रधानमंत्री की चुप्पी था। द्रमुक प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पांच सी से बनी है, जो कम्युनलिज्म (सांप्रदायिकता), करप्शन (भ्रष्टाचार), कॉर्पोरेट कैपिटलिज्म (कॉर्पोरेट पूंजीवाद), चीटिंग (धोखाधड़ी) और कैरेक्टर एसैसिनेशन (चरित्र हनन) है। उन्होंने कहा कि हालांकि, भाजपा प्रचार और विज्ञापनों के माध्यम से इसे छिपाने मे कामयाब रही है।

## युवाओं की ड्रामा सीरीज़ कैंपस बीट्स का ट्रेलर रिलीज़

**मुंबई।** अमेज़ॅन के निशुल्क वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेज़ॅन मिनी टीवी ने हाल ही में नए यूथ ड्रामा कैंपस बीट्स् की घोषणा की थी। दर्शकों में इस सीरीज़ को लेकर उत्साह और रोमांच है क्योंकि यह कॉलेज लाइफके आसपास घूमने वाली कहानी है और अब अमेज़ॅन मिनी टीवी ने इस शानदार टीन ड्रामा का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है ताकि दर्शकों को इसकी कहानी की झलक मिल सके। इसकी कहानी एक प्रतिष्ठित डांस इंस्टिट्यूट के साथ शुरू होती है। वेलफेयर प्रोग्राम के जरिए कुछ नए स्टूडेंट्स बीजी कॉलेज से जुडते हैं और फिर यहां उनका सामना पुराने स्टूडेंट्स से होता है। यहीं शुरुआत होती है नई दोस्तीए टकराव और दुश्मनीए प्यारए चाहतए रिश्तों के उतार.चढ़ाव के एक नए सफर की। इस सीरीज़ का ट्रेलर अमेज़ॅन मिनी टीवी पर 21 सितंबर 2023 को रिलीज़ हो गया है। इस सीरीज़ के साथ अमेज़ॅन ज़्यादा लंबी कहानियों वाले क्षेत्र में भी उतर रहा है और उम्मीद करता है कि यह कहानी दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब रहेगी। पलकी मल्होत्रा की प्रोड्यूस की गई इस सीरीज़ में शांतनु माहेश्वरी, श्रुति सिन्हा, सहज सिंह चहल, तन्वी गडकरी, हर्ष डिंगवानी, तान्या भूषण, धनश्री यादव, तेरिया मगर, अदनान खानए और रोहन पाल मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## माया अकेडमी ने अवार्ड क्लैश ऑफ़ क्रिएटिविटी सीजन 3 का आयोजन किया

**कानपुर।** माया अकेडमी ऑफएडवांस सिनेमैटिक ;मैकद्ध ने कानपुर के छात्रों के लिए एक पुरस्कार समारोह क्लैश ऑफक्रिएटिविटी सीजन-3 आयोजित किया जो कि संगीत नाटक अकैडमी गोमती नगर में हुआ द्य जिसका शुभारभ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दीप प्रज्वलन कर किया। लखनऊ व कानपुर के 700 छात्रों की भागीदारी में से डेढ़ सौ छात्र विजेता रहे। जिनमें विभिन्न श्रेणियों के तहत सम्मानित किया गयाद्य प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों में बेस्ट ऑफथ्री डी चैलेंजए बेस्ट ऑफविजुअल इफेक्ट चैलेंज, बेस्ट ऑफ2 डी मूवी, बेस्ट ऑफडीएफएम शॉर्ट मूवी और बेस्ट ऑफथ्री डी स्क्रिप्ट दो स्क्रीन मूवी शामिल रहे। समारोह के दौरान मैक लखनऊ व कानपुर के डायरेक्टर ी रमन शर्मा ने कहा कि मैक के इस नवीनतम विचारधारा ऐप प्रगतिशील दृष्टिकोण की सराहना करता हूं। युवा पीढ़ी को आज की दुनिया में स्किल डेवलपमेंट और व्यवसाय से वंचित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि मैक लखनऊ और कानपुर में रचनात्मक और नवाचार के लिए इस तरह के मंच प्रदान करने के लिए अग्रणी हैं हम उम्मीद करते हैं कि वह इसी तरह पूरी उत्तर प्रदेश में भी इस प्रकार के मंच प्रदान करते रहेंगे जो भविष्य में देश को प्रगति के पथ पर ले जाने में मदद करेगा।

## आरएसएस ने महिला आरक्षण विधेयक पारित होने की प्रशंसा की

**भाषा।** नागपुर (महाराष्ट्र)

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत और महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने संसद से नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पारित होने की प्रशंसा की और कहा कि इससे महिला सशक्तीकरण और समान भागीदारी सुनिश्चित होगी। इस विधेयक का मकसद महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देना है। आरएसएस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भागवत और होसबाले के हवाले से कहा, भारत की संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 पारित कर नया इतिहास रचा है जो महिला सशक्तीकरण और उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करता है। इस कदम को एक महत्वपूर्ण फैसला बताते हुए आरएसएस ने कहा कि यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत तथा समावेशी बनाएगा।

# दानिश अली के अशोभनीय आचरण की भी जांच की जाए : भाजपा सांसद निशिकांत दुबे

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद दानिश अली के अशोभनीय आचरण और टिप्पणियों की भी जांच करनी चाहिए। अली के खिलाफ सत्तारूढ़ भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने हाल में लोकसभा में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे पत्र में दुबे ने अली पर बृहस्पतिवार को लोकसभा में विधूड़ी के भाषण के दौरान टोका-टोकी करने तथा अप्रिय टिप्पणियां करने का आरोप लगाया एवं कहा कि उनके ऐसा करने का मकसद उन्हें (बिधूड़ी को) उकसाना था कि वह अपना धैर्य खो दे।दुबे ने आरोप लगाया कि अली ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बहुत ही आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की। भाजपा नेता ने दावा किया कि उन्होंने (अली ने) नीच शब्द का इस्तेमाल किया जो किसी भी देशभक्त जन प्रतिनिधि के लिए अपना संयम खो देने और ऐसी अशोभनीय शब्द बोलकर उनके जाल में फंस जाने के लिए काफी है। साथ ही, दुबे ने स्पष्ट शब्दों में बिधूड़ी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि कोई भी सभ्य समाज उन्हें सही नहीं ठहरा सकता। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष को दानिश अली की अशोभनीय टिप्पणियों और आचरण की भी जांच करनी चाहिए। लोकसभा के नियमों के तहत किसी सांसद को आवंटित समय के दौरान उनके बोलते वक्त टोकने, बैठे-बैठे बोलने और लगातार टीका-टिप्पणी करने के लिए भी सजा का प्रावधान है। अपने पत्र में दुबे ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के सदस्यों ने भी दूसरे समुदाय के धार्मिक विश्वास के बारे में टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो कुछ लिखा है कि वे ऐसे तथ्य हैं जिसकी पुष्टि की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि बिधूड़ी ने अनपयुक्त आचरण किया है तो अली एवं अन्य सदस्यों ने भी समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाया। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा है, मैं इसलिए आपसे उक्त चर्चा के दौरान विभिन्न सदस्यों द्वारा कही गई बातों की जांच के लिए एक जांच समिति बनाने का अनुरोध करता हूं।

# अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा नेताओं से मुलाकात की


**भाषा।** चेन्नई

### भाजपा ने प्रदेश नेतृत्व का समर्थन किया

**तमिलनाडु में** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच चुनावी तालमेल अधर में लटकने के बीच द्रविड़ नेता पूर्व मुख्यमंत्री सी एन अन्नादुरई पर अपनी कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रमुख के अन्नामलाई से माफी की मांग कर रहे हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने ज्यादा कुछ नहीं कहा लेकिन उसने पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए अन्नामलाई की आक्रामक राजनीति का समर्थन किया है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा करने वाला अन्नाद्रमुक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नहीं मिल सका, लेकिन भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा और तमिलनाडु के प्रभारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मिलने में कामयाब रहा। अन्नाद्रमुक प्रतिनिधिमंडल ने अन्नामलाई की तरफ से माफी के लिए नेतृत्व के हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कथित तौर पर कहा कि यदि यह संभव नहीं है, तो वे एक गैर-विवादास्पद नेता को तैनात करने पर विचार कर सकते हैं जो अगले साल लोकसभा चुनाव के दौरान अन्नाद्रमुक के साथ निकट समन्वय में काम कर सके। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एम चक्रवर्ती ने कहा, हमारे नेतृत्व को अन्नामलाई को हटाने का विचार पसंद नहीं है क्योंकि वह पार्टी को मजबूत कर रहे हैं और इसका शानदार ढंग से विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने केवल राज्य में सनातन धर्म विवाद के दौरान अन्नादुरई को लेकर एक टिप्पणी की थी। अन्नाद्रमुक की नाराजगी की कोई वजह नहीं है क्योंकि अन्नामलाई ने पार्टी पर निशाना नहीं साधा था। अन्नाद्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी अन्नादुरई की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती है और पार्टी के माध्यम से उनके नाम को कायम रखा जबकि अन्नाद्रमुक के झंडे में उनकी छवि है। उन्होंने कहा, इसके बावजूद बैठक, सहज और सौहार्दपूर्ण रही। बैठक से हम भाजपा नेतृत्व के सामने मुद्दों को उठा सके। इस बीच, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने कहा कि गठबंधन पर अंतिम फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा। कोयंबटूर दक्षिण की विधायक ने यहां संवाददाताओं से कहा, गठबंधन पर निर्णय हमारी पार्टी के नेताओं द्वारा लिया जाएगा और घोषणा की जाएगी।

## मातृशक्ति की भागीदारी के बिना राष्ट्र के नव निर्माण की कल्पना अधूरी: राजे

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को कहा कि मातृशक्ति की भागीदारी के बिना किसी भी राष्ट्र के नव निर्माण की कल्पना अधूरी है। राजे ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, मोदी जी ने महिला आरक्षण बिल के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि मातृशक्ति की भागीदारी के बिना किसी भी राष्ट्र के नव निर्माण की कल्पना अधूरी है। एक बयान के अनुसार, राजे ने अपने सरकारी आवास पर राज्यभर से आई महिलाओं से रक्षा सूत्र बंधवाया। उन्होंने कहा, महिलाओं का जोश देख कर यह तय है कि नारी शक्ति का यह प्रवाह राजस्थान की महिला विरोधी कांग्रेस सरकार को बहा कर ले जाएगा। राजे ने कहा कि रक्षासूत्र यूं तो कच्चा धागा है, पर मजबूत और अटूट है। मेरे लिए सुरक्षा कवच है। इसमें राजस्थान की संपूर्ण महिलाओं की शक्ति है जो मुझे हर मुश्किल को पार करने का हौसला देगा।



मै रामवासी हूं किताब के विमोचन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# कांग्रेस ने कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

**●संभावित उम्मीदवार चुनेंगे**

**भाषा।** बेंगलुरु



राजस्थान में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी व अशोक गहलोत

**कर्नाटक** की सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने राज्य की सभी 28 लोकसभा सीट के लिए शनिवार को पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जो 2024 के आम चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों की विस्तृत जानकारी जमा करेंगे। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में राज्य के उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार ने कहा मंत्रियों को पर्यवेक्षक के तौर पर नियुक्त किया है जो अपने तय निर्वाचन क्षेत्र में जाएंगे और नेताओं से चर्चा करेंगे, बैठक करेंगे और संभावित उम्मीदवार की रिपोर्ट कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमिटी को देंगे। शिवकुमार कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष पद का भी कार्यभार संभाल रहे हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक प्रियंक खरगे को बागलकोट सीट का, एन एस बोसेराजू को बेंगलुरु मध्य का, डॉ.जी परमेश्वरा को बेंगलुरु उत्तर का, के. वेंकटेश को बेंगलुरु ग्रामीण का,डॉ.शरण प्रकाश पाटिल को बेंगलुरु दक्षिण का, डॉ.शिवराज तंगदागी को बेलगावी का, सतीश जरकीहोली को विजयपुरा का, बी जेड जमीर अहमद खान को चिकबल्लापुर का, लक्ष्मी हेब्बलकर को धारवाड़ का, मंकल वैद्य को उडुपी-चिक्कमगलुरु का और के एस राजन्ना को शिवमोगा का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में कर्नाटक की 28 सीट में से 25 पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत दर्ज की जबकि गठबंधन में लड़ी कांग्रेस और जनता दल यूनाइटेड (जदस) को एक-एक सीट मिली थी।

## राज्यपाल यदि केंद्र से आरडीएफ जारी करा लेते हैं तो न्यायालय से अर्जी वापस ले लेंगे: चीमा

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार लंबित ग्रामीण विकास कोष (आरडीएफ) पर उच्चतम न्यायालय से अपनी याचिका वापस ले लेगी, बशर्ते कि राज्यपाल इसे (कोष को) केंद्र से जारी करा दे। चीमा, राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्होंने (पुरोहित ने) कहा था कि राज्य सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का इंतजार करना उपयुक्त होगा। मुख्यमंत्री मान ने बृहस्पतिवार को लिखे पत्र में राज्य सरकार को 5,637.40 करोड़ रुपए के लंबित आरडीएफ का मुद्दा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के समक्ष उठाने को कहा था। राज्य सरकार ने आरडीएफ मुद्दे पर जुलाई में उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

# नायडू ने उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी

**●कौशल विकास निगम घोटाला मामला**

**भाषा।** नई दिल्ली

**तेलुगु देशम पार्टी** (तेदेपा) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने कौशल विकास निगम में कथित घोटाले के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध संबंधी याचिका खारिज करने के आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को शनिवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। बाद में शुक्रवार को विजयवाड़ा की एक अदालत ने नायडू को मामले में और पूछताछ के वास्ते दो दिन के लिए सीआईडी की हिरासत में भेज दिया था। नायडू को कौशल विकास निगम के धन का दुरुपयोग करने के आरोप में नौ सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। इस घोटाले के कारण सरकारी खजाने को 300 करोड़ रुपए का कथित रूप से नुकसान हुआ था। उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध संबंधी नायडू की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उनकी याचिका में कोई दम नहीं है। अदालत ने कहा था कि जब जांच जारी है तो अदालत इस स्तर पर हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा था कि सीआरपीसी के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत पुलिस के पास संज्ञेय अपराध की जांच करने का वैधानिक अधिकार और कर्तव्य है। इसने इस बात पर भी जोर दिया था कि प्राथमिकी को रद्द करने की शक्ति का इस्तेमाल सावधानी से किया जाना चाहिए।

# एशियाई खेलों का रंगारंग आगाज

## शान से लहराया भारत का तिरंगा





भाषा। हांगझोउ

**आर्टिफिशिल** इंटेलिजेंस और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी के तत्वों के शानदार मिश्रण के साथ शनिवार को यहां हांगझोउ एशियाई खेल कुछ अनूठे उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हो गए जिसमें भविष्य की कार्बन रहित आतिशबाजी की झलक दिखी। यह प्रदूषण रहित रोशनी से दमकता समारोह अरुणाचल प्रदेश के तीन भारतीय खिलाड़ियों को वीजा देने से इनकार को लेकर उठे राजनयिक विवाद के बीच हुआ जिसमें प्रौद्योगिकी, चीन के सांस्कृतिक इतिहास और महाद्वीप की एकता की भावना अद्भुत मेल था। लगभग दो घंटे तक चले इस समारोह में नए युग में चीन, एशिया और दुनिया के अंतर संबंधों के साथ-साथ एशियाई लोगों की एकता, प्रेम और दोस्ती को दिखाया गया। समारोह में चीन और एशिया के भावों को दिखाने का प्रयास किया जिसमें देश की सांस्कृतिक विरासत और हजारों साल पुरानी सभ्यता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के मिश्रण को बेहद सुंदर दृश्यों से दिखाया गया। इसमें चीन के आधुनिकीकरण के प्रयासों को खूबसूरती से पेश किया गया। चीन की प्रौद्योगिकी की ताकत हर जगह दिखाई जिसमें खेलों की फ्लेम को अनूठे तरीके से प्रज्वलित किया गया। इसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल वर्चुअल मशालवाहक के तौर पर किया गया। चीनी के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने खेलों की शुरुआत की घोषणा की जिससे 45 देशों के 12,000 एथलीट आठ अक्टूबर तक शीर्ष सम्मान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगे। एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रमुख थॉमस बाक, कई देशों के प्रमुख, राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस समारोह में मौजूद थे। चीन में पिछले साल कोविड-19 मामलों के बढ़ने के कारण इन खेलों को एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। हरित एशियाई खेलों या कार्बन रहित खेल की सोच को ध्यान में रखते हुए उद्घाटन समारोह में डिजिटल आतिशबाजी का इस्तेमाल किया गया लेकिन इससे भी रोमांचक माहौल बन गया। करीब 80,000 दर्शकों की क्षमता वाला बिग लोटस स्टेडियम प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों के स्वागत के लिए सजा हुआ था। भारत के करीब 100 एथलीट और अधिकारियों ने जैसे ही मार्च के लिए स्टेडियम में प्रवेश किया, वैसे ही तालियों की तेज गड़गड़ाट हुई जिसमें दल के ध्वजवाहक हरमनप्रीत सिंह और लवलीना बोरगोहेन तिरंगा लिए सबसे आगे थे। भारतीय दल की परेड आठवें नंबर पर रही। टेनिस टीम से केवल रामकुमार रामनाथन ने परेड में हिस्सा लिया क्योंकि अन्य खिलाड़ियों का रविवार को मैच है। पुरुष एथलीट बंदगले की जैकेट और खाकी कुर्ता पहने थे जबकि महिला खिलाड़ियों ने गर्दन तक ढका ब्लाउज और खाकी रंग की साड़ी पहनी हुई थी। भारत के 655 एथलीट इन खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। करीब एक घंटे तक चले देश के दलों के स्वागत के बाद 30 मिनट के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों को दिल जीत लिया। फिर लौ प्रज्वलित करने के बाद आधिकारिक गान प्रस्तुत किया गया। महाद्वीप के सबसे बड़े बहु-स्पर्धा आयोजन की मेजबानी करके चीन ने महामारी से उबरने की भी घोषणा की। खिलाड़ियों की संख्या के हिसाब से यह उसके इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। इसमें कोई शक नहीं की ओलंपिक दुनिया के सबसे बड़े बहु-स्पर्धा खेल हैं लेकिन एशियाई खेलों में काफी अधिक खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। हांगझोउ में 12,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। तोक्यो में हुए ओलंपिक खेलों में लगभग 11,000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जबकि अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में लगभग 10,500 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। इंडोनेशिया में हुए 2018 एशियाई खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

### शतरंज अभियान में प्रज्ञानानंदा पर होगा फोकस

**हांगझोउ।** भारत की निगाहें एशियाई खेलों की शतरंज स्पर्धा मे पदक जीतकर कुल संख्या में इजाफा करने पर लगी होगी और इसमें सभी का ध्यान हाल मे विश्व कप मे शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के प्रदर्शन पर लगा होगा। प्रज्ञानांनदा (18 वर्ष) टीम स्पर्धा (स्टैंडर्ड टाइम कंट्रोल के अंतर्गत खेली जाने वाली) के लिए मजबूत टीम का हिस्सा है जिसमें साथी जीएम डी गुकेश भी शामिल है जिनकी बदौलत भारत स्वर्ण पदक हासिल करने की कोशिश करेगा। इन दोनो की हाल की शानदार फॉर्म को देखते हुए भारत को पीले तमगे की उम्मीद है जिसमें अनुभवी पी हरिकृष्णा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगेसी मजबूत सहयोग मुहैया कराएंगे। व्यक्तिगत स्पर्धा रैपिड प्रारूप मे खेली जाएगी जो रविवार से शुरु होगी और इसके बाद टीम स्पर्धा आयोजित होगी।

### भारतीय निशानेबाजों की नजरें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर

**हांगझोउ।** भारतीय निशानेबाजों ने हाल ही में संपन्न आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व चैंपियनशिप मे उत्साहवर्धक प्रदर्शन कर यह जता दिया कि एशियाई खेलो मे उन्हे हल्के मे नही लिया जा सकता है। भारत ने विश्व चैंपियनशिप मे छह स्वर्ण और आठ कांस्य सहित 14 पदक जीते लेकिन एशियाई खेलो में देश के निशानेबाजो का प्रदर्शन उनकी क्षमता के मुताबिक नही रहा है। चार साल मे होने वाले इन खेलों के शुरू होने के साथ ही एक बार फिर से निशानेबाजी दल से काफी उम्मीदे होगी। इंडोनेशिया (जकार्ता और पालेमबांग) मे 2018 सत्र मे भारत ने दो स्वर्ण और चार रजत सहित नौ पदक हासिल किए थे और टीम इस संख्या को बेहतर करना चाहेगी। पिछले आयोजन मे इन खेलो मे शानदार प्रदर्शन करने वाले सौरभ चौधरी (10 मीटर एयर पिस्टल) और राही सरनोबत (25 मीटर पिस्टल) जैसे निशानेबाज इस बार भारतीय दल का हिस्सा नही है। राइफल मे संजीव राजपूत, अपूर्वी चंदेला और हीना सिद्धू जैसे दिग्गज टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे है। ।

### पदक संख्या बेहतर करके ओलंपिक स्थान हासिल करना चाहेंगे भारतीय मुक्केबाज

हांगझोउ। भारतीय मुक्केबाज पिछले एशियाई खेलो मे जीते गए दो पदको से सुधरा प्रदर्शन करने के इरादे से रविवार से यहां रिंग मे उतरेंगे और इस चरण मे तो ओलंपिक स्थान भी दाव पर लगा है तो वे बेहतर करने के लिए और भी ज्यादा उत्साहित होंगे। भारत ने दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन की अगुआई मे मजबूत दल भेजा है। पुरुष वर्ग में भी अनुभवी शिव थापा, दीपक भोरिया और निशांत देव तीनो ही विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता है जिससे वे पेरिस के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के साथ एशियाड पदक भी अपनी झोली में डालना चाहेगे। एशियाई खेलों मे सात पुरुष औ छह महिला वजन वर्ग है। भारत ने पिछले 2018 चरण में एक स्वर्ण और एक कांस्य से दो पदक जीते थे। महाद्वीप से मुक्केबाजों के लिए एशियाड पहला ओलंपिक क्वालीफाईंग टूर्नामेंट है जिसमे 13 वजन वर्गों में 34 कोटा स्थान दाव पर लगे होंगे। महिला वर्ग मे 50 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा और 60 किग्रा मे सेमीफाइनलिस्ट जबकि 66 किग्रा और 75 किग्रा के फाइनलिस्ट पेरिस के लिए क्वालीफाई करेंगे।

### ओलंपिक टिकट को लक्ष्य बनाकर अपने अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ एशियाई खेलो के पूल ए में रविवार को यहां उज्बेकिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है और एशियाई खेलों में वह सबसे अधिक रैंकिंग वाली टीम है। ऐसी स्थिति में हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम के लिए स्वर्ण पदक से कम का परिणाम निराशाजनक होगा। भारतीय टीम पिछले एशियाई खेलों में कांस्य पदक ही जीत पाई थी और उसकी भरपाई वह यहां करना चाहेगी। उसकी वर्तमान फॉर्म को देखते हुए उसे स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के पद संभालने के बाद भारतीय टीम ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पिछले महीने चेन्नई मे एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता जो एशियाई खेलो के लिए ड्रेस रिहर्सल की तरह था। इस प्रतियोगिता मे एशिया की चोटी की टीमों ने हिस्सा लिया था। इसलिए भारतीय टीम से काफी उम्मीद की जा रही है और नए मुख्य कोच फुल्टन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है। फुल्टन ने पीटीआई से कहा, मै भारत को एशिया की नंबर एक टीम बनाना चाहता हूं। हमें यह समझना होगा कि अभी हम किस स्थिति में हैं और हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर हम एशियाई खेलो के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना चाहेंगे और यही हमारा मुख्य लक्ष्य भी है।

### एशियाई खेलों में पदक जीतने का क्रम जारी रखने उतरेंगे भारतीय टेनिस खिलाड़ी

**हांगझोउ।** पिछले तीन एशियाई खेलो में भारत ने टेनिस स्पर्धा के पुरुष एकल में पदक जरूर जीता है तथा सुमित नागल भी इस बार इस रिकार्ड को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे जबकि पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टेनिस खिलाड़ियों ने गुआंगज़ौ, इंचियोन और जकार्ता में खेले गए पिछले तीन एशियाई खेलो मे पदक जीते थे। एशिया के बहुत कम खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हैं और ऐसे में भारत को सबसे बड़ी चुनौती चीन, कोरिया और जापान से मिलेगी। पांचवी वरीयता प्राप्त नागल को पहले दौर में बाई मिली है। उनकी असली परीक्षा क्वार्टर फाइनल मे होगी जहां उनका सामना चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त झिझेन झांग से हो सकता है। झांग की विश्व रैंकिंग 60 जबकि नागल की 159 है। पुरुष एकल मे भारत के एक अन्य खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन भी भाग ले रहे हैं। खराब फॉर्म मे चल रहे रामनाथन को भी पहले दौर मे बाई मिली है वह ताजिकिस्तान के सुनातुलो इसरोइलोव के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### पूरी तरह ठीक हूं: वुशु खिलाड़ी मेपुंग लामगू

**नई दिल्ली।** चीन के साथ राजनयिक मुद्दो के कारण एशियाई खेलो मे जगह बनाने मे असफल रही भारतीय वुशु खिलाड़ी मेपुंग लामगू ने शनिवार को कहा कि वह ठीक है। मेपुंग की इस घोषणा से अरुणाचल प्रदेश मे स्थित उसके परिवार के सदस्यो ने राहत की सांस ली है। एशियाई खेलो के लिए चीन का वीजा नही मिलने के बाद मेपुंग का परिवार उनसे संपर्क नही कर पा रहा था। मेपुंग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, मै ठीक हूं और फिलहाल साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) हॉस्टल मे हूं।

### भारतीय महिला अंडर-17 टीम ने ईरान को हराया

**बुरिनाम (थाईलैंड)।** सुलांजना राउल की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला टीम ने एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर्स में अपने अभियान का अंत शनिवार को यहां ईरान पर 3-0 की शानदार जीत से किया। भारतीय टीम को इससे पहले अपने दोनो मैचो में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। टीम को कोरिया ने 8-0 जबकि थाईलैंड ने 4-0 से हराया था। ईरान के खिलाफ भारतीय टीम ने मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम किया। टीम के पास पहले मिनट मे ही बढ़त लेने का मौका था लेकिन सुलांजना का प्रयास गोल पोस्ट से टकरा कर विफल हो गया।

### सोढी के छह विकेट से न्यूजीलैंड जीता

**मीरपुर (बांग्लादेश)।** ईश सोढ़ी के छह विकेट के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन मैचो की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय मे शनिवार को यहां बांग्लादेश को छह विकेट से शिकस्त दी। अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के दौरान सोढ़ी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे छह विकेट लेने वाले न्यूजीलैंड के पहले स्पिनर बन गए। उन्होंने इससे पहले बल्ले से भी 35 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया था। श्रृंखला का पहला मैच बारिश की भेंट चढ गया था और न्यूजीलैंड ने 2008 के बाद बांग्लादेश पर पहली जीत के साथ 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

### टीम वर्ल्ड ने लावेर कप में पहले चारों मैच जीतकर दबदबा बनाया

**वैंकूवर।** फेलिक्स ऑगर-एलियासेम, बेन शेल्टन और फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के एकल मुकाबलों के बाद फ्रांसिस टियाफो तथा टॉमी पॉल के युगल मैच मे जीत से टीम वर्ल्ड ने लावेर कप अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता मे टीम यूरोप पर 4-0 से बढ़त बना ली। फेलिक्स ऑगर-एलियासेम ने गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-3 से हराकर टीम वर्ल्ड को दिन की तीसरी सफलता दिलाई और इसके बाद टियाफो और पॉल की जोड़ी ने युगल मुकाबलों मे आंद्रे रुबलेव और आर्थर फिल्स की जोड़ी को 6-3, 4-6, 10-6 से हराकर स्पर्धा के पहले दिन टीम वर्ल्ड का दबदबा कायम किया।

### भारतीय टीम अमेरिका रवाना

**नई दिल्ली।** भारत की 16 सदस्यीय बैडमिंटन टीम 25 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व जूनियर चैंपियनशिप मे भाग लेने के लिए शनिवार को स्पोकेन (वाशिंगटन, अमेरिका) के लिए रवाना हो गई। टीम ने रवानगी से पहले एक से 20 सितंबर तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र मे भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित एक प्रशिक्षण शिविर मे भाग लिया था।

# भारत की पुरुष-महिला टेट टीम प्री क्वार्टर फाइनल में



भाषा। हांगझोउ

**भारत** की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने शनिवार को यहां ग्रुप एफ के अपने मैचों में क्रमशः ताजिकिस्तान और नेपाल को आसानी से 3-0 से हराकर एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला टीम ने अपने दोनों मैच जीते जिससे वह ग्रुप में शीर्ष पर रही। पुरुष टीम ने भी अपने तीनों मैच जीते। शुक्रवार को सिंगापुर को हराने वाली भारतीय महिला टीम ने नेपाल के खिलाफ शानदार शुरुआत की। दीया चितले ने सिक्का श्रेष्ठा को 11-।, 11-6, 11-8 से, अयहिका मुखर्जी ने नबीता श्रेष्ठा को 11-3, 11-7, 11-2 से और सुतीर्था मुखर्जी ने इवाना थापा को 11-।, 11-5, 11-2 से हराकर भारत को आसान जीत दिलाई। मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला को इस मुकाबले में विश्राम दिया गया था। इससे पहले यमन और सिंगापुर को हराने वाली भारतीय पुरुष टीम ने अनुभवी जी साथियान और शरथ कमल के नहीं खेलने के बावजूद ताजिकिस्तान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। मानव ठाकर ने अफ़ज़लखोन महमूदोव को 11-8, 11-5, 11-8 से, मानुष शाह ने उबैदुल्लो सुलतोनोव को 13-11, 11-7, 11-5 से और हरमीत देसाई ने इब्रोखिम इस्मोइलज़ोदा पर 11-।, 11-3, 11-5 से पराजित किया।

## सरवनन दूसरे स्थान पर खिसके, नेहा तालिका में तीसरे स्थान पर

### एशियाई खेल डिंगी स्पर्धा

**हांगझोउ।** पूर्व ओलंपियन विष्णु सरवनन शनिवार को यहां एशियाई खेलों की पुरुष डिंगी स्पर्धा मे दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि नेहा ठाकुर महिलाओ की व्यक्तिगत डिंगी स्पर्धा में तीसरी रैंकिंग पर रही। शुक्रवार को सरवनन 13 सदस्यो की स्पर्धा मे पहले स्थान पर चल रहे थे। वह सातवी रेस में पांचवी रैंकिंग पर थे जिससे वह दूसरे स्थान पर खिसक गए। ओलंपिक क्वलीफाइंग स्पर्धा में अभी पांच और रेस होगी। ओलंपिक कोटा तीन और स्पर्धाओ सेलिंग पुरुष काइट, आईक्यू फॉयल और लेजर रेडियल मे मिलेगा। नेत्रा कुमानन ने महिला सिंगल डिंगी-आईएलसीए6 की सातवी रेस मे तीसरे स्थान पर रही जिससे दिन का समापन उन्होंने पांचवे स्थान पर किया। जेरोम सावरिमुथु पुरुषो की विडसर्फिंग-आईक्यूफॉयल स्पर्धा में सातवे स्थान पर रहे। पुरुषो की काइट स्पर्धा मे चित्रेश तथा तालिका मे सातवे स्थान पर थे। केएसी गणपति और वरुण ठक्कर ने पुरुषो की स्किफ-49अर पेयर की सातवी रेस जीत ली जिससे दिन का समापन उन्होने चौथे स्थान पर किया। अद्वेत मेनन पुरुषो की डिंगी-आईएलसीए4 स्पर्धा मे सातवे स्थान पर रहे। शीतल वर्मा और हर्षिता तोमर की महिलाओ की स्किफ-49अर पेयर जोड़ी चौथे स्थान पर थी ओर उनके वर्ग मे चार और रेस बची है। मिश्रित डिंगी-470 पेयर स्पर्धा मे प्रीति कोंगरा और सुधांशु शेखर पांचवे स्थान पर रहे। मिश्रित मल्टीहल-एनएआरसीए17 पेयर मे इंदर डोफाडे और रम्या सरवनन तीसरे स्थान पर रहे। अबाद अली पुरुषो की विडसर्फर:आरएस:एक्स स्पर्धा की दो रेस मे लगातार चौथे स्थान पर रहे जिससे वह चौथे स्थान पर चल रहे है जबकि इसमें अभी चार और रेस बची है। महिलाओ की विडसर्फर:आरएस:एक्स स्पर्धा में ईश्वर्य गणेशन ने दिन का समापन चौथे स्थान पर किया।

### भारतीय ई-स्पोर्ट्स टीम को शीर्ष वरीयता, क्वार्टरफाइनल से शुरु करेगी अभियान

**हांगझोउ।** भारत को लीग ऑफ लीजेड्स ई-स्पोर्ट्स स्पर्धा में सीधे क्वार्टरफाइनल में जगह मिली है जबकि एशियाई खेलो के दो अन्य वर्गो मे वे अपना अभियान राउंड 32 से करेंगे। भारत ई-स्पोर्ट्स की सात मे से चार स्पर्धाओ मे हिस्सा लेगा। यह खेल आधिकारिक पदक खेल के तौर पर पदार्पण कर रहा है। मध्य और दक्षिण एशिया वरीयता स्पर्धा मे दबदबे और शीर्ष वरीतया मिलने के बाद भारतीय टीम को लीग ऑफ लीजेड्स स्पर्धा मे सीधे क्वार्टरफाइनल मे प्रवेश मिला है। लीग ऑफ लीजेड्स टीम का प्रतिनिधित्व कप्तान अक्षज शेनॉय, समर्थ अरविंद त्रिवेदी, मिहिर रंजन, सानिंध्य मलिक, आकाश शांडिल्य और आदित्य सेल्वराज करेंगे। एफसी ऑनलाइन-4 में चरनजोत सिंह को शीर्ष वरीयता मिली है जबकि उनके साथ करमन सिंह पांचवे वरीय है। दोनो खिलाड़ी अंतिम 32 चरण से अपना अभियान शुरू करेंगे। स्ट्रीट फाइटर वी मे मयंक प्रजापति और अयान बिस्वास को क्रमशः पांचवी और छठी वरीयता मिली है जिससे उनक अभियान अंतिम 32 से शुरू होगा। डोटा 2 टीम की अगुआई दर्शन बाटा कर रहे है जिसमे कृष गुप्ता, अभिषेक यादव, केतन गोयल और शुभमन गोली को ग्रुप ए मे किर्गिस्तान और फिलीपीस के साथ रखा गया है।

### स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में सपनों को पूरा करने उतरेंगे झुग्गियों के बच्चे

**नई दिल्ली।** दिल्ली की भीड़भाड़ वाली सड़को और इसकी बदहाल झुग्गियो मे युवाओ का एक समूह आगामी स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप मे भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार है। सानिया, श्रवण, जन्नत, संध्या, फरजाना और करण ऐसे खिलाड़ी है जो गरीबी, बदहाली और किस्मत को चुनौती देकर स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप मे अपनी यात्रा शुरू करने को तैयार है। स्ट्रीट चाइल्ड यूनाइटेड द्वारा आयोजित आगामी स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप का आयोजन चेन्नई मे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 से ठीक पहले 23 से 30 सितंबर तक होगा।

## वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा भारत

### तीनों प्रारूप में बना नंबर एक

भाषा। दुबई

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में जीत दर्ज करने से भारत वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया है और इस तरह से वह तीनों प्रारूप में दुनिया की नंबर एक टीम बन गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को पांच विकेट की जीत से भारत के 116 रेटिंग अंक हो गए हैं और उसने अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान (115 अंक) को शीर्ष से हटा दिया है। भारत टेस्ट और टी20 रैंकिंग में पहले ही शीर्ष पर काबिज था और इस तरह से अब वह तीनों प्रारूप में चोटी पर पहुंच गया है। पुरुष क्रिकेट के इतिहास में यह केवल दूसरा अवसर है जबकि कोई टीम तीनों प्रारूप में नंबर एक पर काबिज है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने अगस्त 2012 में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत से हार के कारण ऑस्ट्रेलिया को दो अंक का नुकसान हुआ लेकिन वह 111 रेटिंग अंकों के साथ अब भी तीसरे स्थान पर बना हुआ है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा एकदिवसीय मैच रविवार को खेला जाएगा।

## पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को भारतीय वीजा का इंतजार

**इंदौर।** विश्व कप में भाग लेने वाली पाकिस्तान की क्रिकेट टीम और उसके अधिकारियों को अब भी भारत के वीजा का इंतजार है। पाकिस्तान की टीम को 27 सितंबर को दुबई के रास्ते हैदराबाद (भारत) पहुंचना है। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को इसके दो दिन बाद 29 सितंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अभ्यास मैच खेलना है। पाकिस्तान की टीम को भारत पहुंचने से पहले दो दिन दुबई में बिताने थे लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों ने पीटीआई से कहा कि दुबई का यह दौरा रद्द कर दिया गया है क्योंकि खिलाड़ी इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। सूत्रों ने इसके साथ ही पुष्टि की की पीसीबी ने यहां मसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने उठाया है। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम ने आखिरी बार 2016 में टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था। भारत और पाकिस्तान की टीम इन दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण एशिया कप और आईसीसी के टूर्नामेंट में ही एक दूसरे के खिलाफ खेलती हैं। सूत्रों ने कहा, पीसीबी ने कल अपने अधिकारियों को पासपोर्ट एकत्रित करने के लिए इस्लामाबाद भेजा था लेकिन वीजा अभी प्रक्रिया में है। इसके कारण हमें टीम की दुबई यात्रा मजबूर होकर रद्द करनी पड़ी। अगर वीजा सही समय पर मिल जाते हैं तो टीम 27 सितंबर को दुबई के रास्ते हैदराबाद पहुंचेगी।

### बैडमिंटन एसोसिएशन संघ की वार्षिक सामान्य बैठक संपन्न

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बैंडमिंटन एसोसिएशन संघ की वार्षिक सामान्य बैठक बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी, विपिनखण्ड, गोमती नगर लखनऊ के सभागार में सम्पन्न हुई। उत्तर प्रदेश बैंडमिंटन एसोसिएशन की वार्षिक सामान्य बैठक की अध्यक्षता में विराज सागर दास, चेयरमैन, उत्तर प्रदेश बैंडमिंटन एसोसिएशन, ने की। डॉ. नवनीत सहगल, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बैंडमिंटन एसोसिएशनए ने वर्चुअली मीटिंग में प्रतिभाग किया तथा संचालन, डॉ. सुधर्मा सिंह, अवैतनिक सचिव, उत्तर प्रदेश बैंडमिंटन एसोसिएशन, ने किया। उक्त सामान्य बैठक में कार्यकारी समित्ति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा प्रत्येक जिला संघ के दो पदाधिकारियों ने भी मीटिंग में प्रतिभाग किया।

# अश्विन व अय्यर पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव

## भारत व ऑस्ट्रेलिया का दूसरा वनडे आज



भाषा। इंदौर

**मोहाली में** सपाट विकेट पर रन बनाने से चूकने वाले श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुछ रन अपने नाम पर जोड़ने का प्रयास करेंगे जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बीच के ओवरों में विकेट हासिल करने के लिए बेताब होंगे। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेल रही भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में आसानी से जीत दर्ज की और वह बड़े स्कोर के लिए मशहूर होलकर स्टेडियम में श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। बारिश के कारण शहर के तापमान में गिरावट आई है और मोहाली में उमस भरी गर्मी का सामना करने वाले खिलाड़ियों को यहां आकर काफी राहत मिली है। पहले वनडे में विशेष कर मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भारत के लिए सकारात्मक पहलू रहा है लेकिन पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले कुछ सवाल अब भी जवाब की तलाश में हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले भारत के नंबर चार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर विभिन्न कारणों से क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाए हैं। एशिया कप में पीठ की जकड़न के कारण वह कुछ मैच में नहीं खेल पाए थे जबकि शुक्रवार को पहले वनडे में वह केवल आठ गेंद खेलने के बाद रन आउट हो गए थे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगले दोनों वनडे में रन बनाने की कोशिश करेगा जिससे कि विश्व कप से पहले उनका मनोबल बढ़ा रहे। दूसरी तरफ अश्विन ने अपनी वापसी पर किफायती गेंदबाजी की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर पाए। सपाट विकेट पर वह टर्न हासिल नहीं कर पाए और उनकी सीधी गेंदों को बल्लेबाजों ने आसानी से खेला। अक्षर पटेल के सही समय तक फिट नहीं होने पर यह स्टार स्पिनर अब भी भारत की विश्व कप टीम में जगह बना सकता है लेकिन टीम प्रबंधन उनसे और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा। यह भी देखना होगा कि टीम में शामिल एक अन्य ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर को मौका मिलता है या नहीं। यदि उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिलती है तो फिर अश्विन को बाहर बैठना पड़ सकता है। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने पहले वनडे में 10 ओवर में 78 रन लुटाए थे। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जो टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है। बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव ने लगातार असफल होने के बाद एक अच्छी पारी खेली है जिससे कि इस बल्लेबाज और टीम प्रबंधन दोनों को राहत मिली होगी। भारत की तरह ऑस्ट्रेलिया के भी कुछ मुख्य खिलाड़ी पहले वनडे में नहीं खेल पाए। इनमें मिशेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और जोश हेज़लवुड शामिल हैं।

### अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने पर हताश नहीं होना चाहिए: शमी



**मोहाली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि किसी भी खिलाड़ी को अंतिम एकादश मे जगह नही मिलने पर हताश नही होना चाहिए और उन खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए जिनको टीम मे जगह मिली है। शमी से जब पूछा गया कि उन्हे वनडे क्रिकेट मे कम मौके मिल रहे है तो उन्होने कहा, जब मै नियमित तौर पर क्यो खेल रहा था, तब किसी ने किसी को बाहर बैठना पड़ा होगा और उसके लिए मै दोषी नही था। इसलिए यदि आपको टीम मे जगह नही मिलती तो हताश नही होना चाहिए क्योंकि टीम जीत रही है। भारतीय टीम प्रबंधन ने संकेत दिए है कि आगामी विश्व कप के दौरान जब वह अपनी सबसे मजबूत टीम के साथ खेलेगा तो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज उसके दो प्रमुख तेज गेंदबाज होंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे 51 रन देकर पांच विकेट लेने वाले शमी ने हालांकि कहा कि जब आप बहुत अधिक मैच खेल रहे होते है तो फिर रोटेशन बुरी चीज नही होती। शमी ने भारत की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, यह टीम की रणनीति है और इस पर कायम रहना महत्वपूर्ण है। आप हमेशा अंतिम एकादश मे जगह नही बना सकते है तथा काफी कुछ टीम के संयोजन पर निर्भर करता है। अगर आप अच्छा खेल रहे है और अगर आपको अंतिम एकादश मे जगह नही मिलती है तो आपको उन खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए जो खेल रहे हैं। मेरा मानना है कि हताश होने का कोई मतलब नही है तथा टीम मुझे जो भी भूमिका सौपती है मै उसको निभाने के लिए तैयार रहता हूं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।